आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 01:24 तक उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 जून 2025
वर्ष 3, अंक 306, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार



अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरता फाल्कन 9 रॉकेट

**शुभांशु शुक्ला सहित चार अंतरिक्ष यात्री आईएसएस के लिए रवाना, 41 साल बाद भारत की वापसी**

# अंतरिक्ष में लहराएगा तिरंगा



अंतरिक्ष के लिए रवाना होने से पहले हाथ हिलाकर उत्साह जताते शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित वाणिज्यिक मिशन के तहत बुधवार को तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा के लिए रवाना होकर इतिहास रच दिया। रूसी अंतरिक्ष यान के जरिए भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा के 41 साल बाद किसी भारतीय की यह यात्रा हो रही है।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लेकर फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से आईएसएस के लिए उड़ान भरी। शुक्ला के माता-पिता लखनऊ स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में इस ऐतिहासिक उड़ान के गवाह बने। इसी स्कूल से शुक्ला ने पढ़ाई की है। प्रक्षेपण के 10 मिनट बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने धरती का चक्कर काटना शुरू कर दिया, जिसके बाद शुक्ला ने अपने संदेश में कहा कि 41 साल बाद भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा में वापसी। ड्रैगन अंतरिक्षयान के धरती से ऊपर 200 किलोमीटर की ऊंचाई पर कक्षा में प्रवेश करने के तुरंत बाद शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (यात्रा) थी। करीब 28 घंटे की यात्रा के बाद यान के गुरुवार शाम साढ़े चार बजे आईएसएस पहुंचने की उम्मीद है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री पूर्व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं, जो भारत, पोलैंड और हंगरी के लिए मानव अंतरिक्ष यान की ओर वापसी को साकार करेगा। कक्षा में पहुंचने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए कैप्सूल का नाम 'ग्रेस' बताया। अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 14 दिन बिताएंगे और अपने मिशन के दौरान 60 प्रयोग करेंगे।



स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होते शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री।

### यह भारत के लिए गौरव का क्षण : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जन्मे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में उड़ान भरने के लिए हार्दिक बधाई दी है। इसे भारत के लिए गौरव का क्षण बताते हुए भारत की वैज्ञानिक क्षमता की उपलब्धि कहा।

### शुभांशु के साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया और कहा कि इस मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुए अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। वह अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को शुभकामनाएं।

### अंतरिक्ष से शुभांशु बोले क्या कमाल की राइड थी

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान फ्लोरिडा में नासा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण के 10 मिनट के भीतर पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर गया और इसमें रवाना हुए भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (सफर) थी! अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने शुक्ला ने 41 वर्षों के अंतराल के बाद भारत की अंतरिक्ष में वापसी की घोषणा हिन्दी में की तथा सभी से उनकी यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया। शुक्ला (39) ने पृथ्वी की कक्षा से अपनी पहली टिप्पणी में कहा कि मेरे कंधों पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं और मैं आप सभी के साथ हूं। उन्होंने कहा, नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियों। क्या सफर था! हम 41 साल के अंतराल के बाद अंतरिक्ष में लौटे हैं और क्या कमाल की राइड थी!

अंतरिक्ष की उड़ान ...पेज-07

# संविधान की भावना का उल्लंघन भूलने वाला नहीं

**आपातकाल के 50 साल**

## इमरजेंसी देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कोई भी भारतीय यह कभी नहीं भूलेगा कि आपातकाल के दौरान संविधान की भावना का कैसे उल्लंघन किया गया। उन्होंने संवैधानिक सिद्धांतों को मजबूत करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट कर मोदी ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्याय में से एक है। कहा कि आपातकाल में संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को दबा दिया गया और बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। मोदी सरकार ने पिछले साल घोषणा की थी कि आपातकाल की बरसी को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक प्रमुख उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था। मोदी ने कहा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने और विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराते हैं।



हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूएं और गरीबों तथा दलितों के सपनों को पूरा करें। आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग पूरे भारत से, हर क्षेत्र से, हर विचारधारा से थे, जिन्होंने देश के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करने के लिए मिलकर कार्य किया।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल का संकल्प, पीड़ितों का करेंगे सम्मान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों के बलिदान का स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया। मंत्रिमंडल ने आपातकाल का विरोध करने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ क्षणों का मौन रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा, जिनके संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकार छीने गए और जिन्हें अकल्पनीय यातनाओं का सामना करना पड़ा। प्रस्ताव में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया, जिन्होंने आपातकाल और भारतीय संविधान की भावना को कुचलने के प्रयासों का साहसपूर्वक विरोध किया। यह दमनचक्र 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के प्रयासों से शुरू हुआ था।

## लोकतंत्र सेनानियों एवं परिजनों का अब होगा कैशलेस उपचार



लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **योगी बोले-आपातकाल के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए**

**अमृत विचार :** आपातकाल की 50वीं बरसी पर बुधवार को लोकभवन में आयोजित भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय विषयक संगोष्ठी की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके धर्म निरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आपातकाल के लिए दलितों, वंचितों एवं पूरे देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। बाबा साहब अंबेडकर ने अपनी लेखनी के माध्यम से जिन दलितों एवं वंचितों को अधिकार दिलाया था, कांग्रेस ने उनकी आवाज को दबाने का कार्य किया। योगी ने इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को कैशलेस उपचार की सुविधा की घोषणा की। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

## नीट एमडीएस की काउंसिलिंग 01 जुलाई से

**लखनऊ।** यूपी नीट एमडीएस-2025 की प्रथम चरण की काउंसिलिंग के लिए एक जुलाई से पंजीकरण शुरू हो जाएगा। चार जुलाई तक अभ्यर्थियों को धरोहर राशि जमा करनी होगी, आठ को सीट आवंटन के बाद 14 जुलाई तक दाखिले की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा काउंसिलिंग की समय सारिणी बुधवार को घोषित कर दी गई है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि नीट एमडीएस-2025 की पहली काउंसिलिंग एक जुलाई से शुरू हो रही है। धरोहर राशि जमा करने वाले अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की जांच होगी और चार जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी।

तत्पश्चात अभ्यर्थियों को कॉलेज की प्राथमिकता ऑनलाइन देनी होगी। आठ जुलाई को सीट आवंटन के परिणाम घोषित होंगे, अगले दिन से संबन्धित मेडिकल कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सरकारी डेंटल कॉलेजों के लिए 30 हजार और निजी डेंटल कॉलेजों के लिए एक लाख रुपये धरोहर राशि जमा करनी होगी।

# सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से साल में दो बार होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **फरवरी में होने वाला पहला चरण अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक**
- **दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून माह में घोषित होंगे**

सीबीएसई के 10वीं कक्षा के छात्र 2026 से एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे, हालांकि फरवरी में होने वाले पहले चरण की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि मई में होने वाला दूसरा चरण उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगा जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं कक्षा के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जिसकी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसा की गई है।

सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे।

छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा। छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का मौका मिल सकेगा।

तय मानदंडों के अनुसार, शीतकाल में बंद रहने वाले स्कूलों के दसवीं कक्षा के छात्रों को किसी भी चरण में उपस्थित होने का विकल्प मिलेगा। इसके अनुसार, शैक्षणिक सत्र के दौरान आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा।

सीबीएसई ने फरवरी में मसौदा मानदंडों की घोषणा की थी और हितधारकों की प्रतिक्रिया मांगी गई थी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिश के मुताबिक, बोर्ड परीक्षाओं की उच्च अपेक्षा वाले पहलू को खत्म करने के लिए सभी छात्रों को किसी भी शैक्षणिक वर्ष के दौरान दो मौकों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।

# आकाली नेता बिक्रम मजीठिया गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- **मादक पदार्थ से जुड़े मामले में सतर्कता ब्यूरो ने की कार्रवाई**
- **गिरफ्तारी से पूर्व उनके आवास सहित 25 जगहों पर मारे छापे**

पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने मादक पदार्थों से जुड़े एक मामले में बुधवार को राज्य में 25 स्थानों पर छापेमारी के बाद वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया। जिन स्थान पर छापे मारे गए उनमें मजीठिया का अमृतसर स्थित आवास भी शामिल है।

मजीठिया की पत्नी और अकाली दल की विधायक गनीव कौर मजीठिया ने दावा किया कि बिक्रम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, ब्यूरो ने अभी तक उस मामले के विवरण की पुष्टि नहीं की है। ब्यूरो ने पुलिस के साथ मिलकर पंजाब में 25 स्थानों पर छापे मारे, जिनमें अमृतसर



और चंडीगढ़ में मजीठिया के आवास समेत नौ स्थान शामिल हैं। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल उनके बहनोई हैं। मजीठिया 2021 के एक मादक पदार्थ मामले में भी जांच का सामना कर रहे हैं। मजीठिया और उनकी पत्नी ने दावा किया कि सतर्कता ब्यूरो के सदस्य अमृतसर के ग्रीन एवेन्यू स्थित घर में जबरन घुस आए।

**विडंबना** लोग आगे आए, संस्थाएं आईं, अभियान चले... फिर भी नहीं हो सका नदी का कायाकल्प

# आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही गोमती की धारा

श्रीकांत सिंह, पसगवां (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** देश में नदियों को बचाने, उनकी अविरलता को कायम रखने के लिए समय-समय पर तमाम अभियान चलाए जाते रहे हैं, लेकिन इन सबके बीच आदि गंगा के नाम से प्रसिद्ध पौराणिक नदी गोमती लखीमपुर में आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही है। गोमती की अविरल जलधारा के लिए भी लोग आगे आए, अभियान चले, लेकिन इस नदी का कायाकल्प नहीं हो सका।



मोहम्मदी क्षेत्र में इस तरह नजर आती है गोमती नदी।

जिले में बरवर (मोहम्मदी क्षेत्र) से गुजरती नदी में घटता जलस्तर, व्याप्त गंदगी, जनता, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अनदेखी भारी पड़ रही है। गोमती अपने गरिमामयी इतिहास पर आंसू बहा रही है। राज्य चिह्न में सुशोभित मछली भी गोमती नदी का स्वरूप है। पीलीभीत के माधोटांडा से उद्गमित गोमती का लगभग 40 किमी सफर लखीमपुर जिले में है। मोहम्मदी से थोड़ा पहले शुरू होकर बरवर, जहानीखेड़ा, रहजनियां होते हुए मैगलगंज से छह किमी दूर प्रसिद्ध मढ़िया घाट से एक किमी सीतापुर जिले में प्रवेश करती है। अत्यधिक जलदोहन, अतिक्रमण व खनन से सिकुड़ रहा भौगोलिक क्षेत्र गोमती के अस्तित्व व जलस्रोत के लिए संकट बन गया है। बरवर, अमरी घाट, सेमरा, जतनगंज और रहजनियां में इसमें बहुत गंदगी है, जिसके कारण इसकी धारा अवरुद्ध हो जाती है।

नदी क्षेत्र में अजबापुर चीनी मिल है। इस नदी में दो प्रमुख नाले आकर मिलते हैं, जिनमें एक छोहा है और दूसरा अंधरा छोहा है। छोहा अजबापुर चीनी मिल के किनारे से आकर सोहौना गांव होते हुए गोमती नदी में मिलता है। अंधरा छोहा मोहम्मदी के पास से निकलकर मकसूदपुर और बरवर के बीच निकलकर गोमती में मिलता है।

### प्रयास हुए पर अपेक्षित परिणाम नहीं

सुशील सीतापुरी मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान चला रहे हैं। वॉटर वुमन शिप्रा पाठक गोमती के किनारे यात्रा करते हुए नागरिकों से रूबरू हुईं। अंतर्राष्ट्रीय वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर सतपाल सिंह ने मोहम्मदी में गोमती सेवा समाज की स्थापना की। पैदल यात्राएं कीं और अभी हाल ही में उन्होंने गोमती उद्गम से गोमती के गंगा में मिलने तक एक यात्रा की। गोमती मित्र और पर्यावरण प्रेमी हरेंद्र वर्मा ने भी गोमती यात्राएं कीं। ये दोनों गोमती के किनारे जैव विविधता का भी अध्ययन करते हैं और अनवरत प्रयास करते हैं, लेकिन प्रशासनिक और जन सहयोग न मिलने से तमाम प्रयासों का परिणाम अपेक्षित नहीं मिला। वर्ष 2018 में आए बालीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने गोमती के उद्धार के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं की थीं, लेकिन लौटकर नहीं आए।

### विधायक ने उठाया था गोमती बचाओ का मुद्दा



मोहम्मदी से भाजपा विधायक और पंचायती राज विभाग के सभापति लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने गोमती नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए मई 2022 में विधानसभा सत्र में अपना पक्ष रखा था। उन्होंने कहा था कि गोमती उद्गम स्थल और शारदा नदी में बहुत लंबी दूरी नहीं है। ऐसी स्थिति में शारदा का अतिरिक्त पानी गोमती में छोड़े जाने पर गोमती को जीवनदान मिल जाएगा। नहर निर्माण से शारदा को बाढ़ से राहत, गोमती को निर्मलता और अविरलता के साथ ही मनरेगा मजदूरों को रोजगार भी मिलेगा।

# बुरे दिन भूल जाएंगे तो वे फिर लौट आएंगे

## आपातकाल दिवस पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा, बीएनएसडी में प्रदर्शनी देखी



आपातकाल दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी देखते भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** आपातकाल दिवस पर शहर आए भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि जो भी कौम अपने इतिहास को भूल जाती है, उसे फिर से उसी से गुजरना पड़ता है। महान लोगों ने कहा है कि इतिहास के काले अध्याय को जरूर याद रखना चाहिए। इसका उदाहरण इजराइल ने खड़ा किया है। उनका होलोकास्ट म्यूजियम 60 लाख यहूदियों की मौत की याद में बनाया गया। उस म्यूजियम में दुख के सिवा कुछ नहीं है। वहां पूछा कि यह क्यों बनाया गया तो बताया गया कि हमारी नई पीढ़ी इस दिन को भूले न इसलिए यह बनाया गया। उनका कहना है कि हम बुरे दिन भूल जाएंगे तो वे दिन फिर लौट आएंगे। इसलिए हमें आपातकाल के बुरे पन्नों को अपनी नई पीढ़ी को बताना पड़ेगा, ताकि वह दोबारा इसमें न फंसे।

बेनाझाबर स्थित बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में आपातकाल पर लगाई गई प्रदर्शनी का राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने उद्घाटन किया इसके साथ ही संगोष्ठी में भी शामिल हुए। उन्होंने यहां प्रेसवार्ता कर कहा कि हम आपातकाल के काले अध्याय का 50वें वर्ष में हैं। उन्होंने कहा कि उस समय प्रेस की स्वतंत्रता को छीन लिया गया। अखबारों के दफ्तरों की बिजली काट दी गई।

पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि आज मीडिया पर कोई रोक नहीं है। ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि पहले कुछ लोग कहते थे कि इंडिया इज इंदिरा और इंदिरा इज इंडिया, आज भी कुछ परिवार अपने आपको देश समझते हैं। उनके खिलाफ आज भी कुछ होता है तो वह यहां तक कहने लगते हैं कि इंडिया स्टेट लड़ रही है। प्रेस वार्ता में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, महापौर प्रमिला पांडेय, सांसद देवेंद्र सिंह भोले आदि नेता रहे।



कलेक्ट्रेट में लगाई गई प्रदर्शनी देखते सांसद रमेश अवस्थी।

## प्रदर्शनी में दिखाया आपातकाल का काला अध्याय और दमन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **संविधान और नागरिक अधिकारों पर आघात हुआ था**

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर में आपातकाल पर आधारित विशेष प्रदर्शनी आपातकाल एक काला अध्याय लगाई गई। इसमें ये दर्शाया गया कि 25 जून 1975 देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐसा दिन था जब संविधान और नागरिक अधिकारों पर आघात हुआ था। ये बात सांसद रमेश अवस्थी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कही।

प्रदर्शनी में आपातकाल की घोषणा की परिस्थितियां, मौलिक अधिकारों का निलंबन, प्रेस सेंसरशिप, विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी, नसबंदी अभियान, अर्थव्यवस्था और जीडीपी पर प्रभाव, न्यायपालिका व मीडिया पर नियंत्रण, लोकतंत्र की पुनः स्थापना और जनता का संघर्ष आदि विषयों पर चित्र, दस्तावेज एवं जानकारी प्रदर्शित की गई। सांसद ने युवाओं से आह्वान किया कि वे इतिहास से सीख लें और अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, एडीएम सिटी राजेश कुमार सहित विभिन्न अधिकारी एवं नागरिक मौजूद थे।

## प्रतिष्ठान की रेकी के विरोध में दी धमकी

**कानपुर।** स्वरूपनगर स्थित वाटर प्योरीफाई सर्विस सेंटर की रेकी करने का कर्मचारी ने विरोध किया तो वीडियो बना रहा आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। शास्त्रीनगर निवासी प्रतिष्ठान मालिक शैलेंद्र चौहान ने स्वरूपनगर थाने में में अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि सर्विस सेंटर 19 जून को दोपहर करीब एक बजे एक युवक जो सफेद स्कूटी से आया था। मुंह पर लाल कपड़ा बांधे था। पीले रंग की टोपी लगाकर कैमरे से प्रतिष्ठान का वीडियो बना रहा था। यह देख कर्मचारी आर्यन ने टोका तो उसने गाली-गालौज कर जान से मारने की धमकी दी। शैलेंद्र के अनुसार प्रतिष्ठान की रेकी की गई है। अनहोनी से बचने के लिए उन्होंने कार्रवाई की मांग की।

दूसरी ओर कोर्ट में विचाराधीन मामले में गवाही देने गए बादशाहीनाका के कुली बाजार नवीन पार्क निवासी शिवम सोनकर से आरोपी ने गाली-गलौज कर जान की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवम के अनुसार वह आकाश आनंद गुप्ता के मुकदमे में गवाह हैं। 30 मई को कोर्ट की कार्यवाही के बाद वह आकाश आनंद व पीयूष गुप्ता के साथ कोर्ट परिसर में था, तभी आरोपी जीनेश प्रफुल्ल शाह आए और जाति सूचक गाली देते हुए धमकी दी। वह मारपीट पर उतारू हो गए।

## सार-संक्षेप



जानकारी देते अजित अग्रवाल, नीरज, डा. श्याम बाबू गुप्त। अमृत विचार

### 105 वर्ष पुराने ठाकुर राधा किशन मंदिर में दर्शन शुरू

**कानपुर।** सीसामऊ स्थित 105 वर्ष पुराने ठाकुर राधा किशन जी महाराज बिराजमान मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा हो गया है। यहां दर्शन शुरू हो गए हैं। यह जानकारी बुधवार को मंदिर के सर्वराकार नीरज प्रकाश दीक्षित, ट्रस्टी डॉ. श्याम बाबू गुप्त और अजित अग्रवाल ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 27 जून को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त स्वजन मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके साथ परिसर में संस्कृत भारती के कानपुर प्रान्त के कार्यालय का उद्घाटन करेगें। इस मंदिर प्रांगण में पूर्व में भी संस्कृत पाठशाला संचालित थी। मंदिर में ऋषभ कुमार लोहिया होम्योपैथिक क्लीनिक है। जहां लोगों का निशुल्क इलाज किया जाता है। मंदिर का निर्माण स्व. बृजभूषण अवस्थी और उनकी पत्नी सरस्वती देवी अवस्थी ने 1920 में कराया था।



उपायुक्त उद्योग को ज्ञापन देते उद्यमी। अमृत विचार

### इस्पात नगर में मांगी गईं मूलभूत सुविधाएं

**कानपुर।** इस्पात नगर व्यापार नगर के जल्द विकास के लिए फीटा की ओर से बुधवार को उपायुक्त उद्योग को ज्ञापन दिया गया। फीटा के सदस्यों ने औद्योगिक क्षेत्र में विकास के जल्द प्रस्ताव बनाए जाने की भी मांग की। फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने उपायुक्त उद्योग से कहा कि इस्पात नगर क्षेत्र 1985 को बसाया गया। इसके बाद यह क्षेत्र लगातार सुविधाओं के लिए पिछड़ता गया। औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 23,00 प्लाट है। जिनमें लगभग 400 औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं। 600 औद्योगिक इकाइयां अगले कुछ समय में पूर्ण रूप से स्थापित होकर क्रियाशील होना संभावित है। कहा गया कि उद्योग बंधु की बैठक में भी यह प्रकरण उठाया गया। जिसके बाद क्षेत्र में नगर निगम सहित अन्य अधिकारियों का दौरा तक हो चुका है। 20 जून को हुई जिला उद्योग बंधु में जिलाधिकारी ने प्रस्ताव बनाने को कहा था।

### बाबा भैरवनाथ का शृंगार तथा भव्य भंडारे का आयोजन



बालाजी सेवा समिति ने भंडारा किया। अमृत विचार

**कानपुर।** बालाजी सेवा समिति के बैनर तले भैरव घाट स्थित बाबा भैरवनाथ जी का भव्य श्रृंगार किया गाय। भंडारा में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। राघव जी महाराज ने भैरव नाथ की महिमा बताई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाचार पत्र विक्रेता संघ के वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र यादव, कलेक्टर गंज हनुमान मंदिर के महंत सोमदत्त अग्निहोत्री, शुचि गुप्ता, सुहास गुप्ता, रजत, पूनम यादव, वन्दना, रेनू मिश्रा, संजू गुप्ता, सुनील कुमार, सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे।



नानाराव पार्क तिराहा पर लगेगी नानाराव पेशवा की प्रतिमा। अमृत विचार

## बिना नंबर के ट्रक-डंपर बेशुमार, पकड़ने की खानापूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **मौरंग-गिट्टी के डंपर वालों का जासूस करता आरटीओ की रेकी**
- **एमएलसी ने उठाई थी आवाज तो तीन दिन खूब चलाया अभियान**

**अमृत विचार।** संभागीय परिवहन प्रवर्तन की टीम अगर ईमानदारी दिखाए तो एक घंटे में 200 से अधिक ट्रक, डंपर ऐसे मिल जाएंगे जिनमें नंबर प्लेट गायब होगी या फिर उनके नंबरों पर ग्रीस या मिट्टी लगी होगी। नंबर प्लेट छिपाने का मकसद ये है कि उनके वाहन का चालान नहीं हो या फिर दुर्घटना कर दें तो पकड़ में नहीं आए।

बीते दिनों जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के समक्ष एमएलसी अरुण पाठक ने बैठक में ये मामला उठाया था कि 10 मिनट में उन्हें 10 ट्रक बिना नंबर प्लेट के मिले। बैठक में आरटीओ के अलावा कई एआरटीओ भी मौजूद थे, आरटीओ की टीम ने यकीन दिलाया कि ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और तीन चार दिन आरटीओ की टीम ने जमकर अभियान भी चलाया और इक्का दुक्का वाहनों को बंद कराकर खानापूरी कर दी। बताते चलें कि घाटमपुर मार्ग पर प्रतिदिन लगभग 1 लाख डंपर व ट्रक दौड़ रहे हैं जिसमें 60 प्रतिशत ऐसे वाहन हैं जिनमें नंबर प्लेट नहीं होती है लेकिन पांच मिनट अभियान चला आरटीओ खानापूरी करके अभियान खत्म कर देता है।



हाईवे पर दौड़ रहे बिना नंबर वाले ट्रक। अमृत विचार

### रेकी करने के लिए टीम

आरटीओ प्रवर्तन की टीम कहां है, आरटीओ कब घर से निकले, किस रूट पर जा रहे हैं, किस रूट पर चेकिंग चल रही है, इसके लिए बाकायदा ट्रक वालों ने जासूसों की टीम बना रखा है जिन्हें वेतन देते हैं, उनका काम यही है कि आरटीओ पर नजर रखते हैं कि कहां कहां आरटीओ जा रहा है, किस रूट पर चेकिंग अभियान चल रहा है।

> बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ नियमित अभियान चलाया जा रहा है, प्रतिदिन 40 से 60 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है, कभी कभी 120 से अधिक वाहनों पर भी कार्रवाई होती है। ये अभियान नियमित जारी रहेगा।
>
> –राहुल श्रीवास्तव, आरटीओ प्रवर्तन

## झांसी की रानी, अटल नानाराव की मूर्ति लगेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **3 चौराहों पर लगेगी सेनानियों की प्रतिमाएं, सलिल विश्नोई के प्रस्ताव पर कार्य शुरू**
- **धनकुट्टी चौराहे पर स्व. अटल बिहारी बाजपेई की मूर्ति की जाएगी स्थापित**

**अमृत विचार।** कानपुर स्वतंत्रता संग्राम का प्रमुख केंद्र रहा है, यहां अनेक सेनानियों ने आजादी के आन्दोलन में आगे बढ़कर आजादी की मशाल जलाई। ऐसे महान सेनानियों की प्रतिमा शहर के प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएगी, ताकि शहर की भावी पीढ़ी में देश प्रेम का भाव जागृत हो सके। शहर के तीन स्थानों पर नानाराव पेशवा, झांसी की रानी और अटल बिहारी बाजपेई की मूर्ति लगेगी। इसके लिए जगह भी चिन्हित कर ली गयी है। सलिल विश्नोई के प्रस्ताव पर अधिकारियों ने कार्य शुरू कर लिया है।

भाजपा एमएलसी और प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई ने नानाराव पार्क के बाहर तिराहे पर नानाराव पेशवा, किला फैक्ट्री गुप्तार घाट के सामने झांसी की रानी और धनकुट्टी चौराहे पर जहां अटल जी निवास किया करते थे वहां अटल बिहारी बाजपेई की मूर्ति लगाने का प्रस्ताव दिया था। जिसपर प्रशासन की ओर से कार्यवाही शुरू की गई है।

अपर जिलाधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने नगर आयुक्त सुधीर कुमार को पत्र भेजकर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा है। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि मुख्य अभियंता सिविल को प्रतिमा लगाने के लिये एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए हैं।




कंपनीबाग चौराहे से जुलूस निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## छात्रों ने निकाला जुलूस, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने आपातकाल की बरसी पर प्रदर्शन किया। छात्रों ने मशाल जुलूस निकाला। कंपनीबाग चौराहा पर छात्र एकत्रित हुए। यहां पर छात्रों ने मौन विरोध प्रदर्शन व मशाल जुलूस यात्रा का आयोजन किया। महानगर मंत्री मयंक पासवान ने कहा कि 1975 में आज के ही दिन भारतीय संविधान को दरकिनार कर आपातकाल को थोपा गया था। इस दौरान प्रथमेश, उज्ज्वल, गजराज, सुधांशु, एल्विन, खुशी गुप्ता, विभाग संगठन मंत्री ज्ञानेंद्र सिंह, हर्ष राजपूत, ज्ञानेंद्र शुक्ल, उपेन्द्र चक, राघवेन्द्र, गुंजन, रामजी, सुशांत मिश्रा, माधव राजपूत, ओम नारायण त्रिपाठी, हर्ष सिंह, नैतिक, प्रभात कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रामादेवी फ्लाईओवर पर भिड़े ट्रक-डंपर लगा जाम

**कानपुर।** रामादेवी फ्लाईओवर पर ट्रक व डंपर के भिड़ने से यातायात बाधित हो गया। जख्मी डंपर चालक को इलाज के बाद पुलिस ने रवाना किया, जबकि क्षतिग्रस्त ट्रक को किनारे कराकर जाम खुलवाया। एक घंटे तक यातायात रेंगता रहा।

चकेरी पुलिस के अनुसार लखनऊ रिफाइंड लेकर जा रहे ट्रक में खाली डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों वाहन जहां के तहां खड़े हो गए और फ्लाईओवर पर दोनों तरफ वाहनों की लाइन लगने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जख्मी डंपर चालक कानपुर देहात के आगोड़ी निवासी सिकंदर को अस्पताल भेजा। उपचार के बाद उसे डंपर लेकर रवाना किया। इसके बाद क्षतिग्रस्त ट्रक को हटाया। एक घंटे तक जाम में फंसे वाहन रेंगते रहे।

पावन पल | शहर में 27 जून को निकलेगी रथ यात्रा, तैयारी हुई तेज

## पट खुले, प्रभु जगन्नाथ ने दिए दर्शन, लगे जयकारे



सज रहा रथ। अमृत विचार



हवन करते महंत और भक्त। अमृत विचार



प्रभु का सुंदर शृंगार किया गया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रभु जगन्नाथ मंदिर बिरजी भगत के पटों को बुधवार को खोल दिया गया। पट खुलते ही भक्तों ने दर्शन किए। इस दौरान पारंपरिक पूजन व हवन भी हुआ। पूजन के दौरान भक्तां की ओर से लगाए जा रहे जयकारों से माहौल भव्य हो गया। शाम को मंदिरों में भव्य श्रृंगार किया गया। शहर में 27 को निकलने वाली रथ यात्रा की तैयारी भी अंतिम दौर पर है।

जनरलगंज स्थित प्राचीन श्री जगन्नाथ महाराज बिरजी भगत के पट खोले गए। इस दौरान प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बलभद्र को स्नान, श्रृंगार व पूजन विधि-विधान से किया गया। आरती और भोग के बाद भक्तों ने दरबार के दर्शन कर माथा टेका। बेले के फूलों से आकर्षक श्रृंगार के बीच प्रभु के दर्शन करेन के लिए भक्त आतुर रहे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई ने आरती की। ज्ञानेंद्र गुप्ता, गोपाल गुप्त, ज्ञानेंद्र विश्नोई, अंबरीष गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, पुष्कर गुप्त प्रमुख रहे। 27 को उमाजगदीश मंदिर के पटों को खोला जाएगा।

### भक्तों ने किया हवन

- जनरलगंज स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर बाईजी मंदिर में सुबह धार्मिक आयोजन हुए। इस दौरान मंदिर में हवन हुआ। हवन में पनकी मंदिर के महंत व महामंडलेश्वर कृष्ण दास व जितेंद्र दास दोनो ने आहूतियां डाली। हवन के दौरान भक्तों की ओर से प्रभु के जयकारे लगाए जाते रहे। मंदिर कमेटी की ओर से बताया गया कि प्रथम दिवस रथ यात्रा 27 जून को होगी। यात्रा में रजत जड़ित रथ में प्रभु को विराजमान कर भक्तों के बीच दौरान को लाए जाएंगे। इसके बाद 6 जून को बाईजी मंदिर की ओर से नानाराव पार्क में प्रभु के महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अंकित कुमार व उसकी पत्नी सुभाषी का चाल चलन ठीक नही है जिन्होंने हमारा व हमारे परिवार का जीना दूभर कर दिया है, वह हमारे साथ अमर्यादित व्यवहार व मारपीट करते है, हमको जान से मारने की धमकी व गाली गलौज करते है, सबको फर्जी झूठे मनगढ़ंत मुकदमों में फंसा देने की धमकी देते हैं, जिससे हम अपने पुत्र अंकित कुमार व उसकी पत्नी सुभाषी द्वारा किये गये किसी भी अनुचित कार्य के प्रति काफी भयभीत रहते है। तथा पुत्र व उसकी पत्नी के गलत कृत्यों से परेशान व क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं, और भविष्य में उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे हमसे व हमारे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **इन्द्रपाल पुत्र स्व0 रामभरोसे व सविता यादव पत्नी इन्द्रपाल यादव निवासीगण ग्राम–भगमतखेड़ा, परगना व थाना काकोरी, तहसील व जिला–लखनऊ हाल पता सलेमपुर पतौरा काकोरी लखनऊ**

**सूचना**

मैं अख्तरुन आयु लगभग 44 वर्ष पति का नाम अब्बास निवासी– ग्राम हैबतपुर पोस्ट दर्शन नगर जिला अयोध्या सशपथ बयान करती हूं कि मैंने अपने जीवन पर भारतीय जीवन बीमा निगम से पालिसी संख्या 275850430 ली है। शपथी कि पालिसी संख्या 275850430 में शपथी का नाम अख्तरुल निशा पत्नी अब्बासअली अंकित है। परंतु शपथी के आधार कार्ड नंबर 642689914588 में नाम अख्तरुन पत्नी अब्बास है। बैंक खाता में भी नाम अख्तरुन पत्नी अब्बास है। अख्तरुन पत्नी अब्बास व अख्तरुल निशा पत्नी अब्बासअली नाम शपथी का ही है। शपथी कि पालिसी संख्या 275850430 में शपथी का नाम अख्तरुल निशा पत्नी अब्बास अली के स्थान पर अख्तरुन पत्नी अब्बास संशोधित किया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा फ्लैट सं0–8/डी1–1412, क्षेत्रफल 78.39 वर्ग मीटर स्थित फ्लोर सं 14, अवध विहार योजना, सेक्टर–08, गोमती एन्क्लेव, 2 बी0एच0के0, जनपद लखनऊ, उ0प्र0 में पंकज कुमार पाण्डेय के नाम पंजीकृत है। उक्त फ्लैट का आवंटन पत्र पंकज कुमार पाण्डेय के पास से कही गायब हो गया है।

**सूचना**

मैंने अपने छोटे पुत्र विपिन कुमार व उसकी पत्नी काजल के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। – **महेश चंद्र पुत्र मंगू सिंह उर्फ मंगल सिंह निवासी –कुदरकोट थाना कुदरकोट –तहसील –बिधूना– जनपद– औरैया।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा मकान संख्या–एस0एस0– 11–519/डी–1 क्षेत्रफल 36.75 वर्गमीटर स्थित– सेक्टर डी–1. एल0डी0ए0 कालोनी, कानपुर रोड, योजना, जिला लखनऊ उ0प्र0 मकान इबरार अहमद खान के नाम पंजीकृत है। उक्त मकान का आवंटन पत्र अजहर अहमद खान के पास से कही गायब हो गया है।

**NOTICE**

I am Simrah Siddique daughter of Umar Siddique Tabrez, resident of 544K/44 Sardar Nagar Campbell Road, Balaganj Lucknow, my correct and actual date of birth is 11-02-2010 which is also mentioned on the Aadhar card. But in my high school educational records, my date of birth has been mistakenly recorded as 10-02-2010 which is wrong. Therefore, my correct and actual date of birth should be recorded in my high school educational records.

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम Ashok Kumar Yadav से बदल कर Ashoka Kumar Yadav रख लिया है। क्योंकि मेरा नाम अंक विज्ञान की दृष्टिकोण से शुभ नहीं था। भविष्य में मुझे Ashoka Kumar Yadav के नाम से जाना व पहचाना जाए। **अशोक कुमार यादव पुत्र स्व. अशर्फी लाल यादव, निवासी–चूरामन पुरवा रसूलपुर सादत पी एस इन्दिरा नगर रसूलपुर सादत लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मदार बक्श पुत्र स्वद्ब उमेद अली, निवासी ग्राम मवईकलां, परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ** का हूँ। मेरा पुत्र मो0 सलीम व बहू अफसाना पत्नी मो0 सलीम मिलकर मेरे साथ आये दिन तिरस्कार किया करते है मुझे भला–बुरा कहा करते है गन्दी गन्दी गालिया देते है व मारपीट पर अमादा रहते है, उक्त दोनों का चाल–चलन व सामाजिक गतिविधिया ठीक नहीं है इसलिए अपने पुत्र व बहू को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ तथा अब यदि भविष्य में मेरे पुत्र द्वारा कोई भी गलत कृत्य किया जाता है तो उसके जिम्मेदार वे स्वयं होगे, मेरा कोई भी वास्ता वे सरोकार नही होगा।

## आज का मौसम

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

| | |
|---|---|
| 34.0° | 29.0° |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:18 | सूर्यास्त 07:05 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# जल निगम ने सड़कें कर डालीं बर्बाद, बनाने की नहीं याद

## नगर आयुक्त ने जताई नाराजगी, कहा-सड़क सुधार के लिए अलग से धन दिया जाता फिर भी काम नहीं

**जनसमस्या**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सड़कों की अराजक खोदाई और दुर्दशा का मुद्दा अमृत विचार में उठने पर नगर निगम ने सारा ठीकरा जल निगम पर फोड़ दिया। बुधवार को महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त ने नगर निगम, जलकल, जलनिगम, लोक निर्माण विभाग, केस्को, मेट्रो, एनएचएआई, सिंचाई विभाग के अधिकारियों से एक साथ बैठक की। बैठक में नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पूरे शहर में लगभग 400 करोड़ से जल निगम पाइप डालने का कार्य कर रहा है, इसके लिए सड़कें खोदी गई हैं लेकिन सड़कों के रेस्टोरेशन (बहाली) की क्वालिटी बहुत खराब है, जबकि सड़क रेस्टोरेशन के लिए अलग से धन दिया गया है। ठीक से काम न होने के कारण सड़कें बैठ रही हैं। राहगीर परेशान हैं।

बैठक में नहरों की सफाई न होने और अवैध बस्तियों की वजह से मकड़ीखेड़ा क्षेत्र जलभराव का मुद्दा भी उठा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह ने कहा कि हमारा शहर ओडीएफ प्लस हो गया है, लेकिन नहर पट्टियों पर अवैध रूप से काबिज लोगों द्वारा खुले में शौच किया जा रहा है, जिसके कारण समस्या हो रही है। नगर निगम मुख्य अभियंता ने कहा कि नहरों की सफाई नगर निगम को करानी पड़ती है, सिंचाई विभाग कोई कार्य नहीं करता है। नहरों पर चट्टे चल रहे हैं। गोबर बहाया जा रहा है पर सिंचाई विभाग कार्रवाई नहीं करता। इस पर महापौर ने सिंचाई विभाग से नहरों का नक्शा व कब-कब सफाई की इसका डाटा एक सप्ताह में तलब किया।

नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीटीआई से मकड़ीखेड़ा तक कब्जे हटाकर एक सप्ताह में बताएं। यहां नहर किनारे भारी अतिक्रमण है।



तिलकनगर में खुदी पड़ी सड़क। अमृत विचार










सड़कों की खोदाई से परेशानी पर अमृत विचार ने चलाया था अभियान।

- जल निगम के कार्यों के कारण सीएम ग्रिड से बनने वाली सड़कें भी प्रभावित
- महापौर और नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों के साथ बैठक करके जाने हालात



कल्याणपुर-बिठूर रोड पर भी खोदाई की गई है। अमृत विचार

### गोविंद नगर में सीवर समस्या जल्द दूर करे मेट्रो

नगर आयुक्त ने मेट्रो अधिकारियों से कहा कि चुन्नीगंज से फूलबाग तक रोड लाइट नहीं लगायी है, फुटपाथ भी क्षतिग्रस्त हैं। वार्ड 48 की पार्षद सरोज चड्ढा ने कहा कि मेट्रो के कार्यों के कारण सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिससे गोविन्द नगर में जलभराव हो रहा है। महाप्रबन्धक जलकल ने कहा यदि अलग-अलग चेम्बरों को चौड़ा करके 10-10 एचपी के पम्प डाले जाये जाये, तो कुछ राहत मिल सकती है। मेट्रो के कारण जोन-3 एवं जोन-5 के लगभग 8 वार्ड प्रभावित है। मेट्रो मुख्य अभियन्ता रंजीत कुमार ने कहा कि सभी समस्याओं का निराकरण जल्द ही करा दिया जायेगा। बैठक में उपमुख्य अभियन्ता मेट्रो सुनील कुमार, प्रबंधक तरुण पंजवानी, ओजीएम एनएच-19 आयुक्त गणेशन आदि थे।

### बर्रा-2 से शास्त्री चौक सड़क भी नहीं सुधरवाई

- मुख्य अभियंता सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने जल निगम अधिकारियों से कहा कि बर्रा-2 से शास्त्री चौक तक पाइप डाले जाने के बाद सड़क सुधार नहीं कराया गया है। जल निगम के कार्यों के कारण सीएम ग्रिड से बनने वाली सड़कें भी प्रभावित हो रही हैं। प्रताप पेट्रोल पम्प के पास डॉट नाला क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, भैरव घाट चौराहा पर सीसामऊ नाला टेपिंग प्वाइन्ट पर गेटो का सेक्सन कम होने के कारण पानी नहीं निकल पा रहा है। जूही खलवा पुल में बारिश में सम्पवेल नहीं चलता है। मुंशीपुरवा में 6 पम्प में से केवल 1 चालू है, जिससे समस्या आ रही है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर जल निगम मोहित चक ने कहा कि सीसामऊ टेपिंग प्वाइन्ट के पास 3 गेट बदले जाने है, उसका आगणन बन गया है, जल्द कार्य कराया जायेगा। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम प्रवीण यादव ने कहा कि जो भी समस्याएं बताई गई हैं, सभी का निस्तारण करा दिया जायेगा।

## एक नजर

### आज मोहर्रम का चांद देखें

**कानपुर।** मुस्लिम धर्मगुरुओं ने अपील की है कि गुरुवार को नए इस्लामी साल मोहर्रम-उल-हराम का चांद देखें। चांद दिखाई दे जाए तो मरकजी रुअते हिलाल कमेटी के चेयरमैन शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी से उसकी पुष्टि करें।

### भाई ने लाठी-डंडे से पीटा

**कानपुर।** घरेलू विवाद में बड़े ने छोटे भाई पर लाठी-डंडे से पीटकर सीढ़ी से गिराकर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। शिवकटरा निवासी सौरभ तिवारी एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में घर शिफ्ट किया था। बीती 24 जून को वह रात में सामान लेकर जा रहे थे। इसी दौरान छोटा भाई अतुल कुमार तिवारी गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया तो अतुल ने लाठी-डंडे से पीटा। इसके बाद सीढ़ियों से धक्का देकर जान से मारने का प्रयास किया। चकेरी थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### तौदकपुर में तालाब की भूमि पर बने कब्जे गिराए

**कानपुर।** केडीए ने बुधवार को तौदकपुर स्थित तालाब में बने अवैध निर्माण को गिरा दिया। अधिकारियों के अनुसार 2000 वर्गमी तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे हो गए थे। जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ है। प्रवर्तन जोन-4 ने भूमि बैंक अनुभाग-4 तहसीलदार व अमीन, थाना-सेन पश्चिमपारा के साथ कार्रवाई की।

### घर में घुसकर पीटा

**कानपुर।** बाबूपुरवा के ट्रांसपोर्टनगर निवासी प्राइवेट कर्मी योगेंद्र कुमार ने पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि उनका भतीजा व पड़ोसी विनोद का बेटा मंगलवार को खेल रहे थे। खेल-खेल में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जानकारी होने पर विनोद व उसका साथी विशाल, अमित ने झगड़ना शुरू कर दिया। विरोध पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की और ईंट मारकर घायल कर दिया। विरोध पर महिलाओं को भी पीटा। बाबूपुरवा पुलिस के अनुसार मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### लोहे के एंगल चुराने वाले तीन शतिर दबोचे

**कानपुर।** जूही के काकोमी परिसर में जर्जर सरकारी भवन से लोहे के एंगल चोरी करने वाले तीन शातिरों को पुलिस ने दबोचा है। जूही थाना प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों में कच्ची बस्ती जूही नहरिया निवासी लकी सोनकर, जूही टायरमंडी निवासी विजय सोनकर व क्षेत्र का आकाश उर्फ बाबा हैं। उनके पास से 174 किलो का एंगल बरामद किया गया है।

# रिटा.सार्जेंट ने बंदूक से गोली मार जान दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज में एयरफोर्स से सेवानिवृत्त सार्जेंट ने बुधवार सुबह घर पर लाइसेंसी डबल बैरल शॉटगन से खुद को गोली मार ली। बगल के कमरे में ईयर बड्स लगाकर पढ़ाई कर रहे बेटे को गोली की आवाज नहीं सुनाई पड़ी। एक घंटे बाद बेटा जब पिता के कमरे में गया तो शव पड़ा देखा। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल की। पुलिस के अनुसार सेवानिवृत्त के बाद दूसरी सरकारी नौकरी न लगने से वह डिप्रेशन में थे। जिसके चलते यह कदम उठाया।



हरेंद्र सिंह।

मूलरूप से फर्रुखाबाद के बंगसनगर निवासी 48 वर्षीय हरेंद्र सिंह 2016 में एयरफोर्स में सार्जेंट के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। एक साल से नवाबगंज मैनावती मार्ग स्थित श्री रामकृपा इस्टेट में आदित्य कुमार के मकान में किराए पर रह रहे थे। समीप ही उनके सास-ससुर भी रहते हैं। परिवार में पत्नी रीना, बेटी कोमल यूपीएससी व बेटा साहिल एयरफोर्स की तैयारी कर रहा है। रीना के अनुसार पति सुबह मार्निंग वॉक से लौटने के बाद कमरे में जाकर सो गए। वह ग्राउंड फ्लोर पर बर्तन साफ कर रही थी, जबकि बेटा दूसरे कमरे में पढ़ाई कर रहा था, लेकिन कान में ईयर बड्स लगा होने के कारण उसे गोली चलने की आवाज नहीं सुनाई दी। उन्हें आवाज सुनाई दी, लेकिन लगा जैसे किसी वाहन का टायर फटा है, इसलिए ध्यान नहीं दिया। एक घंटे बाद बेटे से कहा, पिता को जगा दो। जब वह गया तो कमरा अंदर से बंद था। खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला तो उसने बालकनी से झांककर देखा। अंदर पिता का खून से लथपथ शव देखकर वह चीख पड़ा। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल की। रीना के अनुसार सेवानिवृत्त के बाद हरेंद्र ने दूसरी सरकारी नौकरी के लिए काफी प्रयास किया। कई बार परीक्षा दी, लेकिन सफल नहीं हुए। जिस कारण वह डिप्रेशन में रहने लगे थे। नींद की समस्या से भी पीड़ित थे। दोनों बच्चे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, इसलिए चिंतित रहते थे।



पत्नी बेसुध हो गई। अमृत विचार

- एयरफोर्स से रिटायरमेंट के बाद दूसरी नौकरी न लगने से डिप्रेशन में थे
- ईयर बड्स लगा होने से बेटे को नहीं सुनाई दी गोली चलने की आवाज

> एयरफोर्स से सेवानिवृत्त सार्जेंट हरेंद्र सिंह ने शॉटगन से गले में गोली मारकर आत्महत्या की है। परिजनों ने दूसरी नौकरी न लगने के कारण डिप्रेशन में होना बताया है। शव को पोस्टमार्टम भेजा गया है। पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक जब्त की है।
>
> -अमित चौरसिया, एसीपी कर्नलगंज

## बिरहाना रोड व बेकनगंज में हटाया गया अतिक्रमण

**कानपुर।** नगर निगम ने जोन 1 के तहत बिरहाना रोड में फुटपाथ व सड़क किनारे अतिक्रमण व ठेले-खोमचे हटा दिए।

जोनल अधिकारी विद्यासागर के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने सड़क को साफ कराया और एक दर्जन से अधिक ठेले वालों को हटाया। इसके साथ ही बेकनगंज तलाक महल से लेकर बाबा चौराहे तक अतिक्रमण अभियान चला। यहां फुटपाथ पर कच्चे अतिक्रमण को धराशायी कर दिया। यहां कई लोगों ने फुटपाथ पर टट्टर लगाकर घेरा था। नगर निगम के बुलडोजर ने इसे गिरा दिया। अतिक्रमण की वजह से नाला सफाई में दिक्कत आ रही थी। बता दें कि मंगलवार को दस्ते ने बासमंडी आलम मार्केट रोड पर भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था।

# हिस्ट्रीशीटर पिच्चा गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हत्या और हत्या के प्रयास समेत 43 मुकदमों में वांछित हिस्ट्रीशीटर शाहिद पिच्चा को बुधवार तड़के पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। डिप्टी पड़ाव स्थित गदइया पार्क के समीप पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पिच्चा के दाएं पैर में गोली लगी। दो माह पहले उसने होजरी कारोबारी से रंगदारी मांगी थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस 25 हजार के इनामी पिच्चा की तलाश में जुटी थी। उसे दबोचने के बाद पुलिस ने उसे उसके दहशत वाले इलाके चमनगंज के अजमेरी चौराहा से पैदल घुमाया। पुलिस उसे पैदल धकियाते हुए कई मोहल्लों में भी ले गई, जहां लोगों के बीच उसका डर रहा है।

डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार तड़के सेंट्रल जोन के अनवरगंज, चमनगंज और बेकनगंज थाने की पुलिस व क्राइम ब्रांच टॉपटेन अपराधी शाहिद पिच्चा की तलाश में चमनगंज सईदाबाद में उसके घर पर छापा मारा। शाहिद भारी पुलिस टीम को देखकर घर से भाग निकला। उसे भागता देखकर टीम ने पीछा किया और डिप्टी पड़ाव स्थित गदईया पार्क के पास घेर लिया। इस पर उसने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। जिसमें उसके दाएं पैर में गोली लगी। उसे दबोचकर उर्सला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के बाद उसे उसके दहशत वाले इलाके में जाया गया। पुलिस ने उसे चमनगंज के अजमेरी चौराहा से पैदल जुलूस निकाला।



शाहिद पिच्चा। अमृत विचार

- डिप्टी पड़ाव में मुठभेड़, 43 मुकदमों में है वांछित है 25 हजार का इनामी
- चमनगंज के अजमेरी चौराहा से लेकर कई मोहल्लों में पुलिस ने पैदल घुमाया

### होजरी कारोबारी से रंगदारी मांगी थी

चमनगंज के रहने वाले होजरी कारोबारी फहीम अहमद से शाहिद पिच्चा ने 29 अप्रैल की शाम रंगदारी मांगी थी। फहीम अजमेरी चौराहा के पास थे, तभी हिस्ट्रीशीटर शाहिद पिच्चा व उसका साथी यूसुफ चटनी ने 25 हजार रुपये प्रतिमाह देने को कहा था। विरोध पर धमकाया और दोनों ने मिलकर उसे जमकर पीटा था। उसके बाद कारोबारी ने चमनगंज पुलिस से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### अन्नू पिस्टल, यूसुफ चटनी हैं गैंग के सदस्य

शाहिद पिच्चा पहले भी पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया है, तब भी उसके पैर में गोली लगी थी। उसके गैंग का सदस्य सूफियान कनखड़ा, अनस उर्फ अन्नू पिस्टल, यूसुफ चटनी हैं। जुलाई 2021 को बेकनगंज में हत्या के प्रयास में भी पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया था। तब शाहिद और उसके साथी अन्नू पिस्टल के पैर में गोली लगी थी। हिस्ट्रीशीटर शाहिद पिच्चा ने 2021 में बेकनगंज निवासी अपराधी शबलू गिरोह के शुभान रायनी की गोली मारकर हत्या की थी। उसे पुलिस ने बीते साल जुलाई में जिलाबदर भी किया था।

# युवक की मौत के बाद पूल सील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सनिगवां स्थित द वाटर बॉक्स पूल में नहाते समय युवक की मौत के दो दिन बाद बुधवार सुबह चकेरी पुलिस ने पूल सील कर दिया है। पूल संचालक पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

यशोदानगर निवासी शैलेंद्र सिंह का एकलौता बेटा 24 वर्षीय शिखर सिंह रविवार रात दोस्तों के साथ द वाटर बॉक्स रेस्टोरेंट गया था। जहां द वाटर बॉक्स पूल में दोस्तों के साथ स्विमिंग करने लगा। इसी बीच उसकी डूबने से मौत हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो पूरी घटना कैद मिली। स्विमिंग पूल में तैराकी का उपकरण न दिखने पर दरोगा की तहरीर पर चकेरी थाने में पूल मालिक नरेंद्र सिंह और उनके बेटे पृथ्वी सिंह चौहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई। बुधवार सुबह पुलिस ने रेस्टोरेंट व पूल को सील कर दिया। चकेरी थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला के अनुसार कोर्ट का आदेश आने तक कार्रवाई रहेगी।



सील किया गया पूल। अमृत विचार

# हमसफर में शार्ट सर्किट से धुआं भरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाऊपुर के पास वीआईपी ट्रेन हमसफर एक्सप्रेस में एसी कोच में तारों में शार्ट सर्किट से एसी कोच में धुआं भर गया। फायर अलार्म बजने लगा जिससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर इंजीनियरों ने मरम्मत की, तब ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

दिल्ली से कटिहार जा रही गाड़ी संख्या 15706 हमसफर एक्सप्रेस मंगलवार की शाम 4.45 बजे कटिहार के लिए रवाना हुई थी। इस गाड़ी के एसी कोच बी-8 के एसी पैनल में एक चूहा घुस गया। देर रात जब ये ट्रेन भाऊपुर क्रास कर रही थी, तभी एसी कोच के पैनल में मौजूद चूहे ने ऐसी उछल कूद की कि पैनल में शार्ट सर्किट हो गया और पूरे एसी कोच में धुआं भर गया। धुआं भरने से फायर अलार्म भी बजने लगा। इससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। रात में ये ट्रेन कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंची तो इंजीनियरों ने कोच में शार्ट सर्किट होने की जांच की। पैनल के पास से एक मरा हुआ चूहा मिला जिसने पैनल को बर्बाद कर दिया था। रेलवे इंजीनियरों ने पैनल को ठीक करके ट्रेन को आगे रवाना किया।



- वीआईपी ट्रेन में चूहे की उछलकूद से तारों में शार्ट सर्किट हुआ
- कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन के आने पर रेलवे इंजीनियरों ने मरम्मत की

> हमसफर एक्सप्रेस में चूहे के कारण पैनल में शार्ट सर्किट हो गया था। इंजीनियरों ने गड़बड़ी ठीक कर दी और ट्रेन रवाना कर दी गई।
>
> -अमित सिंह, जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर मध्य जोन

**प्रशिक्षण** — सीर्थीआई हब ने सेंट्रल कमांड के जवानों को किया प्रशिक्षित

# आईआईटी से सीखकर सेना के जवान लेंगे मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** देश के दुश्मनों से साइबर युद्ध के दौरान लोहा लेने के लिए आईआईटी में प्रशिक्षण पूरा हो गया है। 12 हफ्ते के प्रशिक्षण में भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड के 70 जवानों ने प्रशिक्षण लिया। आईआईटी कानपुर के सीर्थीआई हब ने प्रशिक्षण दिया।

दो चरणों के प्रशिक्षण में 40 फौजियों को बेसिक ट्रैक और 30 को एडवांस्ड ट्रैक में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के समापन के समय विशेष आयोजन हुआ। इस समारोह में एचक्यूसीसी के ब्रिगेडियर शलभ गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी के साथ ही सीर्थीआईहब की सीओओ और अंतरिम सीईओ डॉ. तनीमा हजरा मौजूद रहे। संस्थान की ओर से बताया गया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से सैन्य अभियानों के लिए था, जिसका उद्देश्य मिशन-केंद्रित तत्परता और डिजिटल लचीलापन सुनिश्चित करना था।




आईआईटी में एक्सपर्ट्स के साथ सेना के जवान। अमृत विचार

- साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण में सेना के 70 जवान प्रशिक्षित

### साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण

समारोह में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीर्थीआई हब आईआईटी कानपुर डॉ. आनंद हांडा ने कहा कि हमें गर्व है कि हमने भारतीय सेना के लिए एक उन्नत साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया, जिसे सीर्थीआई हब, आईआई कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया गया। सीर्थीआई हब में हम अपनी सशस्त्र सेनाओं को अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करके राष्ट्र की महत्वपूर्ण संरचनाओं की रक्षा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

### डिजिटल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा

प्रशिक्षण के समापन पर डॉ. तनीमा हजरा ने कहा कि भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड के साथ हमारा सहयोग देश के महत्वपूर्ण डिजिटल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जब हम सेना को अत्याधुनिक साइबर रक्षा कौशल के बारे में जानकारी दे रहे होते हैं तो हम केवल उन्हें प्रशिक्षित नहीं कर रहे होते, बल्कि राष्ट्र की डिजिटल संप्रभुता और लचीलापन में निवेश कर रहे होते हैं।

### इन क्षेत्रों में मिला प्रशिक्षण

● नेटवर्क सुरक्षा के मूल सिद्धांत ● मैलवेयर विश्लेषण तकनीक ● डिजिटल फॉरेंसिक और इन्सिडेंट रिस्पॉन्स ● साइबर सुरक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अनुप्रयोग ● व्यावहारिक लैब सत्र और सिमुलेशन आधारित सामरिक साइबर अभ्यास

## सामूहिक विवाह में बायोमीट्रिक अटेंडेंस रोकेगी फर्जीवाड़ा

**कानपुर।** प्रदेश सरकार ने सामूहिक विवाह में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस फार्मूला लागू करने का फैसला किया है। इससे आवेदन करने वाले का सही डाटा मिल जाएगा और फिर कोई फर्जीवाड़ा नहीं कर पाएगा।

सरकार द्वारा मध्यम व गरीब वर्ग की बेटियों के विवाह के लिए सामूहिक विवाह की योजना लागू की है लेकिन जिन्हें इसका लाभ मिलना चाहिए, उनके बजाय हेराफेरी करने वाले तमाम लोग इसका लाभ लेने लगे। कई बार ऐसे मामले पकड़े जा चुके हैं। इसलिए अब बायोमेट्रिक अटेंडेंस से वर-वधू का मिलान कराया जाएगा। इससे दोनों का पूरा ब्यौरा निकलकर सामने आ जाएगा जिससे न तो कोई अपनी आयु छुपा सकेगा और न ही अपना नाम, पता गलत दर्ज करा पाएगा। शादी अनुदान का भी लाभ लेने वालों को झटका लगेगा।



यूपी किराना सेवा समिति के चुने सदस्य। अमृत विचार

# चुनाव में 18 सदस्य चुने गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी किराना सेवा समिति के चुनाव में बुधवार को 18 सदस्यों को चुन लिया गया। 33 सदस्यों के बीच हुए चुनावों में नयागंज किराना बाजार के 220 प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें 218 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इनमें 4 वोट निरस्त कर दिए गए। चुने गए 18 सदस्यों में राजकुमार नेवटिया, बृज मोहन गुप्ता, बिंदा प्रसाद त्रिपाठी, राकेश कुमार अग्रवाल, गौतम खन्ना, विजय अग्रवाल, अंकित बेरीवाल, अरविंद गुप्ता शामिल रहे।

इसके अलावा सुनील गुप्ता, राजेंद्र कुमार ओमर, निशांत अग्रवाल, अमर शंकर गुप्ता भी जीते हुए सदस्यों में शामिल हैं। साथ ही नीरज गुप्ता, विशाल जैन, हरीश पाण्डेय, विवेक गुप्ता व सुरेंद्र भसीन भी सदस्य बने हैं।

# स्मार्ट सिटी में टूटे-कच्चे नाले, जान के लाले

## जगह-जगह नाले खुले पड़े, कई स्थानों पर सफाई के बाद बंद नहीं किए, दामोदर नगर में हुआ था हादसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के क्षतिग्रस्त व खुले नाले शहर वासियों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। दामोदर नगर की घटना के बाद भी नगर निगम अधिकारी चेत नहीं रहे हैं। नाला सफाई के बाद भी कई नालों में पटिया नहीं रखी गई है। ऐसे में बरसात के दौरान बड़ा हादसा होने का डर है।

शहर में अभियंत्रण खंड के करीब 266 तो स्वास्थ्य विभाग के करीब 1433 छोटे-बड़े नाले हैं। इनमें सबसे बड़े रफाका व सीओडी नाला हैं। बड़े नालों को तो ढकना संभव नहीं है, लेकिन शहर में जगह-जगह छोटे नाले भी खुले हैं। ये नाले हादसों के सबब बनते हैं। दामोदर नगर में वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर सोमवार को एक खुले नाले में ई-रिक्शा पलट गया था जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी।

शहर में ऐसे कई नाले हैं जो क्षतिग्रस्त हो गए हैं और उनमें न तो दीवार बनाई गई है और न ही उन्हें ढका गया है।



बिनगवां का कच्चा नाला मुसीबत बना है। अमृत विचार

### 30 फीसदी नालों में गंदगी

- मानसून आ चुका है, लेकिन अभी शहर के करीब 30 प्रतिशत नालों में गंदगी बजबजा रही है। नगर निगम नालों की सफाई कर लेने का दावा कर रहा है। सबसे ज्यादा दक्षिण क्षेत्र के नालों की स्थिति बदतर है। कई जगह तो सिल्ट भी नहीं हटाई गई है। दामोदरनगर से नौबस्ता जाने वाले नाले की भी यही स्थिति है।

### दामोदर नगर का नाला ढका जाएगा

- वार्ड-65 के पार्षद योगेंद्र शर्मा ने बताया कि नगर निगम जोन-3 के एक्सईएन राजेश सिंह, सहायक अभियंता योगराज सिंह, जूनियर इंजीनियर सिद्धार्थ सिंह और सुपरवाइजर सिप्पू ने घटना वाले नाले को देखा है। अधिकारियों ने हादसे की जांच की और बताया कि नाले को पटिया लगाकर ढकने का कार्य शुरू कराया जाएगा।



शारदानगर सब्जी मंडी में नाला तोड़ दिया है। अमृत विचार

### शारदा नगर में तोड़ा नाला, निकलने में दिक्कत

- वार्ड 87 बिनगवां गांव में कच्चा नाला में सफाई तो हो गई है, लेकिन इसे पक्का नहीं किया गया है। जिसके कारण गंदगी बनी रहती है। पार्षद सतीश यादव ने बताया कि 700 मीटर लंबे नाले में गंदगी बजबजा रही है। यहां 200 घर सीधे प्रभावित हैं। सर्वोदय नगर में नाले के सफाई के दौरान नाला क्षतिग्रस्त हो गया है। किदवई नगर चालीस दुकान मार्केट के निकट नाला खुला है। नाला शारदानगर सब्जी मंडी में बनाने के लिए नाला तोड़ दिया है। यहां 15 दिनों से क्षेत्रीय लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है।

"अभी कुछ नालों की सफाई चल रही है, इसलिए कई जगह पटिया हटाई गई हैं। बड़े नाले तो ढकें नहीं जा सकते लेकिन छोटों पर पटिया लगाई जाएगी। कुछ कच्चे नालों को पक्का किया जा रहा है। – एसएफए जैदी, मुख्य अभियंता, नगर निगम

# बेटे ने मां की हत्या कर बेड में पैक किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बड़े बेटे ने कबूला, मां की डांट पर आपा खो दिया था
- चुनरी से मां का गला कसकर बेड में डाल दिया था

**अमृत विचार।** रावतपुर गुप्ता कालोनी में मंगलवार दोपहर को महिला उर्मिला की हत्या उन्हीं के बेटे ने चुनरी से गला कसकर की थी। शरीर पर खरोंच व चोट के भी कई निशान मिले हैं। बेटे ने कबूल किया कि गुस्से में चुनरी से मां का गला कसकर बेड में पैक कर दिया था। बुधवार को भी पुलिस ने उससे पूछताछ की।

गुप्ता कालोनी निवासी 35 वर्षीय उर्मिला कटियार पति जगदीश की मौत के बाद बरेली के रंजन के साथ लिव इन में रह रही थीं।

उर्मिला के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा इंटर और छोटा नौवीं का छात्र है। मंगलवार दोपहर स्कूल से लौटने पर छोटे बेटे ने मां को बेड में पैक देखा था। इसके बाद मसवानपुर निवासी मौसी गीता व रावतपुर पुलिस को सूचना दी। उर्मिला की सांसें चल रही थीं, इस पर पुलिस उन्हें रीजेंसी ले गई, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

छोटे बेटे के आरोप पर पुलिस ने बड़े बेटे को हिरासत में लिया और शव को पोस्टमार्टम भेजा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उर्मिला की गला कसकर हत्या की गई है। उसके शरीर पर घसीटने व कई खरोंच के निशान भी हैं। पुलिस के अनुसार बड़े बेटे ने कबूल किया है कि मां के डांटने के कारण गुस्से में आकर उसने यह कदम उठाया।

मां का उनकी चुनरी से गला कस दिया। हालांकि उर्मिला के भाई नंद किशोर, ब्रज किशोर, बहन गीता इस पर बात पर हैरान दिखे कि बेटा कैसे हत्या कर सकता है। परिजनों ने बताया कि उर्मिला का शरीर बहुत भारी था। मान लें कि उसने गला कस दिया होगा, लेकिन उठाकर बेड में कैसे पैक किया।



उर्मिला (फाइल फोटो)

### 18 साल का रिश्ता, फिर भी नहीं आया रंजन

- बरेली का रहने वाला रंजन 18 साल से उर्मिला संग लिव इन में रह रहा था। उसके बाद भी उसे आखिरी बार देखने भी नहीं आया। बहन गीता के अनुसार एक दिन पहले ही वह उर्मिला से मिलने आया था। उसे घटना की जानकारी भी होगी। पोस्टमार्टम हाउस पर उर्मिला का छोटा बेटा मां को पुकारते हुए आंसू बहाता रहा। शव देखकर लिपट गया। वहीं भाई और बहनों में चीख पुकार मची रही।

### क्राइम सीरियल देखकर बेड में पैक किया

- **कानपुर।** उर्मिला के बड़े बेटे की संगत बहुत खराब हो गई थी। टीवी पर अक्सर क्राइम के सीरियल देखता रहता था। पुलिस पूछताछ में उसने क्राइम सीरियल में डेडबॉडी छिपाने की बात देखने की बात स्वीकार की है। उसने बताया कि जिन लड़कों के साथ उसका उठना-बैठता था, वह नशा करते हैं। मां का गला कसने से पहले वह बीयर पीकर आया था, जिस कारण उसका मां से झगड़ा हुआ था। बीयर पीने से नाराज मां ने उसकी पिटाई की थी। इसके बाद नाराज होकर रसोई में साउंड रखकर तेज म्यूजिक सुनने लगा था। इस पर मां ने उसकी फिर पिटाई की। पिटाई से नाराज होकर उसने मां का गला उनकी चुनरी से ही कस दिया।

# मुआवजे के लिए परिजनों ने शव रखकर किया हंगामा



शव लेकर सड़क पर जाम लगाए परिजन। अमृत विचार



पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भैरोघाट गेट पर रखा शव, सड़क पर की नारेबाजी, पुलिस से हुई नोंकझोक
- पुलिस अधिकारियों के समझाने पर माने, एक घंटे बाद हुआ अंतिम संस्कार

**अमृत विचार।** आर्यनगर में बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत के मामले में परिजनों की बुधवार को पुलिस से जमकर नोंकझोक हुई। 25 लाख रुपये मुआवजे की मांग को लेकर घरवालों ने सड़क पर शव रखकर हंगामा किया। करीब एक घंटे तक हंगामा चला। सूचना पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को किसी तरह समझाकर शांत कराया। तब जाकर अंतिम संस्कार हुआ।

स्वरुपनगर निवासी अनिल गुप्ता की आर्यनगर में एक बिल्डिंग है। कुछ जर्जर होने के कारण उसे वह गिरवा रहे हैं। मगंलवार को बिल्डिंग का पिलर तोड़ते समय पुराना कानपुर रानी का बगीचा निवासी मजदूर 38 वर्षीय नीरज कुमार गिरकर घायल हो गया था। साथी कर्मी उसे हैलट ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी सांसे थम गई। नीरज के परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। हादसे की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया और मकान मालिक व ठेकेदार के खिलाफ कोहना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों को मुआवजे का आश्वासन मिला था, लेकिन बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद घरवालों को लगा बाद में मुआवजा हो सकता है न मिले। इसलिए परिजन अंतिम संस्कार के लिए भैरो घाट पहुंचने के बाद शव लेकर वापस लौट पड़े। इस पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो घरवाले उनसे भिड़ गए। शव को भैरवघाट गेट पर लाकर रख दिया। करीब एक घंटे तक परिजन दोनों बच्चों के नाम 25-25 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग करते रहे। इसके बाद सड़क पर लाइन से बैठ गए, हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने मुआवजे का आश्वासन देकर किसी तरह शांत कराया।

## अकाउंटेंट ने धोखाधड़ी कर 7.13 लाख हड़पे

**कानपुर।** नौबस्ता में पानी की आपूर्ति करने वाली फर्म के अकाउंटेंट ने धोखाधड़ी कर 7.13 लाख रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित मालिक ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

यशोदानगर निवासी नितेश सिंह सेंगर की क्षेत्र में पानी आपूर्ति की फर्म है। उन्होंने बताया कि सितंबर 2024 में उनकी फर्म में विजयनगर का रहने वाला युवक नौकरी मांगने के लिए आया था। उसने अपना नाम अंकित त्रिपाठी बताया। काम पर रखने पर वह बिल बनाकर पानी की आपूर्ति करता करता था। बाद में पता चला कि उसका नाम आशुतोष शुक्ला है। इस पर उसे डांटा और कहा कि अपना सही नाम बताया करें। बाद में उसके काटे गए बिलों के बारे में जब पता किया तो दुकानदारों से पता चला पूरा भुगतान वह ले जा चुका है। इसके बाद अंकित से रुपये के बारे में पूछा तो उसने पैसे लौटाने का वादा किया, लेकिन लौटाए नहीं।

## सार-संक्षेप

### ईको पार्क, समय साथी काउंसिलिंग एवं वेलनेस सेन्टर का शुभारंभ



पार्क में पौधरोपण किया गया। अमृत विचार

**कानपुर।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास कानपुर प्रांत द्वारा मंगलवार को आरएसपुरम सर्वोदय नगर स्थित एक पार्क को गोद लेते हुए उसको ईको पार्क के तौर पर सुसज्जित करते हुए उसका शुभारंभ किया। इस पार्क को कबाड़ की वस्तुओं से सजाया और संवारा गया। शुभारंभ के मौके पर यहां नव गृहों से संबंधित पौधों को रोपित करते हुए नवग्रह वाटिका लगाई गई। इसके बाद गीतानगर स्थिति हरि गर्ल्स हॉस्टल में समय साथी काउंसिलिंग एवं हैपीनेस सेन्टर का शुभारंभ किया गया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सह संयोजक संजय स्वामी सभी कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आज जो समय साथी काउंसिलिंग एवं वेलनेस सेन्टर का शुभारंभ हुआ है, यह नि:सन्देह युवाओं, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों सभी के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम संचालन डॉ.. सुशील मिश्रा ने किया। इस अवसर पर न्यास के कानपुर प्रांत की संयोजक डॉ. बिन्दु सिंह, गणेश तिवारी, राजेश ग्रोवर, शालू ग्रोवर, अनोखेलाल पाठक, धर्मेन्द्र अवस्थी, प्रबल प्रताप सिंह, गोपाल तुलिसियान, ईला बाजपेई, आदित्य पोद्दार, काजल अवस्थी, आशुतोष द्विवेदी, धर्मेन्द्र शुक्ला, आशीष शुक्ला, कविता तिवारी, अमित गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, साधना तिवारी, मनीषा सिंह, पूनम मिश्रा, दीप्ति दुबे आदि लोग मौजूद रहे।



पौधरोपण करते डा. हेमंत मोहन, डा. आरती मोहन। अमृत विचार

### पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

**कानपुर।** भारती विद्यालय इंटर कॉलेज के भूतपूर्व प्रधानाचार्य वरिष्ठ समाजसेवी आरआर मोहन की प्रथम पुण्यतिथि पर जगह- जगह पौधरोपण किया गया। उर्सला अस्पताल में मरीजों को फल व स्वल्पाहार वितरण किया गया। पुलिस कमिश्नरेट सिविल लाइंस में पुलिस उपायुक्त हेड क्वार्टर सम कासिम आबिदी ने पीपल, नीम, बेल, शमी, अशोक के 15 पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उर्सला अस्पताल में डॉक्टर शैलेंद्र तिवारी जी एवं सीएमएस डॉक्टर मिश्रा की उपस्थिति में आरोग्यधाम के संस्थापक पुष्पा मोहन ने मरीजों को स्वल्पाहार वितरित किया। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. डॉक्टर शैलेंद्र तिवारी, वरिष्ठ होम्योपैथिक फिजिशियन डॉक्टर हेमंत मोहन डॉक्टर, आरती मोहन, उमा शर्मा, रमा शर्मा, समीर शुक्ला आदि रहे।



आईआईटी में कार्यशाला में मौजूद एक्सपर्ट व स्टूडेंट। अमृत विचार

### शोध कौशल बढ़ाने के लिए कार्यशाला

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर में पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों में शोध कौशल बढ़ाने के लिए कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में 'अपने शोध कौशल को कैसे सुधारें' विषय पर विशेषज्ञों ने राय प्रकट की। दो दिवसीय वर्कशॉप प्रो. नरसिम्हन सुंदरराजन (सेवानिवृत्त), एनटीयू सिंगापुर द्वारा संचालित की गई। कार्यशाला की शुरुआत प्रो. अभिजीत महापात्र (सह-डीन, शैक्षणिक कार्य) और प्रो. अर्क वर्मा (फैकल्टी सलाहकार, शैक्षणिक एवं करियर परिषद) ने की। कार्यक्रम में प्रो. सुंदरराजन ने 2 सौ से अधिक विभिन्न विभागों के स्नातकोत्तर छात्रों को शोध के क्षेत्र में सशक्त बनने के लिए आवश्यक उपकरणों और रणनीतियों के बारे में बताया। कहा कि आज का युग तकनीक का है। सबको तकनीक पर अपडेट रहना होगा।

### हाइराइडर वीक की शुरुआत

**कानपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 'टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर वीक' की शुरुआत की है। उत्तरी क्षेत्र में यह एक अनूठा ग्राहक जुड़ाव अभियान है। इसके जरिये कंपनी ने बेजोड़ मोबिलिटी अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। सप्ताह भर चलने वाला यह अभियान टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर की सफलता का जश्न मनाने के लिए है। इससे ग्राहकों को भारत की पहली मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक एसयूवी को करीब से देखने और आकर्षक पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा है। इस आयोजन के केंद्र में तमाम नई खासियतों से युक्त टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर 2025 है। उच्च विनिर्देशनों वाला इसका रूपांतर पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, आठ तरह से पावर-एडजस्ट करने योग्य ड्राइवर सीट और एक इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक (ईपीबी) से युक्त है। एक महत्वपूर्ण अपग्रेड के तहत अब सभी रूपांतरों में छह एयरबैग मानक हैं।

# जवान के खिलाफ छात्रा ने दर्ज कराया दुष्कर्म का केस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर क्षेत्र में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाली छात्रा का शारीरिक शोषण करने वाले नेवी जवान के खिलाफ फजलगंज पुलिस ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है।

कानपुर देहात में रहने वाली युवती ने बताया कि रावतपुर क्षेत्र में रहकर वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। आरोप है कि उसके बड़े भाई का दोस्त विजय सिंह भाऊपुर के चंपतपुर गांव का रहने वाला है। वह अक्सर उसके घर आता-जाता था। भाई की गैरमौजूदगी में आकर उससे नजदीकियां बढ़ाई। मोबाइल नंबर लेकर बातचीत करने लगा। एक दिन बहाने से फजलगंज के चार खंभा कुआ के पास होटल में मिलने बुलाया और नशीला जूस पिलाकर उससे दुष्कर्म किया। विरोध जताते ने पर शादी का झांसा देकर उससे कई बार शारीरिक शोषण किया। अश्लील फोटो व वीडियो बना ली थी, जिससे वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने छात्रा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। एसीपी स्वरूप नगर इंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि जवान के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

# खीज में संस्कार भूल गई है भाजपा: सपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने लगाया आरोप
- वृंदावन में 500 वर्षों से सेवारत गोस्वामियों को परेशान किया जा रहा
- महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था में योगी सरकार पूरी तरह फ्लाप



गंगापुल पर सपा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते सपाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इटावा में भागवताचार्य का अपमान करके भाजपा खीज मिटा रही है। वृंदावन में पिछले 500 वर्षों से सेवारत गोस्वामियों को परेशान किया जा रहा है। अपने खिसकते जनाधार को देखकर भाजपा संस्कार भूल गई है। ये आरोप सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने लगाए हैं।

बुधवार शाम सपा प्रदेश अध्यक्ष का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जाजमऊ गंगापुल पर जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पीडीए मिशन अभियान की सफलता को देखकर भाजपा पीडीए पर अत्याचार कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संतों का भी अपमान कर रही है जबकि योगी सरकार को प्रदेश में बढ़ती बिजली समस्या की चिंता नहीं है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम अंकित कराने के लिए सपा डोर टू डोर जाएगी। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में महंगाई के साथ ही बेरोजगारी बढ़ रही है। सरकारी दफ्तरों में लाखों स्थान रिक्त हैं लेकिन सरकार भर्ती करने के बजाय आउटसोर्सिंग के जरिये कंपनियों को खुश कर रही है। सपा के महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, रजत मिश्रा, आनंद शुक्ला रहे।

**सुनवाई** महापौर प्रमिला पांडेय ने जोन 3 की समस्याओं को सुना

# तालाब पर कब्जे से नाला सफाई में दिक्कत आती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नगर निगम में बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय व साथ में नगर आयुक्त सुधीर कुमार। अमृत विचार

- पार्षदों ने की शिकायत, नगर निगम ने दिए जांच के आदेश

**अमृत विचार।** मेरे क्षेत्र में राम लाल का तालाब होते हुए नाला जाता है, तालाब पर अतिक्रमण है, जिसके कारण नाला सफाई नहीं हो पा रही है। स्वास्थ्य विभाग की नालियों पर चबूतरे बन गए हैं, वहां भी सफाई नहीं हो पायी है। यह बात बुधवार को वार्ड 84 जूही कला के पार्षद अमित जायसवाल ने महापौर द्वारा आयोजित जोन की बैठक में कही। इस पर जेडएसओ जोन-3 आशीष वाजपेई ने महापौर से कहा कि 4 बॉबकट में 2 खराब रहते हैं। 13 लीटर डीजल मिलता है, जिससे प्रतिदिन 6 घंटे ही कार्य हो पाता है, जोन में 18 वार्ड हैं, इसलिये समस्याएं आती हैं। नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में नाला सफाई के सम्बन्ध में महापौर ने पार्षद एवं अधिकारियों के साथ बैठक की। नगर आयुक्त सुधीर कुमार भी मौजूद रहे। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया औद्योगिक क्षेत्र की व्यवस्था 01 अप्रैल 2025 से यूपीसीडा देख रहा है। लेकिन, औद्योगिक क्षेत्र का कूड़ा नगर निगम क्षेत्र में डाला जा रहा है। यूपीसीडा को पत्र भेजें कि अपना कूड़ा स्वयं निस्तारण करें या नगर निगम को धन उपलब्ध कराएं। बैठक में वार्ड 21 के पार्षद धीरेन्द्र कुमार, वार्ड 65 के पार्षद योगेन्द्र शर्मा, वार्ड 92 किदवई नगर दक्षिणी के पार्षद अवधेश त्रिपाठी, वार्ड 102 बेगमपुरवा की पार्षद अकील निशा, वार्ड 105 के पार्षद मो. मेराज, वार्ड 38 जूही हमीरपुर रोड के पार्षद हरी स्वरूप तिवारी, ने भी समस्या बताई। मुख्य अभियन्ता सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने कहा कि पार्षदों की शिकायत का जल्द निराकरण कराया जायेगा।

### नाला सफाई के बाद सिल्ट बाहर पड़ी

- वार्ड 70 कर्रही के पार्षद सन्तोष साहू ने बैठक में कहा कि नाला सफाई के बाद सिल्ट बाहर पड़ी है, पटिया भी बाहर रखी है, जहां-जहां नाले पर अतिक्रमण है, वहां पर सफाई कार्य नहीं हुआ है। इसके कारण गुंजन विहार, कर्रही का नाले का पानी नहीं निकल पा रहा हैं। जनता परेशान है। बर्रा बाइपास चौराहे पर सीवर ओवरफ्लो हो रहा है, किन्तु अभी तक कार्य नहीं हुआ है। दीक्षान्त कम्पनी की घर-घर से कूड़ा उठाने वाली गाड़ी सप्ताह में एक या 10 दिन में एक दिन जाती है।

## वाटर पार्क के पास सहजन की खेती

**कानपुर।** ब्लू वर्ल्ड वाटर पार्क से 5 किमी दूरी पर 65 बीघे में सहजन की खेती की शुरुआत की गई है। सहजन की अच्छी पैदावार के लिए कम से कम 10 एकड़ में कार्य किया जाना आवश्यक है। मोरिंगा फार्मिंग विशेषज्ञ डॉ. कामिनी सिंह ने ये जानकारी दी।

मनरेगा एवं एनआरएलएम द्वारा संयुक्त रूप से सहजन/मोरिंगा/ड्रम स्टिक पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने की। उपायुक्त श्रम ने बताया कि जय गौरी स्वंय सहायता समूह ग्राम पंचायत सैलाहा द्वारा 1000 मोरिंगा की नर्सरी तैयार की जा रही है। पौधे 20-25 दिन में रौपण के लिए तैयार हो जाएंगे। सीडीओ ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों को सहजन के 2-2 पौधे दिए जाएंगे।


हत्या के बाद मौके पर जमा भीड़। अमृत विचार


मामले की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

# घरेलू विवाद में पत्नी की पाटा मारकर हत्या

## सजेती थाना क्षेत्र के कोरिया गांव का मामला, बेटे की तहरीर पर पिता के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** सजेती में घरेलू विवाद में पति ने पत्नी के सिर पर पाटा मार दिया। जिससे पत्नी की मौके पर मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद पति घर से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटना की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। मौके पर पहुंचे एडीसीपी और एसीपी ने परिजनों से जानकारी जुटाई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है।

सजेती थाना क्षेत्र के कोरिया गांव में हीरालाल कोरी का देर रात अपनी पत्नी शिवकांती (60) से घर में किसी बात को लेकर कहासुनी में विवाद हो गया। इस दौरान हीरालाल ने घर में रखा पाटा उठाकर अपनी पत्नी के सिर पर मार दिया। इससे पत्नी की मौके पर मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद हीरालाल मौके से भाग निकला। नाती ने दादी को जमीन पर खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा तो फोनकर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही सजेती पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही हैं।


शिवकांती।

घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि सूचना मिली थी, फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जांच पड़ताल कराने के साथ महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

**एडीसीपी और एसीपी ने पहुंचकर जुटाई जानकारी :** पति द्वारा पत्नी की हत्या करने की सूचना मिलते ही कानपुर एडीसीपी योगेश कुमार और घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने घटनास्थल का जाएजा लिया। उन्होंने परिजनों और नाती से घटना की जानकारी जुटाई है। नाती ने अधिकारियों को अपनी आंखों देखी बात बताई है। अधिकारी भी नाती की बातें सुनकर दंग रह गए।

**बेटे ने दर्ज कराया मुकदमा :** बेटे विजय ने सजेती थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पिता होरीलाल ने मां शिवकांति की पाटा मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें लगाई हैं। पुलिस जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

### सड़क किनारे मिला वृद्ध का शव, शिनाख्त नहीं

**चौबेपुर।** कस्बे के बेला मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस के सामने सड़क किनारे बुधवार शाम वृद्ध का शव पड़ा मिला। तमाम प्रयास के बावजूद शिनाख्त न हो पाने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बुधवार शाम बेला मार्ग स्थित कन्हैया पाटी लॉन के सामने सड़क किनारे वृद्ध को मृत पड़ा देख लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जामा तलाशी कराई। इस दौरान जेब मे मिली एक डायरी में केवल जीवनलाल शर्मा नाम लिखा मिला। पुलिस पूछताछ में ग्रामीणों ने बताया कि वृद्ध कुछ दिनों से क्षेत्र स्थित मंदिरों के आसपास नजर आता था। पुलिस द्वारा तमाम प्रयास के बाबजूद मृतक की पहचान नहीं हो पाई। लगभग 60 वर्षीय मृतक के शरीर पर शर्ट पैंट व सिर में पट्टी बंधी थी। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि मृतक के बाबत जानकारी कराने के प्रयास के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# डीएवी स्कूल में डॉक्टरों ने डेमो कर सीपीआर की तकनीक सिखाई

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** यहां के नेयवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन (एनयूपीपीएल) टाउनशिप स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों और स्टाफ को सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। ताकि आवश्यकता पर किसी की जान बचाई जा सके।

विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रियंका गौर के मार्गदर्शन में एनयूपीपीएल एचआर टीम के सहयोग से यह कार्यशाला आयोजित की गई। प्रधानाचार्य ने कहा कि सीपीआर की तकनीक हर नागरिक को सीखनी चाहिए। यह ज्ञान किसी का जीवन बचा सकता है। एनयूपीपीएल जनरल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉ. इम्तियाज खान और उनकी स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने प्रशिक्षण दिया।



डेमो के दौरान सीपीआर देने के बाद जांच करती नर्स। अमृत विचार

उन्होंने सीपीआर के विभिन्न चरणों का प्रदर्शन किया। इसमें जांच, प्रतिक्रिया, छाती पर दबाव और कृत्रिम सांस देने की विधियां बारीकी से बताई। प्रतिभागियों को इन तकनीकों का अभ्यास भी करवाया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य ने कहा कि यह प्रशिक्षण सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने इसे सभी के लिए लाभकारी और ज्ञानवर्धक बताया।


## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कर्वी (चित्रकूट)

पत्रांक– कृ0उ0म0स0/कैन्टीन नीलामी/2025–143 दिनांक–25/06/2025

**कैन्टीन नीलामी की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल कर्वी में एक नग कैन्टीन (जलपान गृह) की नीलामी दिनांक– 10.07.2025 को समय 12.00 बजे (अपरान्ह) कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कर्वी में किया जाना नियत है।

कैन्टीन नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति आवेदन पत्र रू0–1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) में दिनांक: 26.06.2025 से प्राप्त कर वांछित प्रपत्रो के साथ रू0–25,000.00 (रू0 पच्चीस हजार मात्र) की जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट, एफ0डी0/बैंक गारन्टी जो कृषि उत्पादन मण्डी के पक्ष में बन्धक हो के रूप में दिनांक: 09.07.2025 तक जमा करने के उपरान्त नीलामी में भाग ले सकते हैं। आवंटन तीन वर्ष के लिये उच्चतम बोली के आधार पर किया जायेगा, जिसमें दूसरे और तीसरे वर्ष 10–10 प्रतिशत की वृद्धि कर धनराशि जमा करना होगा।

अत: इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में नीलामी तिथि में उपास्थित होकर भाग ले। शेष नियम व शर्ते यथावत रहेंगी।

(रामकुमार) सचिव
(पूजा साहू) सभापति/उपजिलाधिकारी 'सदर'
कृषि उत्पादन मण्डी समिति कर्वी–चित्रकूट


# शादी का झांसा दे युवक ने किया विवाहिता का शारीरिक शोषण

**बिल्हौर।** बिल्हौर थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक पर सोशल मीडिया के जरिए एक विवाहिता को प्रेम जाल में फंसाकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा है।

महिला का आरोप है कि शादी का झांसा देकर युवक ने उसके साथ कई बार संबंध बनाए और जब उसने शादी के लिए कहा, तो उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। औरैया जनपद के याकूबपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता, जो एक बेटी की मां भी है ने बुधवार को बिल्हौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि उसकी दोस्ती फेसबुक पर बिल्हौर के शिहुरा दाराशिकोह गांव निवासी एक युवक से हुई थी।

यह दोस्ती धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने शादी का झूठा वादा कर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, उसने बहला-फुसलाकर महिला से पैसे और जेवर भी ठग लिए। जब महिला ने युवक पर शादी करने का दबाव डाला, तो उसने न केवल शादी से इनकार कर दिया, बल्कि उसे और उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर रही है।

# अनाज और बर्तन ले गए चोर

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव चौकी अंतर्गत खदरी गांव में चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। यहां बीती रात चोरों ने छत के रास्ते उतर कर 15 क्विंटल अनाज और पीतल के बर्तनों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने थाने में चोरी की तहरीर देकर चोरों को पकड़ने की मांग की है।

खदरी गांव निवासी प्रदीप कुशवाहा ने साढ़ थाने में तहरीर देते हुए बताया कि रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वह लोग ताला लगाकर दूसरे घर खाना खाने चले गए। जब सुबह चार बजे देखा तो सारा अनाज गायब था और बड़े बक्से में रखे सारे पीतल के बर्तन गायब थे। उन्होंने बताया कि तीन क्विंटल उर्द, ढाई क्विंटल मूंग तीन क्विंटल लहसुन और साढ़े तीन क्विंटल गेहूं के साथ अन्य सामान छत से निकाल कर ले गए। घर में लगा ताला ज्यों का त्यों लगा था जिसकी सूचना डायल 112 में दी गई। साढ़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की जा रही है। शीघ्र ही चोरों को पता लगाया जाएगा।


खदरी गांव में चोरी के बाद खाली रखे ड्रम। अमृत विचार

# डीसीपी ने ग्रीनपार्क का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**कानपुर।** सिंदूर कप क्रिकेट मैच की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। डीसीपी ईस्ट सत्यजीत गुप्ता ने 25 जून को ग्रीनपार्क स्टेडियम का दौरा किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी ने इंट्री और एग्जिट, वीआईपी गेट, दर्शक दीर्घा की व्यवस्था देखी। इमरजेंसी इंट्री और एग्जिट व पार्किंग की जानकारी ली। क्राउड और ट्रैफिक मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इमरजेंसी सर्विसेज भी उपलब्ध रहेंगी। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। महिला सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे।

# बिजली समस्या पर किया हंगामा

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार।** बिधनू शंभुआ के श्यामनगर बस्ती में बीते एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति ठप है। पहले बिजली का पोल टूटा फिर ट्रांसफार्मर फुंक गया। समस्या लेकर पहुंचे उपभोगताओं को निस्तारण की जगह सबस्टेशन से टरका दिया गया। जिससे नाराज दो दर्जन से अधिक महिलाएं बुधवार को शंभुआ सबस्टेशन पहुंचीं और जमकर हंगामा करते हुए नारेबाजी की। एक घंटे प्रदर्शन के बाद अधिकारियों ने 24 घंटे के अंदर निस्तारण का भरोसा दिलाया।


शंभुआ सबस्टेशन पर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

शंभुआ बिजली सबस्टेशन से श्यामनगर बस्ती को बिजली आपूर्ति की जाती है। बीते एक सप्ताह पहले एक ट्रक की टक्कर से ट्रांसफार्मर का पोल टूट गया था। जिसकी वजह से चार दिन आपूर्ति बंद रही। पोल सही होते ही 63 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिसकी वजह से बस्ती की आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। आरोप है उपभोगता कई बार ट्रांसफार्मर बदलने को लेकर सबस्टेशन गए। जहां से उन्हें झूठा आश्वासन देकर टरका दिया गया। जिससे नाराज होकर बुधवार को शैलेन्द्र यादव, कमल, रत्ना, प्रेमा, रोली, संगीता, सरोज समेत दो दर्जन उपभोगताओं ने सबस्टेशन का घेराव कर हंगामा किया। अवर अभियंता घनश्याम द्विवेदी ने बताया कि गुरुवार तक नया ट्रांसफार्मर रखकर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

बैठक | खंड विकास अधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा की

# विकास कार्य निर्धारित समय–सीमा में कराएं

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन ब्लॉक सभागार में बुधवार को खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्देश दिए कि जो भी विकास कार्य चल रहे हैं उन्हें तय समय सीमा पर पूरा किया जाए। बैठक में पंचायत सहायक, सचिवों और ग्राम प्रधानों सहित सभी संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

बीडीओ यशवीर सिंह ने बैठक के दौरान फैमिली आईडी (पारिवारिक पहचान पत्र) बनाने की प्रक्रिया को शत-प्रतिशत पूरा करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी पंचायत सहायकों और सचिवों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य में तेजी लाएं ताकि कोई भी पात्र परिवार इससे वंचित न रहे। फैमिली आईडी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में से एक है। इसका लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। बैठक में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम), प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण और आरआसरी सेंटर के संचालन जैसे प्रमुख विकास कार्यक्रमों की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बीडीओ ने इन सभी योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मनरेगा के तहत रोजगार सृजन, आवास योजना के तहत गरीबों के लिए घर उपलब्ध कराना और स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से बात की गई। इसके अलावा, आरआसरी सेंटर के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए भी चर्चा हुई। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाएं आसानी से मिल सकें।


बैठक लेते ककवन बीडीओ यशवीर सिंह। अमृत विचार

समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर और प्रभावी ढंग से पूरे हों, बीडीओ यशवीर सिंह ने सभी कर्मचारियों और ग्राम प्रधानों से टीम भावना के साथ काम करने और विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने का आह्वान किया। इस मौके पर एपीओ शिशिर कुमार के साथ तमाम सचिव व पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर शहीद नित्यानंद गुप्ता को किया याद

**चौबेपुर।** कस्बा निवासी शहीद नित्यानंद गुप्ता की पुण्यतिथि पर बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कस्बा निवासी नित्यानंद गुप्ता एनडीआरएफ में कमांडेंट के पद पर तैनात थे। उत्तराखंड में आई भीषण त्रासदी के उपरांत केदारनाथ के गौरीकुंड में आपदा बचाव कार्य के दौरान 25 जून 2013 को हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से नित्यानंद गुप्ता शहीद हो गए थे। शहीद की याद में कस्बे के मेला मार्ग पर स्मारक स्थल का निर्माण कराया गया था। बुधवार को 12वीं पुण्यतिथि पर यहां कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां पूर्व सांसद व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य अंजू बाला, विधायक अभिजीत सिंह सांगा, आईटीबीपी, 32 बटालियन कानपुर के कमांडेंट आनंद यादव, इंस्पेक्टर ज्ञान सागर, एस आई पुष्पेंद्र यादव ने पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।


## बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ | सत्र : 2025–26

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा–डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा–डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)

**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स–रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड–243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# चौथे दिन भी युवक को खोज नहीं पाईं टीमें

- लखनऊ से एनडीआरएफ और कालपी से एसडीआरएफ आई
- सेंगुर नदी के चेकडैम में नहाते वक्त डूबा था फत्तेपुर का युवक

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** फत्तेपुर गांव के पास दोस्तों के साथ बीते रविवार को सेंगुर नदी के चेकडैम में नहाने के दौरान डूबे युवक का चार दिन बाद भी एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें पता नहीं लगा सकी हैं। चार दिन से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक युवक को एसडीआरएफ टीम ने सोमवार को ही बरामद कर लिया था।

डेरापुर तहसील क्षेत्र के फत्तेपुर निवासी दीपक (27) और जरौली गांव निवासी रोहित (21) अपने दोस्तों के साथ बीते रविवार की दोपहर गांव के पास सेंगुर नदी के चेकडैम में नहाने गए थे। इसी दौरान तीन युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे थे। इस पर आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक को बचा लिया था, जबकि दीपक और रोहित का कोई सुराग नहीं लग सका था। सूचना पर डेरापुर एसडीएम भूमिका यादव, थाना प्रभारी महेश कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे।

स्थानीय गोताखोरों के नाकाम रहने पर एसडीआरएफ टीम को बुलाकर तलाश शुरू कराई गई थी। हादसे के करीब 20 घंटे बाद सोमवार को एसडीआरएफ ने रोहित का शव सेंगुर नदी से बरामद किया था। वहीं दो दिन बीत जाने के बावजूद दीपक का कोई सुराग नहीं लग पाया है, जिससे लोगों में नाराजगी दिखी। मंगलवार को लखनऊ से एनडीआरएफ टीम ने यहां पहुंचकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।

एनडीआरएफ के सर्च ऑपरेशन के बावजूद चौथे दिन बुधवार को भी दीपक का कोई पता नहीं चल सका है। उधर, युवक की पत्नी अंकिता, बेटा अनमोल, भाई सुमित, अमित समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि सेंगुर नदी में युवक की तलाश के लिए एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें लगी हुई हैं। अभी तक युवक का पता नहीं चल सका है।



सेंगुर नदी में डूबे युवक की तलाश करतीं एनडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

## छीना-झपटी के दौरान मारा चाकू

**रूरा।** क्षेत्र के निगोहिया छोटेपुरवा के पास कुछ लोगों ने एक युवक को चाकू मार कर अधमरा कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कन्नौज जिले के ठठिया क्षेत्र के गढ़ीपुरवा की राजकुमारी ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की रात उसके पति नारायण सिंह छोटेपुरवा निगोहिया बहनोई गया प्रसाद के यहां जा रहे थे। मंदिर के पास दो-तीन युवक शराब पी रहे थे। उन्होंने पति को रोका और छीनाझपटी करते हुए मारपीट करने लगे। पति गांव की ओर भागे तो बाइक से पीछा कर पति पर चाकुओं से वार कर अधमरा कर दिया। लोगों ने उन्हें रसूलाबाद सीएचसी पहुंचाया, जहां से कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। हमले में छोटेपुरवा का अनुरुद्ध व उसका एक रिश्तेदार था। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने कहा कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सांप के डसने से किशोरी की मौत

- राजपुर क्षेत्र के बैना गांव में छत पर सो रही थी किशोरी
- सांस की आस में परिजन ले गए मध्य प्रदेश के रतनगढ़

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** राजपुर थाना क्षेत्र के बैना गांव में छत पर सोते समय किशोरी को जहरीले सांप ने काट लिया। पीएचसी से उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई।



दिव्या।

बैना गांव निवासी राजवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार रात खाना खाने के बाद उसकी बेटी दिव्या (14) परिवार के साथ छत पर सो रही थी। तभी बुधवार भोर उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। तेज दर्द होने पर दिव्या के चीखने पर परिवार के लोग जाग गए और हालत बिगड़ते देख किशोरी को राजपुर पीएचसी ले गए। जहां डॉ. ध्रुव सिंह ने गंभीर हालत के चलते मेडिकल कॉलेज अकबरपुर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में किशोरी की मौत हो गई।

डॉक्टर के अनुसार किशोरी की हाथ की अंगुली पर सर्पदंश के निशान मिले हैं। इधर किशोरी को जिंदा होने की आस में परिजन उसे मध्यप्रदेश के रतनगढ़ स्थित एक मंदिर ले गए। हालांकि बाद में परिजन किशोरी के शव को घर ले आए और अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए। मौत से मां मिथलेश कुमारी, बहन कशिश, भाई वंश आदि बिलखते रहे। थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।



किशोरी की मौत पर रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

## एक नजर

### ट्रैक्टर से बैट्री चोरी कर ले गए कार सवार दो शातिर

**राजपुर।** किसान के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से कार सवार चोर बैट्री व सेल्फ चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जैनपुर निवासी किसान सोनू सिंह ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को घर के बाहर उसका ट्रैक्टर खड़ा था। रात में सफेद कार सवार चोर आए और उसके घर से थोड़ी दूरी पर कार खड़ी कर दी। इसके बाद एक युवक निगहबानी करता रहा और दूसरे ने ट्रैक्टर से बैट्री व सेल्फ खोल लिया। इसके बाद कार सवार निकल गए। बुधवार सुबह ट्रैक्टर स्टार्ट करने गया तो पता चला। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है।

### किसान के चार बकरे चोरी

**राजपुर।** जैनपुर गांव निवासी किसान खिल्लू सिंह ने पुलिस को बताया कि मंगलवार देर शाम उसके घर के बाहर पशुबाड़े में कीमती चार बकरे बंधे थे। देर रात चोरों ने बकरों के गले में बंधी रस्सियों को काट दिया और उन्हें कार में लादकर भाग गए। बुधवार सुबह देखा तो बकरे गायब थे। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। वहीं गांव के लोगों का कहना है देर रात कार से आए चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है।

### सफर के दौरान महिला से अश्लीलता, रिपोर्ट दर्ज

**राजपुर।** औरैया से राजपुर आ रही कस्बे की महिला से युवक सफर के दौरान रास्ते भर अश्लील हरकतों के साथ ही भद्दे-भद्दे शब्दों का प्रयोग करता रहा। मना करने पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। राजपुर की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रविवार को औरैया से राजपुर मैजिक में बैठकर घर आ रही थी। सामने की सीट पर बैठा युवक अश्लील हरकतें करने लगा। वह अनदेखा कर महिला चुपचाप रही। तभी युवक ने अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। जब वह राजपुर में गाड़ी से उतरी तो आरोपी युवक ने उसकी साड़ी खींचकर बेइज्जत करना चाहा, लेकिन कपड़ा मजबूत होने पर नहीं फटा। किसी तरह उसने बचाव किया। इसके बावजूद युवक अश्लीलता करता रहा और गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। थाना प्रभारी कालीचरण कुशवाहा ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी टिंकल पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दो फैक्ट्री कर्मियों की मौत

## रनियां में देर रात हाईवे पर हुआ हादसा, खाना खाने के लिए निकले थे दोनों

- वनस्पति तेल बनाने वाली कंपनी में काम करते थे
- एक सीतापुर और दूसरा मध्य प्रदेश के सागर का निवासी

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक वनस्पति तेल बनाने वाली कंपनी के सामने कानपुर से इटावा जाने वाली लेन पर मंगलवार की देर रात हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार वाहन ने दो फैक्ट्री कर्मियों को टक्कर मार दी। पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में अकबरपुर मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां ईएमओ ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

रनियां थाने की पुलिस के अनुसार सीतापुर जनपद के तालगांव थाना क्षेत्र के मोहम्मदीपुर निवासी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह (50) और मध्य प्रदेश के सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र के बिछिया निवासी राकेश कुर्मी (33) रनियां की वनस्पति तेज बनाने वाली फैक्ट्री में साथ काम करते थे। मंगलवार की देर रात दोनों साथ खाना खाने के लिए फैक्ट्री के बाहर निकले थे और नेशनल हाईवे पार कर रहे थे। इसी दौरान कानपुर की ओर से आए तेज रफ्तार वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अकबरपुर मेडिकल कालेज भेजा, जहां ईएमओ ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मध्य प्रदेश से आए भाई सत्यम ने बताया कि उसके बड़े भाई राकेश कर्मी रनियां स्थित तेल बनाने वाली कंपनी में काम करते थे। हादसे की जानकारी मिलने पर वह भाभी कल्पना और परिजनों के साथ यहां पहुंचा। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। उप निरीक्षक देवेंद्र पाल ने शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### भोगनीपुर में हादसा, ट्रैक्टर चालक की गई जान

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के देवीपुर पुल के समीप एक ट्रैक्टर अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे देवीपुर पीएचसी ले गई, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बनारअलीपुर निवासी राजेंद्र सिंह (45) बुधवार को अकबरपुर की ओर से ट्रैक्टर में बिजली के खंभे लादकर भोगनीपुर की ओर आ रहा था, तभी देवीपुर के समीप वह अज्ञात वाहन से टकरा गया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस उसे देवीपुर पीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### जैनपुर चौराहे पर मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**कानपुर देहात।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के जैनपुर स्थित पेप्सी चौराहे मंगलवार की रात एक अधेड़ बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज भेजा, जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसकी शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। वह नीली शर्ट व काली जींस पहने था। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## जेवर-नकदी छीन वृद्धा को धक्का दे भागे बाइक सवार

**सिकंदरा।** जटियापुर नहर पुल और पिंडाथू झाल के बीच घनी पतार की झाड़ी के पास बुजुर्ग महिला से दो बाइक सवार लुटेरों ने सोने-चांदी के जेवर व नकदी छीन ली और धक्का देकर भाग गए। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले, लेकिन सुराग नहीं लगा।

झींझक निवासी दयाराम की पत्नी राममूर्ति (67) ने बताया कि वह सिकंदरा क्षेत्र के जमौरा गांव अपने बीमार भाई रामनाथ को देखने जा रही थी। वह गुर्दाही नहर पुल पर उतरीं थीं,जहां कई लोग बैठे थे। काली बाइक सवार दो युवक खड़े थे, जिन्होंने जमौरा का निवासी बताया और बाइक पर बैठा लिया। पिंडाथू के रास्ते पर ले जाने लगे तो उन्होंने उतारने को कहा। लुटेरों ने झाल के समीप पतार की झाड़ियों के पास कान के बाले, गले की सोने की चेन, चांदी की तोड़िया व बैग से पांच हजार छीन लिए और धक्का देकर भाग गए। सिकंदरा थाना प्रभारी हरिओम त्रिपाठी ने कहा कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बचाव पक्ष के गवाह से जिरह का मौका खत्म

**बिकरू कांड**

- बचाव के उपस्थित न होने पर कोर्ट ने समाप्त किया अवसर
- मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 जुलाई की तिथि नियत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बहुचर्चित बिकरू कांड के मुख्य मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। बुधवार को इस मामले में अभियोजन गवाह से जिरह के लिए बचाव पक्ष के अदालत में उपस्थित न होने से जिरह का अवसर समाप्त कर दिया गया है। अब अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 2 जुलाई की तिथि नियत की है।

कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में 2 जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस की टीम पर कुख्यात विकास दुबे गैंग ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। इस फायरिंग में तत्कालीन बिल्हौर सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने 45-50 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। मामले में अभियोजन गवाह उपनिरीक्षक कमलेश पटेल से बचाव पक्ष की जिरह चल रही है। पिछली तिथियों में कई आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष की गवाह से जिरह हो चुकी है। वहीं अभी कुछ की शेष है।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रेमचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को अदालत में अभियोजन गवाह उपस्थित रहा, लेकिन बचाव पक्ष की ओर से जिरह के लिए किसी के अदालत उपस्थित न होने पर अदालत ने जिरह का अवसर समाप्त कर दिया है। वहीं अभियोजन को अगले गवाह को पेश करने के आदेश देते हुए मामले की सुनवाई को 2 जुलाई की तिथि नियत की है।

## बिजली गिरने से युवक की मौत

**रनियां।** मानसूनी बारिश के दौरान चिरौरा गांव में खेत से घर आ रहे युवक पर आकाशीय बिजली गिर गई। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

क्षेत्र के चिरौरा निवासी किशोरी लाल गौतम ने बताया कि उनका पुत्र हरिओम गौतम (22) बुधवार की सुबह खेत से घर लौट रहा था। घर से 200 मीटर पहले हल्की बूंदाबांदी के बीच आकाशीय बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में आकर हरिओम गंभीर रूप से झुलस गया। पुलिस को सूचना देने के बाद परिजन उसे अकबरपुर मेडिकल कालेज ले गए, जहां ईएमओ ने हरिओम को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार मिश्रा, राजस्व निरीक्षक अजय सिंह, लेखपाल सचिन गौतम व थाना प्रभारी संजय कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे और जानकारी ली।

# रनियां में 20 दुकानों पर गरजा बुलडोजर

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** औद्योगिक क्षेत्र रनियां में एलीवेटेड ओवरब्रिज निर्माण में बाधक बनी हाईवे किनारे दुकानों को हटाने का काम मंगलवार से शुरू हो गया है। दूसरे दिन बुधवार को एनएचएआई ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हाईवे के नाले से 20 दुकानों का अतिक्रमण बुलडोजर से हटवाया।

कानपुर-इटावा व झांसी को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे रनियां नगर पंचायत से होकर गुजरता है। हाईवे के दोनों ओर घनी आबादी है और हर रोज हजारों लोगों का आवागमन होता है। दुकानों के अतिक्रमण के कारण हाईवे पर रास्ता संकरा हो गया है और दिन जाम लगता है। वहीं ओवरब्रिज न होने के चलते हाईवे पार करते समय हादसे होने से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। जिसके चलते ओवरब्रिज निर्माण की मांग पर एनएचएआई की ओर से हाईवे का सर्वे कर दिल्ली मुख्यालय प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है, लेकिन दुकानों का अतिक्रमण होने के कारण एलीवेटेड ओवरब्रिज निर्माण में बाधा आ रही थी।





रनियां में अवैध अतिक्रमण को ढहाता बुलडोजर। अमृत विचार





बुलडोजर चलने पर खुद अतिक्रमण हटाते दुकानदार।

- एलीवेटेड ओवरब्रिज निर्माण में बाधक अतिक्रमण ढहाया गया

करीब ढाई साल से एनएचएआई के अधिकारी 117 मकान व दुकानों को हटाने का नोटिस दे रहे हैं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए थे। मंगलवार को एसडीएम व फोर्स की मौजूदगी में 25 दुकानों को बुलडोजर से हटवाया गया था। वहीं बुधवार को भी अतिक्रमण हटाने का काम जारी रहा। एनएचएआई टीम ने भारी पुलिस बल के साथ हाईवे किनारे नाले पर रखी दुकानों को बुलडोजर से हटवाया। साथ ही दोबारा कब्जा न करने की हिदायत दी। वहीं कार्रवाई को देखकर कई दुकानदार अपना सामान समेटते दिखाई दिए। डीपीएम आलोक सिंह ने बताया कि एलीवेटेड ओवरब्रिज निर्माण को लेकर अतिक्रमण हटाने का कार्य दूसरे दिन भी जारी रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा।

## सार-संक्षेप



राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, पूर्व सांसद अनिल शुक्ल को ज्ञापन देते लोग। अमृत विचार

### अटल बिहारी वाजपेई जी के नाम हो जुगराजपुर सीएचसी

**शिवली।** जुगराजपुर में नवनिर्मित सीएचसी का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई के नाम पर रखे जाने की मांग उठी है। वर्ष 2018 में रूरा-शिवली रोड पर सीएचसी का शिलान्यास हुआ था। उसी समय पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई का नाम रखने की मांग उठी थी। पिछले दिनों सीएमओ डॉ. एके सिंह ने निरीक्षण कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को पत्रकार विधिक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ वीरेंद्र अग्निहोत्री, वतनराज अग्निहोत्री, मनीष सैनी, शिवा पांडेय ने राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला से मुलाकात की और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण स्व. अटल बिहारी के नाम पर करने की मांग उठाई। राज्यमंत्री ने बताया कि नामकरण वाला पत्र उप मुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को भेज दिया है। इस मौके पर पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी भी मौजूद रहे।



सर्किट हाउस में बैठक करतीं महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती।

### महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष ने की बैठक

**कानपुर देहात।** राज्य महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने बुधवार को माती सर्किट हाउस सभागार में समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। यहां सीएमओ डॉ. एके सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने बरौर की काला दिवस संगोष्ठी में भी भाग लिया। गोष्ठी में श्रीकांत पाठक, जिलाध्यक्ष रेणुका सचान, डॉ.सतीश शुक्ला ने लोकतंत्र सेनानी बंसलाल कटियार, महेश भदोरिया, प्रेम शंकर सचान, संतोष धीरज को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।



सपा विधायक अमिताभ बाजपेई को ज्ञापन के साथ प्रतीक चिह्न देते यूटा पदाधिकारी।

### यूटा ने सीएम के नाम सपा विधायक को सौंपा ज्ञापन

**कानपुर देहात।** बुधवार को यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) की कानपुर देहात इकाई ने जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कम छात्र संख्या के आधार पर परिषदीय विद्यालयों के मर्ज या युग्मन किए जाने के निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम समाजवादी पार्टी के आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि शासन ने 50 से कम छात्र संख्या वाले बेसिक स्कूलों को पास के ही स्कूल में मर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इससे जिले के कई विद्यालय बंद होंगे और गरीब छात्रों पर इसका असर पड़ेगा। इस मौके पर महामंत्री शिव गोविंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार, कोषाध्याय संदीप कुमार, अमित मिश्रा, प्रदीप कुमार, आशुतोष यादव, धर्मेंद्र कुमार, मनोज कुमार कमल आदि मौजूद रहे।

**लापरवाही पर सख्ती** सरवनखेडा व रसूलाबाद सीडीपीओ का रोका वेतन, राजपुर सुपरवाइजर से स्पष्टीकरण मांगा

# धीमी प्रगति पर एक्सईएन को नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन.की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बुधवार को जिला पोषण समिति की बैठक हुई। इस दौरान सीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण सुस्त होने पर आरईडी के अधिशाषी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी कर हर हाल में 30 जून तक कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में सीडीओ लक्ष्मी एन. ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र, वहां पीने के पानी की व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन की स्थिति, शौचालय व्यवस्था, पुष्टाहार वितरण, ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस मशीनों का विवरण व कार्यप्रणाली, अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती समेत अन्य बिंदुओं को लेकर समीक्षा की। जिला कार्यक्रम अधिकारी आरबी सिंह ने बताया कि जनपद के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन करते हुए पंजीकृत लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है।

बैठक के दौरान सीडीओ को बताया गया कि वर्तमान समय में आरईडी (ग्रामीण अभियंत्रण विभाग) की ओर से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी प्रगति अत्यंत धीमी है। सीडीओ ने अधिशाषी अभियंता आरईडी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 30 जून तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि नियत तिथि से पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया जाता है तो संबंधित को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।

वहीं समीक्षा में आधार एवं मोबाइल प्रमाणीकरण कराए जाने की स्थिति में सीडीपीओ सरवनखेडा व रसूलाबाद की प्रगति कम मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक दिन का वेतन रोकेने के निर्देश दिए। हॉट कुक्ड मील योजना में सुपरवाइजर राजपुर द्वारा लापरवाही पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने को कहा गया। इस दौरान सीडीपीओ अकबरपुर राकेश यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



बुधवार को विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.। अमृत विचार

# तय रास्तों से ही निकालें ताजिया जुलूस: डीएम

- जिलाधिकारी ने शांति समिति की बैठक में दिए सख्त निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और विद्युत आपूर्ति, पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा एवं यातायात आदि की व्यवस्थाएं दुरस्त रखें।

बैठक में डीएम आलोक सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक संदेशों पर सतर्क निगरानी रखी जाए। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी धार्मिक आयोजनों को पारंपरिक रूप से मनाया जाए। आयोजनों की पूर्व अनुमति अनिवार्य रूप से ली जाए। ताजिया सिर्फ पूर्व निर्धारित मार्गों पर ही निकाले जाएं। किसी भी स्थिति में मार्ग परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। ताजिया की ऊंचाई मानक के अनुरूप रखी जाए, ताकि तार, ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था में बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। जिसे निर्धारित सीमा में ही रखा जाए। वहीं कांवड़ यात्रा के दौरान राष्ट्रीय ध्वज, धार्मिक प्रतीकों एवं भावनाओं का सम्मान करते हुए यात्रा निकाली जाए। सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ पर्वों को शांतिपूर्वक मनाएं। पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र ने कहा कि प्रशासन सभी वर्गों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करेगा।



# अंतरिक्ष की उड़ान





### राकेश शर्मा मेरे आदर्श हैं

अंतरिक्ष में उड़ान से पूर्व शुभांशु शुक्ल ने कहा कि मेरे आदर्श भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा हैं। मैं उनसे बेहद प्रभावित हूं। उनको पढ़कर बड़ा हुआ हूं। मैं जिस सफर पर हूं, यह एक लंबी यात्रा रही है। मुझे नहीं पता था कि यह यहां तक पहुंच जाएगा। मैं यह मौका पाकर खुद को भाग्यशाली और खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं, उड़ना हमेशा से ही मेरा एक सपना रहा है। मैं बहुत खुश हूं...।

'नमस्कार। मेरे प्यारे देशवासियों, क्या यात्रा है। हम 41 साल बाद एक बार फिर अंतरिक्ष में वापस आए हैं। यह एक अद्भुत सवारी है। हम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी के चारों ओर घूम रहे हैं। मेरे कंधों पर उभरा हुआ तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। मेरी यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की शुरुआत नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है। मैं चाहता हूं कि आप सभी इसका हिस्सा बनें। इस यात्रा पर आपका सीना भी गर्व से चौड़ा हो जाना चाहिए... आइए, मिलकर भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत करें। लखनऊ के शुभांशु ने जब यह संदेश भेजा तो उसे पढ़कर/देखकर मौजूद राजधानीवासी गर्व से अभिभूत हो गए। शुभांशु के अंतरिक्ष में रवाना होते ही समूचा सीएमएस कंपाउंड भारत माता की जय और वंदेमातरम का जयघोष गूंज उठा। शुभांशु ने सीएमएस से शिक्षा पाई है।'

# शुभांशु ने छुआ आसमान

## मां ने मांगी दुआ, पिता बोले-मिशन गढ़ेगा कीर्तिमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** 'मेरा शुभांशु.. लखनऊ का शुभांशु... प्रदेश/देश का शुभांशु। हमें उस पर नाज। उसकी अंतरिक्ष उड़ान सफलता की नई इबारत लिखेगी। हमारा शुभांशु मिशन में जरूर कामयाब होगा। हम ईश्वर से प्रार्थना और आशीर्वाद मांगते हैं कि इस अंतरिक्ष मिशन से हमारा देश सफलता के नीत कीर्तिमान गढ़े। हमें शुभांशु पर नाज है। उसका अंतरिक्ष मिशन हर हाल में सफल होगा। क्योंकि ईश्वर के आशीर्वाद के साथ करोड़ों भारतवासियों की दुआएं भी तो उसके साथ है। अंतरिक्ष में मिशन पूरा कर वह धरती पर सकुशल आएगा।'

सीएमएस,लखनऊ में आयोजित 'व्योमोत्सव' में यह कहते शुभांशु की मां आशा शुक्ला के नेत्र भर आए। लेकिन, उनके ये आंसू खुशी के हैं। ...और हो भी क्यों न? उनका होनहार बेटा अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला दूसरा भारतीय जो बन बैठा है।

मां आशा की तरह ही पिता शंभू दयाल शुक्ला भी गर्व व रोमांच से भरे दिखे। वे बार-बार ईश्वर का धन्यवाद करते दिखे। बताया कि शुभांशु का अंतरिक्ष मिशन सफलता का कीर्तिमान गढ़ेगा। साथ ही वे अपने बेटे की सलामती की दुआ मांगते भी दिखे। बुधवार को 'व्योमोत्सव' में मौजूद लोगों में तो अलग ही उत्साह और रोमांच दिख रहा था। उधर, शुभांशु के अंतरिक्ष उड़ान के ऐतिहासिक क्षण का लाइव प्रसारण सिटी मांटेसरी स्कूल(सीएमएस) में किया गया। इस अवसर पर सीएमएस की सभी ब्रांच के छात्र और टीचर मौजूद रहे।

इस दौरान शुभांशु के परिजन भी रहे। सीएमएस में आयोजित 'व्योमोत्सव' के माध्यम से सभी ने यान का लाइव प्रसारण देखा। जैसे-जैसे यान के लांच होने का समय नजदीक आता जा रहा था लोगों का रोमांच आसमान छू रहा था। जैसे ही स्पेसएक्स फाल्कन-9 रॉकेट ने अमेरिका के फ्लोरिडा से भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे आकाश की ओर उड़ान भरी वैसे ही स्कूल के वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर तालियों, अश्रुपूरित आंखों और हर्षोल्लास से गूंज उठा। हर किसी ने भारत माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए।



शुभांशु का राकेट उड़ता देख भावुक मां आशा।

### माता-पिता हुए भावुक

शुभांशु शुक्ल के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है, बहुत खुशी है। मैं भगवान का धन्यवाद करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि उसका मिशन सफल रहे, भगवान उसे आशीर्वाद दें। उनकी मां आशा शुक्ला की आंखें नम हो गईं। वह अपनी आंखें पोंछती हुई बोली यह देश के लिए गर्व की बात है, बेटे का मिशन कामयाब हो, वह सकुशल वापस लौट आए यही प्रार्थना है।

### कपोला विंडो की प्रतिकृति प्रदर्शित

लाइव लॉन्च टेलीकास्ट कार्यक्रम के दौरान अंतरिक्ष स्टेशन की 'कपोला' विंडो की प्रतिकृति, डीफाई ग्रेविटी फोटो बूथ, टेलीस्कोप से आकाश दर्शन, सिम्युलेटेड मिशन कंट्रोल सेंटर को भी दिखा गया।



सीएमएस में लाइव लांचिंग देखने के बाद प्रसन्न मुद्रा में भारती गांधी, शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ल, मां आशा शुक्ला, बहनें शुचि मिश्रा, निधि और पीछे खड़े छात्र व छात्राएं। अमृत विचार



ईश्वर से प्रार्थना करतीं शुभांशु की छोटी बहन शुचि मिश्रा।

### 1985 में लखनऊ में जन्म

शुभांशु शुक्ल का जन्म 1985 में लखनऊ में हुआ और उन्होंने सीएमएस अलीगंज कैम्पस से मॉन्टेसरी से लेकर कक्षा 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक होकर वर्ष 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन प्राप्त कर फाइटर पायलट बने। 2000 से अधिक घंटे का उड़ान अनुभव रखने वाले शुभांशु को वर्ष 2019 में गगनयान मिशन के लिए चुना गया और बाद में अंतरिक्ष मिशन के लिए पायलट नियुक्त किया गया। अपने 14 दिवसीय अंतरिक्ष अभियान में वे नासा की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पेगी व्हिटसन (मिशन कमांडर) तथा हंगरी व पोलैंड के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मिलकर मानव शरीर, पोषण और शून्य गुरुत्वाकर्षण में बीज अंकुरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध करेंगे।

### मिशन में होंगे 60 प्रयोग

इस मिशन में कुल 60 प्रयोग किए जाएंगे जिसमें भारत के 6 प्रयोग किया जाना है। धातुविज्ञान, सूक्ष्म जैवप्रोद्योगिकी, माईक्रो ग्रेविटी आदि पर प्रयोग किया जाना है। अंतरिक्ष यात्राओं में विभिन्न देश अपने शोध के विषय देते हैं जिनको नासा लिस्ट में डालकर सूची तैयार करता है। उनका यह मिशन देश के तेजी से बढ़ते विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की पहचान है। हम अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पहले से बेहतर करते आ रहे हैं। अंतरिक्ष में भारत के दूसरे मिशन से वैश्विक स्तर पर हमारी साख बढ़ेगी। इसके अलावा जिन विषयों पर भारत शोध करना चाहता है वह वैश्विक कल्याण के लिए है। जिन छह बिंदूओं पर प्रयोग किया जाना है उनमें कृषि, बायोटेक्नॉजी संबंधित विषय हैं जिससे नवाचार, शोध और नए प्रयोग के अनेक मार्ग खुलेंगे। भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।



स्पेश शटल ने जैसे ही अंतिरक्ष के लिए उड़ान भरी, लखनऊ के सीएमएस में सीधा प्रसारण देख रहे लोग मारे खुशी थिरकने लगे। अमृत विचार

# लांचिंग का पल-पल रहा रोमांच से भरपूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ के शुभांशु शुक्ला एक्सियम मिशन-4 के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हो गए। शुभांशु को उनके स्कूल सीएमएस ब्रांच से भी लोगों ने स्पेस स्टेशन में जाते हुए देखा। अंतरिक्ष यान लांचिंग का लाइव टेलीकास्ट देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। बुधवार सुबह दस बजे ही कानपुर रोड स्थित स्कूल पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और सीएमएस की सभी शाखाओं के शिक्षक भी मौजूद रहे। स्क्रीन पर लाइव टेलीकास्ट के प्रसारण की व्यवस्था के साथ अंतरिक्ष के कृत्रिम मॉडल भी प्रदर्शन के लिए रखे गए थे। सीएमएस कानपुर रोड स्थित शाखा पर शुभांशु के माता पिता और उनकी दो बड़ी बहनें भी पहुंचीं। जिनका विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया। अंतरिक्ष यान के लांचिग का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा था लोगों का रोमांच बढ़ता जा रहा था। यान को 12 बजकर एक मिनट पर उड़ान भरना था, इसका समय करीब आते ही लोगों का रोमांच चरम पर पहुंच गया और सीएमएस का आडिटोरियम भारत माता की जय और बंदेमातरत से गूंजने लगा।

### छात्रों ने कहा, शुभांशु हमारे हमारे आदर्श



अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल के बचपन के स्कूल के छात्र दक्षराज सिंह ने कहा कि शुभांशु शुक्ल मेरे आदर्श हैं, हम भी बडे होकर देश सेवा करेंगे और देश का नाम रौशन करेंगे। दक्षराज सिंह को अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान हासिल हो चुका है।



-सीएसएस की छात्रा परी अग्रवाल जिनको अमेरिकी स्कॉलरशिप प्राप्त हो चुकी है उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व का विषय है। हमारे विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विभूतियां हैं जिनसे हम सबको प्रेरणा मिलती है।

### शुभांशु की यात्रा संभावना का प्रकाश स्तंभ



सीएमएस की संस्थापिका और निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि सीएमएस के अनेक छात्रों ने देश का नाम रोशन किया है। लेकिन शुभांशु की यह यात्रा प्रत्येक भारतीय बालक-बालिकाओं के लिए संभावना का प्रकाश स्तंभ बन गई है। शुभांशु के इस मिशन से सीएमएस सहित देश के अनेक छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी और वह जीवन में आगे चलकर देश के लिए सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रदेश और देश में छात्र-छात्राओं को विज्ञान व तकनीकि के अध्ययन के लिए प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा हमारे छात्र वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन करने को प्रेरित होंगे।

## शुभांशु के माता-पिता के साथ टीचर्स ने किया भांगड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शुभांशु शुक्ला ने जैसे ही अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी,उनके माता-पिता रोमांचित होकर ताली बजाने लगे। खुशी के मारे शुभांशु की मां की आंखों से आंसू छलक पड़े। हाथ जोड़कर उन्होंने बेटे की सलामती की दुआ की। मिशन की सफल लॉन्चिंग के बाद शुभांशु के माता-पिता, स्कूल के टीचर्स ने भांगड़ा किया। शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि इस पल का इंतजार लंबे अरसे से था। मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। कभी नहीं सोचा था कि बेटा इतनी ऊंचाई पर जाएगा। बेटा 14 दिन के लिए अंतरिक्ष में गया है, उसका मिशन कामयाब हो और वह सकुशल वापस आए यही दुआ है।

### शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान गौरव का क्षण : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ स्थित शुभांशु शुक्ला के आवास पर जाकर उनके माता-पिता और परिजनों को बधाई और मिशन सफल होने की शुभकामनाएं दीं शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान को उन्होंने देश एवं लखनऊ के लिए गौरव का क्षण भी बताया।



शुभांशु शुक्ल के माता-पिता और परिजनों को बधाई देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### महापौर ने भी दी बधाई

**अमृत विचार लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को लखनऊ के गौरव भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर जाकर परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस उपलब्धि पर उनकी माता आशा शुक्ला एवं पिता शंभु दयाल शुक्ला से भेंट कर इस अद्भुत क्षण के लिए बधाई दी और कहा कि "यह उपलब्धि भारत के वैज्ञानिक और सामरिक सामर्थ्य को दर्शाती है। शुभांशु शुक्ला युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी पम्मी सहित पार्षद मुन्ना मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### वर्ग पहेली-13

**बाएं से दाएं**

3.1.पानी गिरने की ध्वनि 2.ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3.धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।

4.1.चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2.किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3.टीस उठना 4.किसी की याद में तड़पना।

5.1.कंघा, कंघी 2.कंधा, भुजबल।

6.1.ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2.नाक के योग से बोलने या गाने वाला।

8.1.पत्रभाग 2.स्तंभ 3.पंक्ति 4.हाशिया।

**ऊपर से नीचे**

1.1.भोग करने वाला, भोगी 2.खाने वाला, भक्षक 3.भोजन पर आमंत्रित अतिथि।

2.1.किसी को दबाना 2.रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।

3.1.किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2.दूर या अलग रहना 3.बंधन से निकल जाना 4.कूदना, उछलना 5.किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता

5.1.साग-सब्ज़ी 2.हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3.तरकारी।

7.ज्योतिष, तारे, सितारे।



### वर्ग पहेली -12 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | शी | ■ | 2 आ | ■ | ■ | 3 फ़े |
| ■ | ■ | 4 म | न | ब | सि | या |
| 5 ए | ■ | ■ | न | ■ | ■ | ज़ी |
| 6 की | श | ■ | फा | ■ | 7 फ | ■ |
| क | ■ | 8 अ | न | भ | ला | ■ |
| 9 र | ह | मा | न | ■ | दे | ■ |
| ण | ■ | न | ■ | 10 सं | श | य |

### सुडोकू -20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 3 | | | 4 | |
| 2 | 8 | | | | 5 | | 6 | 7 |
| | | 6 | 4 | | | 1 | | |
| | 6 | 9 | 2 | | 3 | | 5 | 8 |
| 8 | | 5 | | | 6 | 4 | | |
| | 3 | | 5 | | | | 1 | |
| 6 | | | | | 2 | 9 | | 1 |
| 9 | | 3 | 7 | | | | 8 | |
| | 5 | | | 6 | 9 | | | 4 |

### सुडोकू - 19 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 8 | 3 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा-13.24 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृतिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 08.46 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष:** आज का दिन अत्यंत शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जाने का विचार बना सकते हैं। कारोबारी यात्रा के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

**वृष:** आज लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। इसके कारण कुछ मित्रों से संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा। फाइनेन्स संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन:** आज नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसके लिए मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आयेगी। शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणादायक रहेगा। गले में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क:** आज आपके ऊपर बेवजह के आरोप लग सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। अनेक बाधाओं के साथ आपके काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं।

**सिंह:** आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जायेगा। इंटरनेट के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**कन्या:** आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। शरीर में थोड़ी थकावट हो सकती है, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती हैं। करियर को लेकर चिंता हो सकती है। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**वृश्चिक:** आज किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। इसके कारण आपका मन भी अशान्त हो सकता है। बहसबाजी के बजाय आज शांत होकर रहें।

**धनु:** आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट कर सकता है। सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। व्यवसाय को लेकर नए विकल्प आज आपको मिलेंगे। भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। व्यवसाय में टैक्स आदि को लेकर परेशानियां दूर होंगी।

**मकर:** आज कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या होने की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

**कुंभ:** आज प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्रों को करियर को लेकर थोड़ी कन्फ्यूजन हो सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क कम करना हितकर होगा। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मीन:** आज वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। जिसके कारण मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा। नए बिजनेस रिलेशन को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में नुकसान हो सकता है।

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्ष्णं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत् ॥

मन, वचन, और कर्म से हम लगातार जिस वस्तु के बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अत: हमें सदा शुभ चीजों का चिंतन करना चाहिए।

## संपादकीय

# टकराव टालने का अवसर

इजराइल और ईरान के बीच लागू हुआ युद्ध विराम एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सुखद है कि यह लागू कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने दोनों देशों से युद्ध विराम की घोषणा का पूरा तरह से पालन करने का आग्रह किया है। इजराइल द्वारा 13 जून को ईरान में परमाणु केन्द्रों व सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए जाने के साथ ही हिंसक टकराव की शुरुआत हो गई थी, जिसके बाद अमेरिका ने भी ईरान के तीन परमाणु केन्द्रों को निशाना बनाया। जवाब में ईरान ने कतर में एक अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हमले किए। इससे क्षेत्र में असुरक्षा और गहरी हुई। इस बीच अमेरिका की मध्यस्थता के बाद दोनों देशों में समझौता हुआ। इन हमलों में बड़े पैमाने पर जान-माल की हानि हुई है। गौरतलब है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के इरादे से सुरक्षा परिषद की बैठक में 2015 में एक समझौते पर सहमति हुई थी, जिसे संयुक्त व्यापक कार्रवाई योजना के नाम से जाना जाता है, और इसकी अवधि इस वर्ष अक्टूबर में समाप्त हो रही है। यूएन अवर महासचिव रोज़मेरी डीकार्लो के अनुसार इस समझौते के समर्थन में पारित हुए प्रस्ताव की शर्तों को पूरा नहीं किया गया है। ओमान के सहयोग से ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच पांच दौर की द्विपक्षीय वार्ता के बावजूद, परमाणु समझौते को पूरी तरह लागू करने की दिशा में कोई रास्ता नजर नहीं आया है। ईरान व इजराइल के हिंसक टकराव की वजह से वार्ता के छठे दौर को स्थगित कर दिया गया था। ईरान के अनुसार, इसराइली हमलों में कम से कम 606 लोगों की जान गई है और 5,300 घायल हुए हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का परमाणु नष्ट हो गया है, जबकि अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है। साथ ही ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने कहा कि आक्रामक दुश्मन परमाणु सुविधाओं को नष्ट करने और परमाणु ज्ञान को कम करने के साथ-साथ सामाजिक अशांति को भड़काने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा। इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम पर सहमति की खबर निश्चित रूप से अच्छी बात है। परंतु देखना होगा कि इस युद्ध का आगे जाकर क्या असर होने वाला है। युद्ध विराम समझौता एक भयावह टकराव को टालने और ईरान परमाणु मुद्दे को शातिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए एक अवसर है। अब इस मुद्दे के कूटनीतिक समाधान की तलाश की जानी होगी।

# युद्धप्रिय देशों पर हावी न्यूक्लियर वार टेक्नोलॉजी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है।**

ईरान के विरुद्ध इजराइल और अमरीका ने युद्ध लड़ा उसमें किन लोगों की जीत हुई है। न तो अमरीकनों की और न ही ईरानियों की। यहूदी और क्रिश्चियन के विरुद्ध ईरान के शिया मुसलमानों की भी नहीं बल्कि इस नई शैली के युद्ध में जीत हुई है टेक्नोलॉजी की। सीग्फ्रिड गेईडियोन ने सन 1947 में प्रकाशित किताब मैकेनाइज़ेशन टेक्स कमांड में भविष्यवक्ता की तरह महसूस किया था कि टेक्नोलॉजी के विकास के उस समय स्वरुप और गति को देखते हुए एक दिन ऐसा आएगा जब टेक्नोलॉजी मनुष्य पर हावी हो जाएगी।

अभी तो मनुष्य ही टेक्नोलॉजी पर हावी है लेकिन कृत्रिम मेधा और इंस्ट्रूमेंटेशन में जो प्रगति हुई है उससे युद्धास्त्र अधिक संहारक, सटीक, त्वरित, गाइडेड और चतुर बना दिए गए हैं। यूक्रेन का रूस पर ड्रोन हमला, भारत द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के लिए हाई-टेक कमांड एंड कण्ट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल और ईरान-इजराइल के हालिया संघर्ष में अमरीका द्वारा प्रयुक्त सर्वोन्नत टेक्नोलॉजी ने न केवल गेईडियोन की सोच को पुष्ट किया है वरन साइंस फिक्शन राइटर्स की दशकों पुरानी कल्पनाओं को साकार कर दिया है। अमरीका और यूरोपियन देश नहीं चाहते कि ईरान बम ग्रेड न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी हासिल करे।

ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आश्वस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है। कंक्रीट या ठोस चट्टानों को भेदते हुए 60 मीटर की गहराई तक मार करने वाले 13,600 किलोग्राम भारी मैसिव आर्डिनेंस पैनीट्रेटर और गाइडेड बम की 14 यूनिट और 30 टॉमहॉक प्रक्षेपास्त्रों को दाग कर अमरीका ने हमला किया था।

**ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आश्वस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है।**

परमाणु ठिकाने पर डाले गए विशालतम बम विस्फोट से नुकसान की संभावना इस बात पर निर्भर है कि परमाणु एनरिच्मेंट सुविधा के भीतरी कक्षों में किस-किस वस्तु पर स्ट्राइक से असर पड़ा है। फोर्दो, नतांज़ और इस्फ़हान के प्लांट्स पर 22 जून के हमले में क्या एनरिच किए हुए यूरेनियम के अति-सुरक्षित कंटेनर भी ध्वस्त हुए या 400 से 1200 किलोग्राम, 60 प्रतिशत तक एनरिच किया गया यूरेनियम ईरान ने पहले ही हटा लिया था? मार्च के अंत में अमेरिकी खुफिया समुदाय ने एक आकलन प्रस्तुत किया था जिसके द्वारा राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने यह कहा कि ईरान का समृद्ध यूरेनियम भंडार उच्चतम स्तर पर है और परमाणु अस्त्र रहित एक देश के लिए एनरिच्ड यूरेनियम का इतना बड़ा भंडार रखना अभूतपूर्व है।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भीतर के गलियारों और कक्षों में रासायनिक और रेडियोलॉजिकल संदूषण होने की बात तो कही है परन्तु रेडियोधर्मी विकिरण का बाहर का स्तर अभी तो सामान्य ही है। हमले में यह सुनिशिचित किया गया कि ईरान के परमाणु इंजिनियर वार हेड्स की कन्फिग्यूरेशन कर पाएं इससे पहले सब-कुछ नष्ट कर दिया जाना चाहिए। पेंटागन की खुफिया शाखा रक्षा खुफिया एजेंसी की पांच पृष्ठों की प्रारंभिक, क्लासिफाइड रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरेनियम एनरिच्मेंट करने वाले सेंट्रीफ्यूज, अधिकांशतः सही हैं और क्षतिग्रस्त नहीं हैं। कोशिश करने से ईरान के इंजिनियर सेंट्रीफ्यूज़ यूनिट्स को फिर से कुछ ही महीनों में चालू कर सकते हैं।

अभी किसी को मालूम नहीं है कि अमरीका ने 22 जून के मिडनाइट हैमर ऑपरेशन पर कितना खर्चा किया है। सात बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर विमानों से गिराए गए 14 गाइडेड बमों और 30 टॉमहॉक मिसाइलों की कुल कीमत ही 140 करोड़ अमरीकी डॉलर है। गाइडेड बम यूनिट 57 -बी और टॉमहॉक मिसाइल की रचनात्मक इंजीनियरिंग में फाइनल कॉन्फिग्युरेशन में विस्फोटक पदार्थ भर कर सील करने तक फ्लीट एक्स्पेरिमेंटेशन स्टेज तक इसे टेस्ट किए जाने तक वर्षों का समय लगता है। बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक विमानों ने अमरीका के मिसौरी एयरबेस से उड़ान भर कर ईरान के परमाणु संस्थानों को बमबारी से नष्ट करने से पहले लक्ष्य क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए लगभग 11,400 किलोमीटर से अधिक की एकतरफा दूरी तय की जिसके लिए कई बार हवा में ईंधन भरने के अलावा 37 घंटे तक बिना रुके उड़ना पड़ा। एक बी-2 बॉम्बर को 37 घंटा उड़ाने का खर्चा करीब 50 करोड़ भारतीय रुपये के मूल्य के बराबर है। इस प्रकार बम, मिसाइल और उड़ानों पर 1 ख़रब 70 अरब भारतीय रुपये खर्च हुए।

न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है। थ्योरेटिकल से एक्सपेरिमेंटल फिजिक्स और विस्फोटकों की केमिस्ट्री की खोजयात्रा में टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट का जुड़ाव और विकास खुद में चकित करने वाली विद्यायें हैं। न्यूक्लियर वेपन्स के विकास का इतिहास वैसे तो अल्बर्ट आइंस्टीन की एनर्जी इक्वेशन (ई=एमसी 2) से शुरू होता है परन्तु, सन 1939 में जर्मन सेना आयुद्ध नीति नियामकों ने पहल करके यूरेनियम पदार्थ के विखंडन के सैन्य प्रयोग की जांच के लिए सेना के भौतिक विज्ञानी कर्ट डाइबन्हेर के नेतृत्व में एक शोध कार्यक्रम की स्थापना की। शीघ्र ही अमरीका को इसकी भनक लग गई और अमरीका के राष्ट्रपति ने भौतिकीविद ओपनहाइमर को परमाणु बम बनाने के प्रोजेक्ट पर लगा दिया जिसका कोड-नेम मैनहट्टन रखा गया। अगस्त 1945 में परमाणु बमों को जापान के शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर डाला गया। प्रोजेक्ट मैनहट्टन के सभी डाक्यूमेंट्स अब अध्ययन हेतु डी-क्लासिफाई हो चुके हैं। इसी सिलसिले में रूस, फ्रांस और चीन के परमाणु युद्धास्त्रों के विकास के बारे में अपेक्षाकृत कम जानकारी प्रकाशित होती है। रूस ने तो अपनी जानकारी को दशकों तक गोपनीय रखा और आज भी इन तीनों के बारे में लोगों को अधिक जानकारी नहीं है। बाद में ये तीनों देश न्यूक्लियर बम बनाने और इनका परीक्षण करने में जुट गए थे।

ईरान के तीन न्यूक्लियर संस्थानों को नष्ट करने का मामला अमरीका और इजराइल की एकतरफा कार्रवाई का द्योतक है। पूरे मामले में पुख्ता सूचनाओं की कमी है। ईरान के रहनुमाओं ने कहा है कि देश के एक प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों की हमले में मौत होने के बावजूद यूरेनियम एनरिच्मेंट प्लांट के मरम्मत करके फिर से कुछ महीनों की बाद ही चालू कर दिया जाएगा। साफ़ है कि इरादा न्यूक्लियर बम बनाने का ही है। न्यूक्लियर बम ग्रेड की यूरेनियम और प्लूटोनियम बनाने के लिए एनरिच्मेंट प्लांट का होना जरूरी है। इसके लिए सेंट्रीफ्यूज़ की एक कतार लगाना आसान काम नहीं होता। ईरान में परमाणु टेक्नोलॉजी को लेकर जिस दर्जे का नुकसान हुआ है उसे फिर से स्थापित करने में कम से कम पांच-सात साल का समय तो लगेगा ही। हिस्ट्री ऑफ़ वार टेक्नोलॉजी और न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी के विस्तार का अध्ययन करें तो चकित करने वाले छोटे स्तर की हज़ारों तकनीकी पहलु उजागर होने लगते हैं। पिछले सौ साल में जितना भी बौद्धिक श्रम और प्राकृतिक संसाधन इन सबमें लगा है इनके बारे में पब्लिक डोमेन में उपलब्ध रिसर्च हिस्ट्री के प्रकाशनों को देखने से ही इनकी व्यापकता का बोध होता है। इन प्रकाशनों की संख्या 30 लाख से अधिक है जिसमें क्लासिफाइड इनफार्मेशन का तो जिक्र ही नहीं है।

## प्रसंगवश

# नशे का फैलता मकड़जाल समाज की तबाही

**दिवस विशेष**



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

मादक पदार्थों का सेवन अब केवल व्यक्ति की निजी कमजोरी नहीं बल्कि मानवता के विरुद्ध सबसे बड़े अपराध के रूप में उभर रहा है। यह प्रवृत्ति केवल शहरों के क्लबों, पार्टियों और रेव-संस्कृति तक सीमित नहीं रही बल्कि अब भारत के दूरस्थ गांवों और कस्बों तक अपने पांव पसार चुकी है। ग्रामीण अंचलों में अफीम, चरस, गांजा और हेरोइन जैसे पारंपरिक मादक पदार्थों के साथ-साथ इंजेक्शन के जरिए लिए जाने वाले आधुनिक नशीले रसायनों का चलन भी खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। सबसे चिंता की बात यह है कि अब यह सब कुछ हमारे सामाजिक ढांचे का अभिन्न अंग बनता जा रहा है, मानो जैसे यह कोई स्वाभाविक हिस्सा हो। वैसे यह समस्या केवल भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि दुनिया के अनेक देशों में नशीली दवाओं की अवैध तस्करी और खासकर युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 26 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है लेकिन 36 वर्षों से यह दिवस मनाते रहने के बावजूद नशे की तस्करी पर लगाम कसे जाने के बजाय यह समस्या दुनियाभर में विकराल होती गई है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत में तो नशे का कारोबार अब देश के नामीगिरामी शिक्षण संस्थानों तक फैल चुका है। बड़े शहरों की रेव पार्टियां, जहां महंगे होटल और फार्म हाउसों में धुआं, शराब और कोकीन की महक में आधुनिक युवा वर्ग डूबा होता है, इस विघटन की सबसे वीभत्स तस्वीरें पेश करती हैं। राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक शिथिलता ने इन पार्टियों को लगभग 'छूट प्राप्त अड्डों' में बदल दिया है, जहां पुलिस की कार्रवाई महज दिखावा बनकर रह जाती है। रईसजादों के लिए यह नशे की संस्कृति, 'स्टेटस सिंबल' और 'मॉडर्निटी' का पर्याय बन गई है। कोकीन जैसे पदार्थ, जिनमें गंध तक नहीं होती, उनके लिए नया फैशन स्टेटमेंट हैं, बिना यह समझे कि ये पदार्थ तंत्रिका तंत्र पर सीधा प्रहार करते हैं और धीरे-धीरे शरीर और आत्मा को खोखला कर देते हैं।

इस भयावह स्थिति को और बढ़ावा देने वाला माध्यम है इंटरनेट। यह सूचना क्रांति का माध्यम अब नशीली दवाओं की उपलब्धता और प्रचार-प्रसार का भी प्लेटफॉर्म बन गया है। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में कॉलेज छात्रों की भागीदारी चालीस प्रतिशत से अधिक है और इस आंकड़े में लड़कियों की संख्या भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ चुकी है। अनेक कॉलेज परिसरों में अब यह स्थिति बन गई है कि छात्र अपने ही परिसर में नशा खरीद सकते हैं, यह व्यवस्था किसी संगठित गिरोह से कम नहीं। छात्रों का नशे की ओर झुकाव कई कारणों से होता है, साथियों के दबाव में, मॉडर्न दिखने की चाह में, रोमांच की तलाश में या फिर अवसाद, चिंता और मानसिक अकेलेपन की स्थिति में। चौंकाने वाली बात यह है कि वे दवाएं, जिन्हें मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाया गया था, उन्हें अब नशे के औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मादक पदार्थों का सेवन धीरे-धीरे व्यक्ति की इच्छाशक्ति को इस हद तक खत्म कर देता है कि वह इनका गुलाम बन जाता है। प्रारंभिक प्रयोग के बाद, व्यक्ति पहले जैसी अनुभूति के लिए मात्रा बढ़ाता जाता है और एक ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जहां उसका पूरा अस्तित्व इन पदार्थों पर निर्भर हो जाता है। इस समय समाज को एक जिम्मेदार संरक्षक की भूमिका निभानी चाहिए। सरकारें जितनी भी योजनाएं बना लें, कानून जितने भी कठोर हों, यदि समाज सजग नहीं हुआ तो इन प्रयासों की सफलता अधूरी रह जाएगी। युवाओं को बचाने के लिए सबसे पहले संवाद की आवश्यकता है, परिवारों में, विद्यालयों में, सामाजिक और धार्मिक मंचों पर। मार्गदर्शन, सहयोग और करुणा से ही युवा वर्ग को उस गर्त से बाहर निकाला जा सकता है, जिसमें वह आज फंसता जा रहा है। यह सोच गलत है कि नशे से लड़ाई केवल सरकार की जिम्मेदारी है, यह संपूर्ण समाज की परीक्षा है और यदि हम सचमुच इस परीक्षा में सफल होना चाहते हैं तो अब और देर नहीं करनी चाहिए। हमें यह स्वीकार करना होगा कि नशा अब एक व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि राष्ट्रीय आपदा है और इस आपदा से लड़ने का एक ही रास्ता है जनचेतना, सहयोग और सामूहिक संकल्प।

# क्या नील गाय की हत्या ही विकल्प है



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

**भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं।**

दो राज्यों के बीच फैले बुंदेलखंड में सड़कें बहुत अच्छी बन गई हैं लेकिन सड़कों पर चलना जानलेवा होता जा रहा है। आए रोज सड़कों पर तेज गति से चल रही कार-मोटर सायकिल से आवागमन करने वालों से एशिया की सबसे बड़ी हिरण प्रजाति रोजड या रोजा का सामना हो जाता है। वाहन तो चकनाचूर होता ही है, चोटें लोगों की मौत का कारण बन चुकी है। मालवा के मंदसौर –नीमच में अफीम के कई किसान पशु के डर से खेती छोड़ चुके हैं। हालांकि कभी इनकी गणना हुई नहीं लेकिन अंदाज है कि सारे देश में नील गाय या रोजा या फिर घोड़परास किसानी के लिए खतरा बने हुए हैं।

हाल ही में बिहार में राज्यभर में 3909 घोड़परास या नील गाय को मारने के लिए काम सौंपा गया है। इनमें सर्वाधिक घोड़परास की संख्या पूर्वी चंपारण में 576 है। समस्तीपुर से ले कर सारण, वैशाली और नालंदा तक आम लोगों की अर्जियां आई हैं कि उनके यहां नील गाय के आतंक से मुक्ति के लिए मारने की अनुमति दी जाए। बीते वर्ष बिहार में आधिकारिक रूप से 4279 नील गाय को मारा गया था जिनमें सर्वाधिक उस वैशाली जिले में मारे गए जहां अहिंसा के पुजारी गौतम बुद्ध का अंतिम उपदेश की घोषणा की थी। यहां 3057 नील गायों को गोली से उड़ा दिया गया था।

उत्तर प्रदेश के राज्य कृषि विभाग के अनुसार, पूरे प्रदेश में लगभग 2.33 लाख (233,000) नील गाय हैं। ललितपुर और इटावा जैसे जिलों में इनका प्रकोप ज्यादा है। राजस्थान के 2015 के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में नील गाय की संख्या 55,000 से अधिक थी। हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों में भी नील गाय की आबादी पाई जाती है और कुछ जगहों पर यह काफी अधिक है।

भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं। कई मामलों में, इस नुकसान के कारण किसानों को अपनी खेती छोड़नी पड़ रही है या वे दूसरी फसलें लगाने से हिचकिचा रहे हैं। कुछ मामलों में, भारी नुकसान से निराश होकर किसानों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें भी आई हैं। हालांकि कुछ राज्यों में नीलगाय को मारने की अनुमति दी गई है, यह एक संवेदनशील मुद्दा है। कई लोग नीलगाय को "गाय" से जुड़ा होने के कारण मारना पसंद नहीं करते, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। इसके समाधान के लिए प्रभावी और टिकाऊ उपायों की आवश्यकता है।

तो क्या केवल उनकी हत्या कर देना ही नील गाय का एकमात्र निदान है? पिछले साल पंजाब कृषि विश्व विद्यालय में सुश्री कीरं रानी और भूपेंदर कौर बब्बर का एक शोध कार्य प्रकाश में आया था- मिटीगेटिंग ब्लू बुल मेनान्सः एसेसिंग सट्रेजीस फॉर सस्टैनबल ऐग्रिकल्चर, जिसमें नील गाय से खेती को निरापद रखने के बहुत से विकल्प बताए थे। एनआईएससीपीआर और रिसर्च गेट में प्रकाशित शोध के अनुसार, प्राकृतिक और रासायनिक दोनों प्रकार के निरोधक के जरिए जानवरों को डरा कर उनकी नुकसान करने की आदत को काफी कुछ कम किया जा सकता है। खेतों के चारों तरफ बाड़, खाइयां और गड्ढे नील गायों को खेतों में प्रवेश करने से रोक सकते हैं, सोलर शक्ति से संचालित बिजली की बाड़ अधिक प्रभावी निवारक हो सकते हैं, लेकिन इनके लिए उचित डिजाइन और रखरखाव की आवश्यकता होती है। रिसर्चगेट की रिपोर्ट के अनुसार नायलॉन या लोहे की जंजीर की कम से कम 7 फीट ऊंची बाड़ प्रभावी होते हैं। शोध में बताया गया है कि फसलों के चयन को लेकर थोड़ी सावधानी भी इस जानवर की खेत से दूरी बना सकती है। ऐसी फसलें चुनें जिन्हें नील गायों द्वारा खाने की संभावना कम हो। तोरिया, तंबाकू, लेमन ग्रास, नागफनी। रामदाना आदि पर यह जानवर मुंह नहीं मारता। यदि खेत के बाहरी तरफ इन फसलों को बोया जाए तो यह खेत में घुसेगी नहीं। हालांकि यह तरीका आंशिक ही सफल है-एक तो यदि इसे भूख लगे तो यह कुछ भी खा लेता है, दूसरा इसकी लंबही छलांग लगाने की भी क्षमता होती है। फसलों को बदलने से नील गायों के आहार पैटर्न में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। यह वैज्ञानिक भी स्वीकारते हैं कि पारंपरिक तरीके जैसे गौमूत्र, पशु मल या दुर्गंधयुक्त मिश्रण का प्रयोग नील गायों को रोकने में सहायक हो सकता है। इसके अलावा फोरेट और फिनाइल घोल जैसे रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग निवारक के रूप में किया जा सकता है, लेकिन उनकी प्रभावशीलता सीमित है।

## सोशल फोरम

# कमजोर सामाजिक सत्ता



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

जब आप हिन्दू-मुस्लिम के आधार पर देखिएगा, तो आपकी सोच भी उसी के अनुरूप होती जाएगी। आपके पास उसी के पक्ष में तर्क मिलने शुरू हो जाएंगे। यही हाल जाति को लेकर है। आप लोगों को काम, आचरण, व्यवहार और सोच से आकलित करना शुरू कीजिए तो ऐसे वाइरस से बच सकते हैं। वरना झूठ, लूट, परिवारवाद और बकवास को ऐसा खुलेआम तर्क सहित समर्थन भारतीय राजनीति के इतिहास में इसके पहले नहीं था।

देखिए संस्कृति तात्विक नहीं, यौगिक होती है। वह "एक" से बनती ही नहीं है। वह सामाजिक सहयोग और सरोकार से ही विकसित होती है। भारतीय संगीत से आप हिन्दू-मुस्लिम को आधार बनाकर अलग कीजिएगा तो वह बिखरकर छिन्न-भिन्न हो जाएगा। वही हाल फिल्मों का है और साहित्य का भी,सोच-विचार का भी। महात्मा गांधी आचरण में सबसे बड़े और घोषित हिन्दू थे। मुसलमान उन पर सबसे यकीन किए। आप उनको बार-बार पाकिस्तानी बताइएगा और कहिएगा कि ये सब अंदर से यही है। फिर कहिएगा इन पर विश्वास नहीं। आपको पता है कि "वंदे मातरम्" नाम से उर्दू में एक साप्ताहिक निकलता था। सब स्वतः बोलते थे। हर समाज के भीतर बीमारियां ही हैं। सरकार का काम सामाजिक सुधार के काम का नेतृत्व करना नहीं है। इसमें वह सहयोग कर सकती है। सामाजिक कुरीतियां समाज सुधारक ही दूर कर सकते हैं। इसके लिए आपको उसी समाज के भीतर से इन्लाइटमेंट वाले लोगों को ढूंढना होगा। उनको आगे करना होगा। आज शिक्षा को लेकर और अनेक मामलों को लेकर मुस्लिम युवतियां सामने आई हैं और बहुत प्रभावशाली ढंग से अपना काम कर भी रही हैं। इसमें बार-बार असफलता, कम सफलता और फिर धीरे-धीरे सफलता मिलती है। सामाजिक परिवर्तन बहुत दुरूह होता है। इसे आप समाज सुधारकों की जीवनी पढ़कर जान सकते हैं। सोचिए आप अपने भीतर से जात-पात और छुआछूत को तो हटा नहीं पाए और दूसरे को सुधारने को लेकर पैमाल हो रहे हैं। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में सामाजिक आंदोलन बहुत तेज और सशक्त था। आजादी के बाद आपने सामाजिक सत्ता को बिलकुल कमजोर कर दिया।

-फेसबुक वॉल से

# सार्थक बहस की सीमाएं और जनतंत्र का दर्शन



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

**ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है।**

क्या एक आस्थावान मज़हबीऔर एक अनीश्वरवादी के बीच धर्म के मुद्दे पर ईमानदार, स्वस्थ और सार्थक बहस हो सकती है? मुश्किल है क्योंकि दोनों के बुनियादी प्रमेय भिन्न हैं और दोनों अपने-अपने प्रमेयों को अंतिम मानकर चलते हैं। फिर मज़हब है आस्था का विषय और आस्था न संप्रेषित हो सकती है, न तर्क से उसका खंडन हो सकता है। मुश्किल तो है किंतु अवधारणात्मक रूप से संभव है। शर्त सिर्फ़ यह है कि दोनों में सौजन्य हो और एक-दूसरे के मनुष्य की मनुष्यता के प्रति सम्मान हो। मनुष्यता का सामान्य आधार तो अमिट है। इसी तरह दो भिन्न मज़हब मानने वालों के बीच भी उसी शर्त पर सार्थक बहस हो सकती है, भले ही उनके बुनियादी प्रमेय भिन्न हों।

जनतंत्र की अवधारणा में राज्य-संबंधी मामलों पर इस तरह की बहस की कोई ज़रूरत ही नहीं क्योंकि जनतंत्र के मूल प्रमेय के अनुसार आस्था और अनास्था राज्य-क्षेत्र के विषय ही नहीं हैं। यदि किसी मज़हब की व्यवस्था इतनी व्यापक है कि राज्य-व्यवस्था उसका अविभाज्य अंग है तो जनतंत्र के साथ उसमें समस्या आनी निश्चित है। जनतंत्र के साथ शरीयत नहीं चल सकती, चलेगी तो वह जनतंत्र का ढोंग मात्र होगा। एक ही समाधान है कि ऐसा मज़हब अपने में अंतर्निहित राज्य-व्यवस्था से अपने को पृथक कर ले। विचारधारा के साथ यह सुविधा नहीं क्योंकि वह तो राज्य और उसके कार्य-क्षेत्र के इर्दगिर्द ही घूमती है। यदि किसी विचारधारा में (वह वाम हो या दक्षिण, मार्क्सवादी हो या सांस्कृतिक राष्ट्रवादी) यह अंतर्निहित है कि उसने अंतिम सत्य पा लिया है और अस्तित्व की गुत्थी को अंतिम रूप से और हमेशा के लिए सुलझा लिया है, तो उस विचारधारावालों की बाहरवालों के साथ सार्थक बहस नहीं हो सकती। बल्कि विचारधारावालों के लिए असहमति के प्रति सहिष्णुता एक अवसरवादी, समझौतावादी क़दम होगा, कायरता होगी। ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है। किंतु ऐसे ब्योरों पर भी भीतर एक राय बन जाने के बाद बाहर वालों के लिए वह अंतिम हो जाएगी, उससे असहमति के प्रति सहिष्णुता विचारधारा के प्रति बेवफ़ाई हो जाएगी। लिहाज़ा, बाहर वालों के साथ उनकी बहस केवल उन्हें कन्वर्ट करने के लिए या मात्र दिखावे के लिए होगी, बहस से निकले किसी इतर निष्कर्ष को मानने के लिए नहीं। यानी, बहस सार्थक नहीं होगी।

राजनीतिशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते जनतंत्र का दर्शन और इतिहास तथा 'विचारधारा' का दर्शन और इतिहास-दोनों की चाहे-अनचाहे घोटाई करनी पड़ी है (वही रोज़ी-रोटी का सवाल)। अब तो उम्र हो गई लेकिन मेरे मन से एक संशय नहीं गया-क्या जनतंत्र और विचारधारा में सामंजस्य संभव है? लगता तो यही है कि सही अर्थ में नहीं। कारण, जनतंत्र में अंतिम कुछ भी नहीं है, न मूल प्रमेय, न विस्तार के ब्योरे। सब कुछ समय-सापेक्ष है और समय किसी भी विचारधारा के अंदरूनी विकास की गति से ज़्यादा तेज़ी से बदलता है। तो जनतंत्र में (संविधान, जो स्वयं भी खास प्रक्रिया से संशोधन के अधीन है, की सीमा के भीतर) सब कुछ जनता को तय करना है। ट्रायल एंड एरर से। इसीलिए पांच साल की सीमा है। ग़लत हो जाए, तो पांच साल बाद रास्ता बदल देंगे। फिर ग़लत हो जाए, तो फिर बदल देंगे। अंतिम सत्य पर आधारित मूल प्रमेयों से लैश विचारधारा के लिए ट्रायल एंड एरर का कोई मतलब नहीं। पांच साल का भी कोई मतलब नहीं। वह तो मूल प्रमेय के अनुरूप विजय को कन्सॉलिडेट करने या 'लिबरेट' करने के लिए जनतांत्रिक संस्थाओं में हेरफेर शुरू कर देगी। विचारधारा के प्रयोग हो चुके हैं। निरंकुश राजतंत्र असफल हो गया तो सीमित राजतंत्र के प्रयोग हुए जो वस्तुतः जनतंत्र ही है। उसी तरह निरंकुश विचाराधारा तंत्र के भी प्रयोग हुए और असफल हो गए। पुनः जनतंत्र की ओर लौटना पड़ा।

जनतंत्र बहुत उत्तम व्यवस्था नहीं है। किंतु जितनी भी व्यवस्थाएं ज्ञात हैं उन्हें आज़माकर देखने के बाद यह साबित हो गया है कि उन सबसे बेहतर है। जनतंत्र में शांतिपूर्ण सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। जैसे वर्तमान पूंजी और सत्ता के गठजोड़ को तोड़ने के लिए चुनाव कानूनों में बुनियादी परिवर्तन संभव है। आज के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ज़माने में उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने जैसे कुछ नियमनों के साथ जनता के (सरकारी) ख़ज़ाने से भी चुनाव कराए जा सकते हैं। जनता का संकल्प हो तो बेहतरी के लिए कोई भी मूलभूत सुधार हो सकता है। किंतु कोई भी सुधार सापेक्ष फल ही देगा। दिव्यान्तर कभी नहीं हो सकता क्योंकि मूल मानव स्वभाव में आमूल परिवर्तन कभी नहीं हो सकता। इसलिए मानव समाज की नियति में दिव्यांतर नहीं है। अस्तु जनतंत्र दिव्यांतर की महत्वाकांक्षा नहीं पालता, न उसका आश्वासन देता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# आम आदमी की थाली तक आसानी से पहुंच रहा 'आम'

## भारी पैदावार से जमीन पर आए आसमान छू रहे आम के दाम

**हसनगंज/सफीपुर उन्नाव**



हसनगंज मंडी में लगा आम का ढेर। अमृत विचार



शहर में लगी आम मंडी में खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश होने से पहले आसमान छू रहे आम के दाम अब जमीन पर आ गए हैं। जिले की फल मंडियों में भारी आवक के बाद अब इसके दामों की काफी गिरावट दर्ज की गई है। इससे जिले में पैदा होने वाली 'आम' की किस्में अब 'आम' आदमी की थाली तक आसानी से पहुंच रही हैं।

बता दें आम फल पट्टी हसनगंज की मंडियों में इस समय आम की भरमार है। एक से बढ़कर एक आम की किस्में मंडी की शोभा बढ़ा रही हैं। हसनगंज क्षेत्र में मियागंज व फरहदपुर दो मंडियां संचालित हैं। इनसे देश के कोने कोने से लेकर विदेशों तक आम भेजा जाता है। यहां मुम्बई, दिल्ली, कलकत्ता, बनारस, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, मध्यप्रदेश आदि जिलों से महीनों पहले व्यापारी आकर डेरा जमा लेते हैं और आम की खरीदारी कर इसका निर्यात करते हैं। रोज सैकड़ों टन आम का इन मंडियों से निर्यात होता है। बारिश होने के बाद आम का स्वाद भी बढ़ गया है और इसके दामों में भी कमी आई है। हालांकि भारी पैदावार व बिक्री से किसानों व व्यापारियों के चेहरे पर चमक देखी जा सकती है। इस समय दशहरी के साथ चौसा, लखनौआ व लंगड़ा के अलावा आम की अन्य प्रमुख प्रजातियां मंडी में अपना वर्चस्व कायम किये हैं।

**सफीपुर संवाददाता** के अनुसार, बारिश होने के बाद आम में मिठास के साथ स्वाद भी बढ़ गया है। जिससे बाजार में इसकी डिमांड भी बढ़ गई है। लोगों में दशहरी काफी पसंद किया जाता है लेकिन, इस समय अब दशहरी बाजार में कम आ रहा है और उसकी जगह चौसा, लखनौआ, व लंगड़ा ने ले ली है। दशहरी कम होने से बाजार में इसकी कीमतों में आंशिक उछाल भी आया है। जिससे व्यापारियों व किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर है। चौसा भी अपना एक अलग स्थान रखता है। यह आम प्रेमियों में खासा लोकप्रिय है। इसका स्वाद भी लाजवाब होता है। इसकी शुरुआती कीमत सबसे अधिक होती है और सबसे बाद तक यह आम मंडी में टिकता है। जिससे किसानों व व्यापारियों को इसकी अच्छी कीमत मिल जाती है। सफीपुर मंडी में देश के अलग-अलग राज्यों से व्यापारी आकर महीनों तक आम की खरीद करते हैं। यहां आम के सीजन में हजारों लोगों को रोजगार मिलता है। यहां से रोज सैकड़ों टन आम का निर्यात होता है।

## मौरंग लदा डंपर पलटा, लगा जाम

**उन्नाव, अमृत विचार।** हरदोई-उन्नाव मार्ग पर माखी थानांतर्गत रऊकरना गांव के पास बुधवार सुबह हरिपाल नामक युवक डंपर से मौरंग लेकर आया था। हरिपाल ने बताया कि डंपर में प्रेशर डाला लगा होने से जैसे ही उसे उठाया तो उसकी गति अधिक होने से वह अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर पलट गया। इससे वहां वाहनों का आवागमन ठप हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों को हटवाया और चकलवंशी से परियर की ओर वाहनों को भेजा गया। इसके बाद पलटे डंपर को सीधा कराकर दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के बाद यातायात सामान्य हो सका। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि डंपर पलटने से जाम लग गया था।



महिला को पोषण पोटली देते सीएचसी प्रभारी व अन्य। अमृत विचार

## पोषण पोटली पाकर खिले मरीजों के चेहरे

**औरास, उन्नाव, अमृत विचार।** कस्बा स्थित सीएचसी में प्रभारी, उपचार पर्यवेक्षक व वर्ड हेल्थ पार्टनर्स ब्लाक कोडिनेटर ने टीबी रोग से ग्रसित मरीजो को पोषण पोटली वितरित कीं। कस्बा औरास के मनोहर नगर स्थित सीएचसी औरास में बुधवार को रोगियों को पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें सीएचसी प्रभारी डॉ. अनूप तिवारी व उपचार पर्यवेक्षक दीपू मौर्या व वर्ड हेल्थ पार्टनर्स ब्लॉक कोडिनेटर अशेष श्रीवास्तव ने 25 रोगियों को स्वास्थ्य में सुधार हेतु पोस्टिक पोषण पोटली बांटी। हर पोटली में भुना चना एक किलो, मूंगफली दाना एक किलो, गुड़ एक किलो, प्रोटीन पाउडर 500 ग्राम, सोहन पापड़ी 500 ग्राम व मखाना 250 ग्राम था। पोटली पाकर मरीजों के चेहरे खुशी से खिल उठे। यह पोषण आहार का सेवन करने से उन्हें ऊर्जा व ताकत मिलेगी। पोषण पोटली वितरण में कुछ ग्राम प्रधानों व निजी हॉस्पिटल के संचालकों ने भी सहयोग किया। इसमें मुख्य रूप से वर्ड हेल्थ पार्टनर्स ब्लाक कोडिनेटर अशेष श्रीवास्तव व वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक दीपू मौर्या व स्टाफ मौजूद रहा।

# पुरानी परंपराओं के अनुसार ही मनाएं पर्व: डीएम

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव**




बैठक में मातहतों को निर्देश देते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री जगन्नाथ यात्रा, मोहर्रम, बुद्ध पूर्णिमा, श्रावण मास व कावड़ यात्रा को शान्तिपूर्वक, सकुशल व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिले के संभ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरुओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों व जिले के अधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें विभिन्न धर्म गुरुओं व गणमान्य लोगों द्वारा श्री जगन्नाथ यात्रा व ताजिए जुलूस के दौरान होने वाली समस्याओं से डीएम को अवगत कराया गया। जिसे लेकर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि दिये गए सुझावों व समस्याओं का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने सभी एसडीएम, सीओ व नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिये कि परम्पराएं जो पूर्व से प्रचलित हैं उन्हीं के अनुसार त्यौहार मनाए जाएं। रथयात्रा व जुलूस के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के विशेष प्रबन्ध किए जाएं। रथयात्रा व जुलूस के मार्गों पर साफ-सफाई के पर्याप्त इंतजाम हों और पूरे रास्ते को संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण कर लें और वहां जो कमियां हों उन्हें तत्काल पूर्ण कर लें। इसमें एसपी दीपक भूकर ने कहा कि रथयात्रा व जुलूस के लिए परम्परागत जुलूस व रास्ते का ही प्रयोग हो। इन यात्राओं में शामिल होने वालों की संख्या की सूचना संबंधित थाने को उपलब्ध कराएं।

## सार-संक्षेप

### तीन दिन बाद स्थिर हुआ गंगा का जलस्तर

**शुक्लागंज, उन्नाव।** बीते तीन दिनों से लगातार बढ़ रहे गंगा नदी के जलस्तर में बुधवार को स्थिरता दर्ज की गई। जलस्तर 107 मीटर से बढ़कर 108 .330 मीटर तक पहुंच गया था, जिसके बाद पूरे बुधवार दिनभर जलस्तर में कोई वृद्धि नहीं हुई। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते पश्चिमी क्षेत्र के बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। इससे शुक्लागंज क्षेत्र की ओर गंगा का पानी तेजी से फैल रहा था। तीन दिनों तक लगातार जलस्तर में वृद्धि से निचले इलाकों में लोगों की चिंता बढ़ गई थी। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार मंगलवार शाम 5 बजे गंगा का जलस्तर 108 .330 मीटर दर्ज हुआ था, जो बुधवार शाम तक अपरिवर्तित रहा। फिलहाल खतरे की स्थिति नहीं है, लेकिन जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### डिप्टी सीएम से की पीएचसी निर्माण की मांग



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को प्रतीक चिह्न देकर पीएचसी की मांग करते लोग।

**परियर, उन्नाव।** विखं सिकंदरपुर सरोसी के गांव परियर में पीएचसी न होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रवि शंकर मिश्रा ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के जन्मदिन पर उनके आवास पहुंचकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर बधाई दी और एक पत्र देकर परियर में पीएचसी बनवाने की मांग की। रविशंकर ने बताया कि परियर, मरौंदा, जमालनगर, पावा, मक्का, पुरावा, माना बांग्ला, बाबू बांग्ला, देवीपुरवा, पंनपथा, मरौंदा सूचित, सैदापुर, बीबीखेड़ा, करवांशा सहित 60 गावों के लोगों को 20 किमी दूर सिकंदरपुर सरोसी या सफीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाली महिलाएं गिरफ्तार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर मोहल्ले में 18 मई को महिला संध्या ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पति राजेश भारती की तहरीर पर पुलिस ने मानसिक प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में सौतेली मां विमला समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने पहले सौतेली मां विमला और बहन रूबी को 20 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसी क्रम में मंगलवार को चलाए गए अभियान के तहत आरोपी माया देवी और रेखा गौतम को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में अभी आरोपी आकाश फरार है।

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** मौरावां थानांतर्गत चंद्रभाल खेड़ा गांव निवासी कुसमा देवी (50) पत्नी संतोष कुमार बीती मंगलवार शाम घर में छप्पर रखवा रही थी। तभी घर में लगा विद्युत केबल छप्पर में फंस गया। महिला उसे हाथ से पकड़कर हटाने लगी। केबल कटा होने के कारण वह करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर गई। परिजनों ने आनन-फानन सप्लाई बंद कराई। इसके बाद वे महिला को अस्पताल ले जाने लगे। लेकिन, जब तक वे उसे अस्पताल ले जाते उसकी मौत हो गई। मां की मौत से बेटा लवकुश व शुभम बेहाल हैं। एसओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### हादसे के बाद दूसरे दिन भी बंद रहा आरओबी कार्य



आरओबी स्थल पर क्रेन से हटवाई जाती निर्माण सामग्री। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** सरैयां क्रासिंग पर बन रहे आरओबी निर्माण कार्य में सोमवार रात हुए हादसे के बाद बुधवार को भी काम पूरी तरह बंद रहा। हादसे में एक श्रमिक की मौत के बाद अन्य मजदूरों में भय का माहौल बना रहा, जिसके चलते कोई भी श्रमिक काम पर नहीं लौटा। सोमवार रात लखीमपुर खीरी निवासी श्रमिक नेपाली के ऊपर क्रेन का पट्टा टूटने से करीब 30 कुंतल वजनी सरियों का गट्ठर गिर गया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद अन्य श्रमिकों ने काम बंद कर दिया। बुधवार को कार्यदायी संस्था ने निर्माण स्थल के चारों ओर फैले लोहे के सामान, पिलर से जुड़ी सामग्री और भारी उपकरणों को क्रेन की मदद से समेटने का कार्य किया। उद्देश्य यह था कि आगे कोई और हादसा न हो और कार्यस्थल सुरक्षित बनाया जा सके। राज्य सेतु निगम के अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि निर्माण दोबारा शुरू करने से पहले सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए और सभी श्रमिकों को आवश्यक सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए।

### केबल कटने से 24 घंटे ठप रही बीएसएनएल सेवा

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग का काम इन दिनों मरहला चौराहा पर कराया जा रहा है। कार्य के दौरान बीएसएनएल की केबल कट जाने से मोबाइल नेटवर्क और लैंडलाइन सेवाएं तरह ठप हो गईं। नेटवर्क गायब होने पर लोगों ने शुरुआत में मोबाइल या सिम में खराबी समझी, लेकिन जब अन्य कंपनियों की सिम से नेटवर्क मिलने लगा, तब लोगों को बीएसएनएल सेवा में आई तकनीकी खराबी का पता चला। ग्राहकों ने कई बार बीएसएनएल कार्यालय में संपर्क किया, जहां से उन्हें जानकारी दी गई कि उन्नाव से ट्रांसमिशन टीम मरम्मत के लिए आएगी। लेकिन टीम मंगलवार शाम तक नहीं पहुंच सकी, जिससे उपभोक्ताओं को फोन से संपर्क साधने में खासी दिक्कतें हुई। बुधवार सुबह पहुंची टीम ने जब मरम्मत कार्य शुरू किया, तब जाकर 24 घंटे बाद सेवाएं बहाल हो सकीं।

### पड़ोसियों पर दर्ज कराई जान से मारने के प्रयास की रिपोर्ट

**उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ककरौरा गांव निवासी ई-रिक्शा चालक शुभम पुत्र राम लखन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 24 जून की शाम करीब छह बजे वह उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित हुलासी कुआं से ई-रिक्शा लेकर गांव जा रहा था। गांव के पास उसका पड़ोसी रामनरेश साथियों के साथ सड़क पर खड़ा था। जब उसने उन लोगों से हटने को कहा तो वे गाली-गलौज करने लगे। बाद में फोन कर अमित, छोटू व शक्तिमान को बुला लिया। रामनरेश व अमित ने उसे पकड़ लिया और अन्य लोग उसे डंडे से पीटने लगे। इससे उसका सिर फट गया। ग्रामीणों ने पीआरवी को बुलाया। पुलिस के आने पर सभी भाग निकले।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर की बैठक

**संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव**



संचारी रोग नियंत्रण को लेकर पालिका में बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार को पालिका सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (1 से 31 जुलाई 2025) के सफल संचालन हेतु संवेदीकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष कौमुदी पाण्डेय ने की।

बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डा. अर्चना मिश्रा, विवेक दीक्षित, सुचित्रा अग्निहोत्री, मलेरिया निरीक्षक विशाल चौधरी, एफ.आई. मलेरिया विभाग के प्रतिनिधि तथा पालिका के सफाई नायक और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मलेरिया अधिकारी ने विगत अभियानों के अनुभव साझा करते हुए साफ-सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग व डेंगू-रोधी उपायों की जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिया कि इन कार्यों को समयबद्ध व प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए। मलेरिया निरीक्षक और सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे। पालिका अध्यक्ष कौमुदी पाण्डेय ने सफाई नायकों को निर्देश दिए कि वे शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए नागरिकों को डेंगू व मलेरिया से बचाव हेतु जागरूक करें। अध्यक्ष द्वारा सफाई नायकों से फीडबैक भी लिया गया तथा उनके सुझाए सुझावों को गंभीरता से लिया गया। इस मौके पर इस अवसर पर पालिका सदस्यगण अतुल कुमार अग्निहोत्री, अशोक सविता, योगेश मिश्रा, सरिता, नंद कुमार मिश्र मौजूद रहे।

## रथयात्रा के मद्देनजर फोरलेन पर दुकानों पर रोक

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** शुक्रवार को नगर में निकलने वाली श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार की बाधा न हो, इसके लिए बुधवार को पालिका द्वारा मुनादी कराकर फोरलेन और अन्य संबंधित मार्गों पर दुकानें न लगाने के निर्देश जारी किए गए। फोरलेन के दोनों ओर सब्जी मंडी, ठेला, खुंचा और अन्य दुकानदारों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण कर रखा गया है, जिससे यात्रा के सुचारू संचालन में बाधा आ सकती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय व ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। पालिका ने साफ किया है कि रथ यात्रा के दिन सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी दुकानदारों से सहयोग की अपील की गई है ताकि यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

# ऑपरेशन के बाद संक्रमण फैलने से मरीज की मौत, सीएमओ से शिकायत

**संवाददाता औरास, उन्नाव**

**अमृत विचार।** आंत का ऑपरेशन कराने गए मरीज से मन मुताबिक पैसा वसूला गया। इंफेक्शन होने पर उसे दवाई नहीं दी गई और अस्पताल से भगा दिया गया। इसके बाद रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव का गांव में अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने सीएमओ को शिकायती पत्र देकर अस्पताल संचालक पर कार्रवाई की मांग की है। औरास के मवई निवासी विनोद पुत्र मोहन 31 मई को रहीमाबाद स्थित एक अस्पताल में आंत का ऑपरेशन कराने गया था। वहां से उसे लखनऊ के दुबग्गा स्थित एक अस्पताल में ऑपरेशन के लिए भेजा गया। ऑपरेशन साढ़े तीन लाख रुपये में किया जाना तय हुआ। पैसे देने के बाद उसका ऑपरेशन 1 जून 2025 को हुआ। आपरेशन के बाद इन्फेक्शन होने पर दोबारा 16 जून 2025 को उसका ऑपरेशन किया गया। तीसरी बार इंफेक्शन होने पर जब वह अस्पताल के डॉक्टर को दिखाने गया तो अस्पताल संचालक ने उससे और रुपए मांगे। इस पर मरीज द्वारा रुपये पहले ही दिये जाने की बात कही तो संचालक ने उसे अस्पताल से निकाल दिया। इसके बाद रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने सीएमओ कैसरबाग लखनऊ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# दुष्कर्म के दोषी को 7 साल की सजा, 15 हजार जुर्माना

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव।** दुष्कर्म के एक मामलें में एससीएसटी एक्ट की विशेष कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की दलील सुनने के बाद आरोपी को दोषी ठहराते हुए उसे सात साल की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 15 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

औरास थानाक्षेत्र के सुभानी खेड़ा गांव निवासी एक दलित व्यक्ति ने नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट 5 सितंबर 2017 को अनिल कुमार पर दर्ज कराई थी। विवेचक तत्कालीन सीओ बांगरमऊ अम्बरीश सिंह भदौरिया ने अनिल कुमार को 6 अक्टूबर 2017 को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया था। विवेचक ने पीड़िता का कोर्ट में कलमबंद बयान दर्ज कराया और आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य जुटाते हुए 14 अक्बूबर 2017 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से मुकदमा विशेष कोर्ट एससीएसटी एक्ट में विचाराधीन था। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। इसमें विशेष लोक अभियोजक चन्द्रिका प्रसाद बाजपेई की ओर से पेश की गई दलील सुनने के बाद न्यायाधीश कविता मिश्रा ने अनिल कुमार को दोषी मानते हुए उसे सात साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उसे जान से मारने की धमकी देने व एससीएसटी एक्ट में दोषमुक्त कर दिया।

## युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, अमृत विचार।** बारासगवर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने बताया कि अचलगंज थानाक्षेत्र के पड़री कला गांव निवासी मनीष 30 जनवरी 2025 को शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ भगा ले गया था। मां के थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराने की बात कहने पर उसने उसे छोड़ दिया था। 18 मार्च 2025 को मां के साथ वह खेत पर थी तभी मनीष वहां आया और जबरन बाइक में बिठा ले गया। मां ने छुड़ाने का प्रयास किया तो उनसे मारपीट की। इसके बाद उसने उससे दुष्कर्म किया। मां की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया। लेकिन, इसके बाद भी युवक उसका शारीरिक व मानसिक शोषण कर रहा है। उसमें उसकी चाची उसका साथ दे रही है। एसओ धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक पर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में और पीड़िता की चाची पर युवक का साथ देने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर की गई है।

# स्कूलों के समायोजन के विरोध में भेजा ज्ञापन

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव**



खंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में रोज हो रहे नए प्रयोगों से शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक आंदोलन करने की राह पर चल पड़े हैं। नए प्रयोग के तहत शिक्षकों, शिक्षामित्रों के साथ कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का दूसरे विद्यालयों में समायोजन होगा। इस संबंध में आदेश भी दे दिए गए हैं।

बता दें कि एक जुलाई से बच्चों की कक्षाये प्रारंभ हो जाएंगी। इसके पूर्व ही विलय का कार्य पूर्ण होना चाहिए ताकि बच्चों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। हालांकि इस आदेश के विरोध में शिक्षकों व ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज करायी है। इस कड़ी में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के बैनर तले शिक्षकों द्वारा खंड शिक्षाधिकारी अनीता साह को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया गया। बीआरसी परिसर में संजीव संखवार ने कहा कि सरकारी विद्यालय किसी कीमत पर बंद नहीं होने दिये जाएंगे। जिला कोषाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा सरकार स्थानांतरण कर शिक्षकों के पद समाप्त करना चाहती है। शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में इस शिक्षक व छात्र विरोधी नियम को वापस लेने की मांग की। शिक्षकों में संजीव संखवार, प्रदीप वर्मा, अमित तिवारी, शक्ति कुमार, सुनील कुमार, राजवीर यादव, अमरेंद्र सिंह, कमल दीप, संतोषी देवी, अनूप साहू आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** भाजपा ने आपातकाल संगोष्ठी व लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह का किया आयोजन

# डरी हुई पीएम की सत्ता बचाने की रणनीति थी आपातकाल

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव**




संगोष्ठी में मौजूद लोगों को संबोधित करते एमएलसी अश्वनी त्यागी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एसवीएम इंटर कॉलेज पूरन नगर में आपातकाल संगोष्ठी व लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा व एमएलसी अश्वनी त्यागी ने कहा कि देश का किसान व नौजवान इंदिरा गांधी व उनकी सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ अक्रोशित व आंदोलित था। इसके बाद भी इंदिरा गांधी ने अपनी स्वार्थ सिद्धि करने व अपनी सत्ता बचाने के लिए आपातकाल थोपा था। उन्होंने कहा कि संविधान के दायरे में सरकार संचालित होती है लेकिन इंदिरा गांधी ने संविधान व उनके स्तंभों कार्य पालिका व न्याय पालिका और यहां तक चौथे स्तंभ पत्रकारिता को भी कठपुतली बना दिया था। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि जिस संविधान की शपथ लेकर इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी थीं उसी संविधान की आत्मा को कुचलते हुए उन्होंने लोकतंत्र को एक झटके में तानाशाही में बदल दिया और पूरी व्यवस्था को ही कठपुतली बनाकर रखने का षड्यंत्र किया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी फूलचंद यादव ने 11 महीने, ठाकुर प्रसाद ने 9 महीने, शंकर दयाल ने 9 महीने, बजरंगी दादा ने 8 महीने, मुन्नू लाल ने 8 महीने, इंद्रधर द्विवेदी ने 12 महीने जेल की यातनाएं सही थीं। कार्यक्रम में इन सभी के साथ महिला लोकतंत्र उर्मिला यादव व शकुंतला सैनी का भी सम्मान किया गया। इसमें पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभान शंकर दीक्षित, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील तिवारी, मनीष जायसवाल, नवीन सिंह, लोकतंत्र सेनानी, रिटायर्ड फौजी, समाजिक कार्यकता व युवा उपस्थिति रहे। स्वागत वेणु रंजन भदौरिया ने किया।

**कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी,जनपद-उन्नाव।**

पत्रांक :- 85/ई-निविदा सू0/न0पं0फतेहपुर चौरासी/2025-26 दिनांक :- 25 /06/2025

**पुनः ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजनान्तर्गत जारी पत्र संख्याः- 2/2024/39RF-35/001-E-1879023 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनॉक-08 जनवरी, 2025 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी- उन्नाव की सीमान्तर्गत सी0सी0 रोड़ व नाली निर्माण कार्य ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है।

**:- निविदा अपलोड एवं तकनीकी वित्तीय बिड खोलने का विवरण :-**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 25/06/2025 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 26/06/2025 प्रातः 11:00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 16/07/2025 अपरान्ह 1:00 बजे तक |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 16/07/2025 अपरान्ह 2:00 बजे |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी-उन्नाव |

**नोट :-** निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण/नियम व शर्ते वेबसाइट **http://.etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है अथवा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यावधि तक कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी-उन्नाव से सम्पर्क करते हुए प्राप्त कर सकते है।

उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी,
जनपद-उन्नाव

अध्यक्ष
नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी,
उन्नाव

# मेगा ब्लॉक लेकर छमकनाली पुलिया के स्ट्रक्चर शिफ्टिंग का हुआ कार्य

## मिशन रफ्तार के तहत छमकनाली 109 पुलिया का बदला गया स्ट्रक्चर



छमकनाली 109 पुलिया की शिफ्टिंग का होगा कार्य। अमृत विचार



काम के दौरान मौजूद रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

- रेलवे ब्रिज विभाग समेत अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे
- डाउन लाइन का प्रभावित रहा रेल संचालन

**अमृत विचार।** रेलवे के मिशन रफ्तार के तहत कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग स्थित सरैयां क्रासिंग के पास छमकनाली 109 पुलिया का स्ट्रक्चर बुधवार को सफलतापूर्वक बदला गया। इस कार्य के लिए सुबह 10:15 से शाम 6:45 बजे तक कुल आठ घंटे 30 मिनट का मेगा ब्लॉक लिया गया, जिसके दौरान डाउन लाइन पर ट्रेनों का संचालन पूरी तरह प्रभावित रहा।

छमकनाली पुलिया के स्ट्रक्चर को बदलने की तैयारी रेलवे ब्रिज विभाग द्वारा कई दिनों से की जा रही थी। सोमवार और मंगलवार को चार-चार घंटे का ब्लॉक लेकर आवश्यक प्रारंभिक कार्य पूरे किए गए थे। बुधवार को जब मुख्य कार्य होना था, तो रेलवे ब्रिज विभाग के अलावा कई अन्य विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

डीईएन फाइव प्रवेन्द्र कुमार, वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय विकास गोयल, मंडल परिचालन प्रबंधक नरेश, मंडल विद्युत अभियंता निखिल तिवारी समेत अन्य अधिकारी सुबह से ही मौके पर डटे रहे। मेगा ब्लॉक मिलते ही पुरानी पुलिया के पास नई तैयार की गई स्ट्रक्चर को आधुनिक मशीनों, क्रेन और जेसीबी की सहायता से स्लाइडिंग तकनीक से शिफ्ट किया गया। इसके बाद ट्रैक बिछाने का कार्य युद्धस्तर पर किया गया। मेगा ब्लॉक के कारण डाउन लाइन पर रेल संचालन प्रभावित रहा। इस दौरान कानपुर से लखनऊ और अन्य रूट की कई ट्रेनों को रोका गया या फिर रूट डायवर्ट कर चलाया गया। शाम 5:45 बजे के बाद ही सामान्य रेल संचालन शुरू हो सका। यह कार्य रेलवे के संरचनात्मक विकास में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे भविष्य में ट्रेनों की गति और संरक्षा दोनों में सुधार आने की संभावना है। काम पूरी तरह खत्म होने के बाद पहली ट्रेन दरभंगा एक्सप्रेस को गुजारा गया।

### शिफ्टिंग में लगे सौ से अधिक श्रमिक

पुलिया के स्ट्रक्चर को बदलने के कार्य में सुबह से ही एक सैकड़ा से अधिक श्रमिक जुटे रहे। सभी को कार्य की बारीक जिम्मेदारियां दी गई थीं। मेगा ब्लॉक मिलते ही सभी ने तालमेल के साथ शिफ्टिंग का कार्य सम्पन्न कराया।

### ट्रेनें न चलने से यात्री परेशान

ब्लॉक के चलते डाउन लाइन की अधिकांश ट्रेनें कानपुर में ही रोक दी गईं। वहीं, गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेनें न चलने से लोग असमंजस में रहे। यात्रियों को मजबूरन सड़क मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा।

### मुरादाबाद मंडल से निकाली गई शताब्दी

कानपुर से लखनऊ जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को मेगा ब्लॉक के कारण बुधवार को गंगाघाट रेलवे स्टेशन से नहीं गुजरी। उसे मुरादाबाद मंडल से डायवर्ट कर चलाया गया। इसके अलावा आगरा इंटरसिटी को कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रोक दिया गया और कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया। कानपुर से गंगाघाट पहुंची झांसी इंटरसिटी (1109) को ब्लॉक के कारण डाउन लाइन की जगह अप लाइन से उन्नाव की ओर रवाना किया गया। तकनीकी समन्वय से ट्रेनों को व्यवस्थित रूप से नियंत्रित किया गया।

## एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित होकर पलटी कार, पांच लोग घायल



**गंजमुरादाबाद, उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बिहार से वृंदावन जा रही एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें कार सवारों को मामूली चोटें आ गईं। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार सड़क किनारे कर आवागमन बहाल कराया। बिहार प्रांत के जिला छपरा अंतर्गत कस्बा व थाना जनता बाजार निवासी रवि कुमार माझी कार से चार साथियों के साथ बिहार से वृंदावन मथुरा जा रहे थे। तभी बुधवार सुबह करीब 6 बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर अवस्थी खेड़ा गांव के सामने तेज़ रफ़्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और दूसरी ओर जाकर पलट गई। इसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे पांच लोगों को मामूली चोटें आईं।



निरीक्षण के दौरान रजिस्टर का अवलोकन करते अधिकारी। अमृत विचार

### सैनिक कल्याण कार्यालय का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**उन्नाव, अमृत विचार।** मेजर जनरल सलिल सेठ जनरल आफीसर कमान्डिग यूपी मध्य सब एरिया लखनऊ, कर्नल एस राजवेलू व कर्नल महेन्द्र राठौर ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कार्यालय उन्नाव का निरीक्षण किया। कार्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प गुच्छ व पुष्प अर्पित कर शहीद सैनिकों को नमन किया और उनकी आत्मशान्ति हेतु दो मिनट का मौन रखा। इसके बाद पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रितों के हितार्थ भारत सरकार व उप्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को विभिन्न तहसीलों के दूर-दराज गावों में रहने वाले पूर्व सैनिकों व लाभार्थियों तक पहुंचाने के सम्बन्ध में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी से चर्चा की। वहीं, कार्यालय में चल रहे रिपेयर एवं रेनोवेशन के कार्य का निरीक्षण किया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी मधु मिश्रा ने पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं का जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर कराये जा रहे निराकरण की जानकारी दी।

## सार-संक्षेप

### कार्रवाई के बाद भी थम नहीं रहे स्टंट करने के वीडियो

**नवाबगंज, अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र स्थित नवाबगंज टोल प्लाजा पर बुधवार को फिर से बाइक पर स्टंट करने का एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में बिना नंबर प्लेट की बाइक पर एक युवक करतब दिखा रहा है। जिसमें एक गाना बज रहा है। गाने पर स्टंट करते युवकों का वीडियो वायरल हुआ। इससे पहले मंगलवार को भी इसी क्षेत्र में एक बाइक से स्टंट करने का वीडियो सामने आया था। उसमें 21 हजार का चालान काटा गया। नवाबगंज टोल प्लाजा पर पहले भी दो बाइक पर स्टंट करते चार युवकों के विरुद्ध कार्रवाई हो चुकी है। टोल प्लाजा पर सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रहती है। फिर भी ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। इससे स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। पुलिस की मौजूदगी में ऐसे खतरनाक स्टंट कैसे हो रहे हैं। चौकी प्रभारी मुकुल दुबे ने बताया कि स्टंट करने वाले युवकों की पहचान की जा रही है।

### ट्रक चालकों की हड़ताल से गैस आपूर्ति ठप

**शुक्लागंज, उन्नाव।** ट्रक चालकों की हड़ताल के कारण इंडेन गैस सिलेंडर की आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से लोग सिलेंडर लेने के लिये गोदाम पहुंचते हैं लेकिन सिलेंडर न मिलने से मायूस होकर लौट रहे हैं। जानकारी के अनुसार, ट्रक चालकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दो दिन पूर्व हड़ताल शुरू कर दी थी। इसका सीधा असर गैस की आपूर्ति पर पड़ा। रविवार को साप्ताहिक अवकाश के कारण गोदाम बंद रहा, जबकि सोमवार और मंगलवार को उपभोक्ता गोदाम पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि लोड नहीं आया है। बुधवार को भी यही स्थिति रही, जिससे लोगों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा। उपभोक्ताओं ने बताया कि बिना गैस के उनका दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

### आरती स्थल पर तेजी से चल रहा निर्माण कार्य

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा किनारे स्थित आनंद घाट पर प्रस्तावित गंगा आरती स्थल का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। शासन की स्वीकृति के बाद उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की निगरानी में कार्यदायी संस्था ने घाट के पास पाइलिंग कर पिलर कॉलम खड़े करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बुधवार को चौथे पिलर कॉलम के लिए पाइलिंग कार्य किया गया। निर्माण एजेंसी ने अब तक तीन स्थानों पर पाइलिंग पूर्ण कर वहां लोहे की सरिया से वीम कॉलम तैयार कर दिया है। इन कॉलमों में जल्द ही कंक्रीट की ढलाई कर पक्का निर्माण किया जाएगा। चौथे पिलर के लिए बुधवार को गहराई तक खुदाई कर मजबूत नींव के लिए पाइलिंग की गई। गौरतलब है कि आनंद घाट पर वाराणसी की तर्ज पर भव्य आरती स्थल का निर्माण किया जा रहा है। यह स्थल 25 मीटर लंबा और 11 मीटर चौड़ा होगा, जिसकी कुल लागत 1.06 करोड़ है। इसका उद्देश्य गंगा आरती के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देना है।

### 9वीं पुण्यतिथि पर कैलाश को अर्पित किये श्रद्धासुमन

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** जम्मू कश्मीर के पंपोर में आतंकियों की गोली का शिकार हुए शहीद कैलाश कुमार की 9वीं पुण्यतिथि पर जनप्रतिनिधियों व संभ्रांत नागरिकों ने समाधि स्थल पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी ने देश पर जान न्योछावर करने वाले योद्धा को नमन किया। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर के कैलाश यादव जम्मू कश्मीर के पंपोर सेक्टर में आतंकियों की गोली लगने से शहीद हो गए थे। बुधवार को उनके गांव में शहीद की 9वीं पुण्यतिथि पर सपा नेत्री व पूर्व सांसद अन्नू टंडन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रावेंद्र सिंह, चेयरमैन रामजी गुप्ता व सोनू सिंह आदि ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# दुर्घटना में घायल युवक की 18वें दिन मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बाइक सवार दो भाइयों को दूध डेयरी की गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर परिजन बड़े भाई को लेकर निजी हास्पिटल चले गए। जहां मंगलवार को 18वें दिन उसकी मौत हो गई।

टड़ियावां थाने के सेमरौली निवासी 40 वर्षीय लतीफ पेशे से मज़दूर था। 7 जून को वह अपने 25 वर्षीय छोटे भाई लालू के साथ बहन की ससुराल पोखरी कोतवाली देहात गया था। शाम को लौटते समय बेनीगंज कोतवाली के गिरधारी पुरवा के पास सामने से आ रही दूध डेयरी की गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे लतीफ और लालू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए, जिन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां लतीफ को लखनऊ के लिए रेफर किया गया, लेकिन घर वालों ने उसे कैनाल रोड पर एक निजी हास्पिटल पहुंचाया, वहां मंगलवार की रात लतीफ की मौत हो गई। लतीफ के तीन बेटे अतीक, सलमान और पतरिया है, चार भाइयों में एक बड़ा और दो उससे छोट भाई है।

### बेटी के घर आए पिता पर पलटा ऑटो, दबकर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बेटी की ससुराल आया उसका बुज़ुर्ग पिता पैदल बाजार जा रहा था, तभी रास्ते में तेज़ रफ्तार आटो टक्कर मारते हुए उस पर पलट गया। जिससे ऑटो के नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। पिहानी कोतवाली के देहलिया रामपुर निवासी रूपराम (64) अपनी बेटी रामगुनी पत्नी चरन सिंह की ससुराल मंसूरनगर आया था। मंगलवार की शाम रूपराम बेटी के कहने पर वहीं की बाजार करने जा रहा था। उसी बीच रास्ते में सामने से आ रहा ऑटो रूपराम को टक्कर मारते हुए उसी पर पलट गया। उसके नीचे दबकर वृद्ध की मौत हो गई। खेती-बाड़ी करने वाले रूपराम के परिवार में पत्नी केतुका, एक बेटा अजय कुमार और बेटी रामगुनी है। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

## शारदा नहर में डूबे युवक का नहीं लगा सुराग

**हरदोई, अमृत विचार।** दोस्तों के साथ नहाने गया युवक शारदा नहर के तेज़ बहाव के साथ बह गया। उसे ढूंढने के लिए गोताखोरों की आठ टीमें लगी हुई हैं। बुधवार को दूसरे दिन भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। कटिया भिखारीपुर झील तक जाल बिछाया गया है। खबर लिखे जाने तक गोताखोरों के हाथ खाली थे। बताते चलें कि कासिमपुर थाने के रसूलपुर निवासी आशाराम का पुत्र कामता चंडीगढ में काम करता था। वह अपने दोस्तों सनी, राहुल और सलमान के साथ मंगलवार की शाम शारदा नहर में नहाने गया था। जहां अचानक कामता पानी के तेज़ बहाव के साथ बह गया। पुलिस गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश कर रही है।

# शिशु मंदिर में मिलते हैं शिक्षा के साथ संस्कार : दिनेश

संवाददाता, हरदोई, पिहानी



आचार्य सम्मेलन में बोलते मुख्य अतिथि दिनेश कुमार सिंह गौर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को शिशु वाटिका आचार्या सम्मेलन में बाल केंद्रित शिक्षा, सामाजिक परिवेश, संस्कारक्षम वातावरण, गृह कार्य और कक्षा कार्य को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मुख्य अतिथि विद्या भारती सचिव दिनेश कुमार सिंह ने ज़ोर देते हुए 14 ज़िलों से प्रशिक्षण में पहुंची 50 शिशु भारती की आचार्या को संबोधित किया।

कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा व संस्कार दोनों प्राप्त होते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए प्रतिबद्ध है। बच्चों को जैसा संस्कार मिलेगा, उनका व्यक्तित्व निखरेगा। प्रदेश निरीक्षक मिथिलेश सिंह ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर एक ऐसा शैक्षणिक संस्थान है जो शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को एक बेहतर इंसान बनाने के लिए संस्कार भी सिखाता। प्रशिक्षण में भोजनालय की व्यवस्था आचार्य सुरेश, कार्यक्रम के विभिन्न व्यवस्थाओं में समीर बाजपेई, आवासीय व्यवस्था विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अवनीश सिंह, स्वच्छता व्यवस्था अखिलेश, विद्युत व्यवस्था अक्षय, अमृता निशा व साक्षी अतिथियों की व्यवस्था देख रही है। शिशु मंदिर की प्रधानाचार्या बिंदुसिंह नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रदर्शनी में विशेष सहयोग कर रही हैं।

## घर में घुसकर सामान व नकदी ले गए चोर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** महमंद मोहल्ले में चादर और साड़ी बेचकर जीविका चलाने वाले युवक को चोरों ने 80 हजार रुपये की चपत लगा दी और आराम से चलते बने। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। जनपद बागपत के थाना दोहर के ग्राम दहा निवासी शहजाद अपने भाई हाशिम और के साथ शहर में घूम कर साड़ी और चादर बेचता है। और सभी मोहल्ला महमंद में जहीर के मकान में पिछले एक पखवाड़े से किराए पर रह रहे थे। मंगलवार को सभी फेरी लगाने के लिए निकल गए। लौटने पर कमरे में ताला लगा मिला, लेकिन खिड़की खुली थी। कमरे में रखे बैग से 80 हजार रुपए निकाल लिए गए। घटना की तहरीर पीड़ित द्वारा कोतवाली में दी गई।

# 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



पुलिस गिरफ्त में इनामी शातिर चोर।

- पकड़े गए बदमाश के खिलाफ कई थानों में दर्ज हैं 15 मुकदमे

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मौलागंज निवासी पीड़ित के अल्लाहपुर से बाजार जाते समय रास्ता पूछने के बहाने जेब से रुपए छीन लिए जाने के मामले में पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी शातिर चोर को घटना में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जिसे जेल भेज दिया गया।

3 मई को हमीद निवासी मोहल्ला मौलागंज द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी कि अज्ञात लोगों द्वारा रास्ता पूछने के बहाने से वादी की जेब में रखे रुपये चोरी कर लिये गये। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। जांच में सुशील कंजड निवासी ग्राम ओमपुरी कोतवाली देहात को घटना में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार शातिर आरोपी पर जनपद के विभिन्न थानों में 15 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की है।

### सामान सहित चोर गिरफ्तार, जेल गया

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उधरनपुर में हुई चोरी की घटना में पुलिस ने चोरी के सामान सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। 15 मई को मनोज मिश्रा निवासी ग्राम उधरनपुर ने तहरीर दी कि उसकी मिष्ठान की दुकान से चोर ने गैस सिलेण्डर व नगदी चोरी कर ली है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपी रेहान निवासी मोहल्ला नेकोजेई कस्बा शाहाबाद को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से गैस सिलेण्डर, 400 रुपये नगदी बरामद की है। व एक पान मसाला की पुडिया के पैकेट सहित गिरफ्तार



किया गया। इस संबंध में दुर्गेश चन्द्र की तहरीर के आधार पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## दबंगों से खलिहान की भूमि छुड़ाने की मांग

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बघौड़ा के प्रधान मुकेश पाल ने मुख्यमंत्री सहित उच्चधिकारियों को खलिहान की जमीन को दबंगों से कब्जामुक्त कराने की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि गांव की कुछ भूमि खलिहान में दर्ज है। जिस पर गांव के ही कुछ लोग कब्जा करके मकान बना लिए हैं। ग्राम प्रधान ने पुलिस पर दबंगों का साथ देने का आरोप लगाते हुए कहा कि घरों से निकलने वाला गंदा खलिहान में इकट्ठा किया जा रहा है। प्रधान ने मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों से ग्राम समाज की जमीन भूमाफियाओं से कब्जामुक्त कराने की गुहार लगाई है।

### रास्ते को लेकर दो पक्षो में विवाद, चले ईंट-पत्थर

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खसौरा गांव में रास्ते के निकास को लेकर दो पक्षो में इंटा पत्थर चलने का वीडीओ शोसल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो लोगो को हिरासत में लिया है। बताते चलें कि हरपालपुर थाना क्षेत्र के खसौरा गांव में बुधवार की सुबह रास्ते के निकास को लेकर कमलेश पुत्र दलेल सिंह व शिशुपाल के बीच विवाद हो गया और देखते ही देखते दोनो पक्षो में इंटा पत्थर चलने लगे। दोनो पक्षों में ईंट-पत्थर चलने का वीडीओ शोसल मीडिया पर वायरल होने तथा सूचना पर पीआरवी ने गांव पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की तथा कमलेश की तहरीर पर पुलिस ने शिशुपाल व वीरपाल पुत्रगण तोताराम के खिलाफ अभियोग दर्ज कर दोनों को हिरासत में लिया है। सीओ शिल्पा कुमारी ने बताया कि अग्रिम कार्यवाई जारी है।

### घर में घुस कर चोरी करने के आरोपी को दबोचा

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर पुलिस ने घर में घुस कर मोबाइल,कैश और चांदी के गहनै चोरी कर उन्हे राह चलते राहगीरों के हाथ औने-पौने दामों में नगद करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया है,उसके पास से चोरी की साइकिल,मोबाइल और 21 सौ कैश बरामद किए है। कोतवाली शहर पुलिस की टीम ने बुधवार को मुखबिरी के चलते राहुल निवासी खुटेहना थाना सुरसा को गिरफ्तार कर उसके पास से साइकिल, मोबाइल और 2100 कैश बरामद किए है। पुलिस से हुई पूछताछ में राहुल ने बताया कि पिछले साल 17 अक्टूबर को शहर के मोहल्ला सराय थोक पश्चिमी में एक घर में घुस कर वहां से मोबाइल, आठ हज़ार कैश और चांदी के गहने चोरी किए थे। उससे की गई पूछताछ के मुताबिक पुलिस गहराई से छानबीन कर रही है।

**निर्देश** कांवड़ यात्रा, रक्षाबंधन, मोहर्रम आदि त्योहारों को लेकर डीएम व एसपी ने धर्म गुरुओं से किया संवाद, कहा

# ताजिये की ऊंचाई कम रखें, जुलूस तय मार्ग से ही निकालें

संवाददाता, हरदोई



धर्म गुरुओं के साथ बैठक करते डीएम-एसपी।

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने आगामी कांवड़ यात्रा, रक्षाबंधन, मोहर्रम आदि के त्योहारों के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये धर्मगुरुओं से संवाद किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम में ताजिया की ऊंचाई सीमा में रखी जाये। जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाये। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाये। जिन स्थानों पर पूर्व का विवाद का इतिहास रहा है वहां विशेष निगरानी रखी जाये। ढीले व जर्ज़र तारों को ठीक किया जाये। उन्होंने कहा कि कांवड़ व जुलूस के मार्ग के के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर एक बर्न वार्ड बनाया जाये। आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। एम्बुलेंस को सक्रिय रखा जाये। पंचायती राज विभाग को निर्देश दिए कि कर्बला की साफ सफाई करायी जाये। मार्गो व नालियों की साफ सफाई करायी जाये। कांवड़ यात्रा के दौरान घाटों पर व्यापक व्यवस्था की जाये। कांवड़ियों के आवागमन मार्ग में क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत करा ली जाये। जरसेनामऊ के पास गड्ढों को ठीक कराया जाये। लखनऊ चुंगी से नयागांव तक का मार्ग ठीक कराया जाये। घाटों पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। मंदिरों के आसपास पानी की आपूर्ति निर्बाध रखी जाये। आस पास के नल ठीक करा लिए जाएं। मोबाईल टॉयलेट की व्यवस्था की जाये। नगर क्षेत्र में बिना अनुमति कोई भी भंडारा न लगने दी जाये।

### मोहर्रम त्योहार को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली परिसर में मोहर्रम त्यौहार को लेकर थानाध्यक्ष बालेन्द्र मिश्र की अध्यक्षता में ताजियादारों के साथ शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ताजियादारों को शांति व्यवस्था के साथ ताजिया निकालने को लेकर निर्देशित किया गया। बुधवार को मोहर्रम को लेकर ताजियादारों के साथ बैठक में थानाध्यक्ष बालेन्द्र मिश्र ने कहा कि ताजिया ज्यादा ऊँची न निकाले ताकि किसी भी प्रकार समस्या बने, उन्होंने ताजियादारों से ताजिया निकलने के दौरान जल्दबाजी न करने की हिदायत दी। ऐसे में आगे-पीछे करने को लेकर कोई वाद विवाद न पैदा करें। सुरक्षा को लेकर पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात रहेगा।

# आजादी से आज तक पक्के मार्ग को तरस रहा गांव, सदन में उठाया मुद्दा

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** विकासखंड कछौना की ग्राम सभा नारायण देव का मजरा कन्हौआ के लिए कोई संपर्क मार्ग न होने के कारण आजादी से ग्रामीणों के सामने आवागमन की ज्वलंत समस्या बनी हुई है। इस ज्वलंत मुद्दे को सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने विधानसभा में उठाया।

बताते चलें विकासखंड कछौना की ग्राम सभा नारायण देव का ग्राम कन्हौआ है। जिसकी आबादी लगभग 400 है। दलित बाहुल्य ग्राम को पहुंचने के लिए कोई पक्का मार्ग नहीं है। एक तरफ बबुरहा से कन्हौआ तक कच्चा मार्ग है, जिसकी दूरी लगभग एक किलोमीटर है। कन्हौआ के नौनिहालों के सामने विद्यालय आने के लिए काफी परेशानी होती है। अक्सर नौनिहाल रेल की पटरियों पर जान जोखिम में डालकर विद्यालय जाते हैं। यह कच्चा मार्ग होने के कारण गहरे गड्ढों में पानी भरा जाता है। दूसरी तरफ समसपुर से कन्हौआ मार्ग है। जिसके मध्य में बेहता नाला पड़ता है। इस बरसाती नाला में पुलिया न होने से आवागमन बंद रहता है। अक्सर ग्रामीणों के डूबने की घटना प्रकाश में आती है। रेल पटरियों पर से गुजरने के कारण ग्राम बबुरहा का नौनिहाल छात्र कमल पुत्र शिव कुमार की कई वर्ष पूर्व ट्रेन हादसे में मौत हो चुकी है। अक्सर गांव में इमरजेंसी वाहन 112, एंबुलेंस सेवा 108, 102 नहीं पहुंच पाते हैं। जिससे घायलों व गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी होती है। ग्रामीण गोविंद, वीरा सिंह, मोनू कुमार, अखिलेश कुमार, राधा बक्स सिंह, आत्माराम यादव आदि लगातार इस ज्वलंत समस्या के लिए शासन प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं। सरकारी सिस्टम की ग्रामवासी दंश झेल रहे हैं। परंतु ग्राम कन्हौआ के ग्रामीण आजादी से आज तक गांव को संपर्क मार्ग न होने की समस्या को झेलने को विवश हैं।

# भाजपा प्रदेश की बिजली ही नहीं पूरे देश को बेच देगी: अखिलेश

## सपा के दिवंगत सांसद छोटे सिंह यादव की तेरहवीं पर आए अखिलेश यादव

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। सपा के दिवंगत सांसद छोटे सिंह यादव की तेरहवीं पर बुधवार को आए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा भाजपा ने सड़क, बिजली बेच दी। जल्द पूरे देश के संसाधन को सरकार बेच देगी। इटावा में गैर ब्राह्मण भागवताचार्यों की चुटिया काटे जाने के मामले पर भाजपा पर जमकर भड़ास निकाली।



पत्रकारों से वार्ता करते सपा मुखिया अखिलेश यादव — अमृत विचार

शहर के बीवीगंज स्थित गेस्ट हाउस में बुधवार को तेरहवीं के कार्यक्रम में शिरकत करने आए समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान भाजपा के इमरजेंसी कार्यक्रम पर तंज कसा। इटावा में यादव भागवताचार्यों की चुटिया काटे जाने और मारपीट किए जाने के मामले पर कहा कि भाजपा कानून लाए कि कोई भी गैर ब्राह्मण भागवत नहीं करा सकता। उन्होने कहा कि इटावा में भागवत करने वाले की चुटिया काटी गई, मारपीट की गई। आज गैर ब्राह्मण का भागवत करना भी अपराध की श्रेणी में आ गया। यह कौन से ग्रंथ में लिखा है कि पंडित ही भागवत कर सकता है,अन्य जाति का नहीं। यह भाजपा राज्य में हो रहा है।

सपा सुप्रीमो ने वंदे भारत ट्रेन में पानी चूने के प्रश्न पर कहा कि पूरी भाजपा में भ्रष्टाचार, महंगाई का पानी चू रहा है। भाजपा की विचारधारा अंग्रेजों ने बनाई और भाजपा सरकार अंग्रेजों के कानून के अनुसार ही चल रही है। बिजली को निजी हाथों में देने के सवाल पर उन्होंने कहा भाजपा पूरे प्रदेश की बिजली ही नहीं पूरे देश को बेच देगी। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद का टेक्सटाइल्स पार्क चला गया, गंगा एक्सप्रेस वे भी चला गया। भाजपा सरकार ने जिले के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने घोषणा की कि सपा सरकार आने पर पांचाल घाट पर आठ लेन का पुल और आगरा में यमुना पर भी आठ लेन का पुल बनाया जायेगा। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, वरिष्ठ सपा नेता युनुस अंसारी सहित सैकड़ों सपाई मौजूद रहे।

# सोते वक्त किशोरी का अपहरण कर दुराचार

संवाददाता, अयाना (औरैया)

**अमृत विचार**। थाना क्षेत्र के एक गांव में रात में घर के बाहर सो रही किशोरी को एक युवक ने अगवा करने के बाद दुष्कर्म किया।

थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने बुधवार को अयाना थाने में पुलिस को तहरीर दी। उसने बताया कि 23 जून की रात उसकी 15 वर्षीय बेटी घर के बाहर चारपाई डालकर सो रही थी। परिवार के बाकी सदस्य बरामदा में सो रहे थे। रात करीब बजे अपनी बहन की ससुराल आए कानपुर देहात जनपद के सिकंदरा थाना क्षेत्र के मूढ़ादेव गांव निवासी अनिल उसकी बेटी को अगवा कर गांव के बाहर ले गया और बेटी के साथ दुष्कर्म किया। बेटी के विरोध करने पर आरोपी ने धमकी दी।

दुष्कर्म करने के बाद आरोपी बेटी को अपने गांव मूढ़ादेव ले गया। वहां आरोपी ने अपने सूने मकान का ताला तोड़ा और फिर बेटी को वहां बंधक बनाकर दोबारा दुष्कर्म किया। सुबह बेटी के गायब होने पर खोजबीन शुरू की। उधर, रात से गायब आरोपी अनिल की बहन और उसके एक रिश्तेदार ने आशंका के आधार पर छानबीन शुरू की। वे लोग मूढ़ादेव गांव पहुंचे, जहां से बेटी को साथ गांव ले आए। इसके बाद पीड़िता के परिजनों को जानकारी दी। पीड़िता के पिता ने गांव के एक युवक को आरोपी की बहन के घर भेजकर बेटी को बुलवाया। घर आने पर बेटी ने अपनी आपबीती सुनाई। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर अजीतमल सीओ एमपी सिंह, थानाध्यक्ष अजय कुमार ने गांव पहुंचकर पीड़िता और उसके परिजनों से पूछताछ की। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप

### अनोखी ममता... पिल्ले को पाल रहा बंदर



पिल्ले को गोदी में लेकर छत पर बैठा बंदर।

**बिजनौर**। थाना हल्दौर क्षेत्र के गांव पैजनिया में इन दिनों दिल को छू लेने वाला नज़ारा देखने को मिल रहा है। यहां एक बंदर एक पिल्ले की देखभाल कर रहा है बल्कि हमेशा उसे गोद में उठाकर घूमता है। पिल्ले को खुद से दूर नहीं होने देता। गांव के मोहित, लक्ष्मी, राजन, सौरभ और महेंद्र सहित कई लोगों ने बताया कि बंदर बीते कई दिनों से पिल्ले को गोद में लेकर घूम रहा है। घरों की छतों पर तो कभी गलियों में पिल्ले को लिए नजर आता है। बंदर घरों से रोटी या अन्य खाने की चीजें उठा लाता है और पिल्ले को खिलाता है। बंदर के साथ एक मादा बंदर भी है, जो इस पिल्ले को दूध पिलाती है। ग्रामीणों का कहना है कि पिल्ला पूरी तरह बंदरों के साथ घुल मिल गया है। वह भी बंदर की गोद से उतरने की कोशिश नहीं करता। बंदर उसकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखता है। इस अनोखे रिश्ते को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग पैजनिया पहुंच रहे हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से राज मिस्त्री की मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज)**। सामने से तेजी एवं लापरवाही से चले आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। जानकारी पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी कल्लू (34) पुत्र राजेश बाइक पर सवार होकर सुबह करीब 08 :30 बजे अमोलर में रखे अपने राज मिस्त्री के औजार लेकर घर जा रहा था। जैसे ही वह ऊंचा अमोलर मार्ग स्थित ग्राम डंबरपुरवा के समीप पहुंचा उसी समय सामने से तेजी एवं लापरवाही से चले आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे को देख मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल फोन से युवक की पहचान कर उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर विच्छेदन के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेजा है।

### जामुन तोड़ने में टूट गई जिंदगी की सांस

**कुरारा (हमीरपुर)**। थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर ग्राम पंचायत के मजरा सिमरा में जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा युवक डाल सहित नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे फौरन परिजन कस्बे की सीएचसी लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कुरारा क्षेत्र की सिमरा गांव निवासी शिव स्वरूप (45) पुत्र कालीदीन बुधवार की सुबह 8 बजे खेत के पास लगे पेड़ में जामुन तोड़ने के लिए चढ़ा। जैसे ही वह एक डाल पकड़कर जामुन तोड़ने लगा, तभी डाल सहित टूटकर नीचे गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन दौड़ते-भागते खेत पहुंचे और फोरन उसे लेकर कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक के पिता कालीदीन ने बताया कि सुबह 6 बजे तक शिवस्वरूप घर की छवाई करता रहा। इसके बाद करीब 8 बजे घर से खेतों की तरफ निकल गया था। शिवस्वरूप की मौत से एक पुत्र और 6 बेटियों के सिर से पिता का साया छिन गया है। वह पिता के साथ खेती-बाड़ी में हाथ बंटाता था।

### गैंगेस्टर के दोषी को साढ़े छह साल का कारावास

**इटावा**। विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट मधु गुप्ता ने छह साल पुराने एक गैंगेस्टर के मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे साढे.छह साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे दस दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि थानाध्यक्ष ऊसराहार योगेंद्र शर्मा ने गिरोह बनाकर क्षेत्र में लूटपाट डकैती आदि वारदातों को अंजाम देने पर आशीष यादव पुत्र महेश चंद्र निवासी नंदपुर अछल्दा औरैया व उसके साथी शिवम यादव पुत्र कैलाश निवासी 28वीं बटालियान पीएसी के सामने मोहित यादव पुत्र ओम प्रकाश निवासी रूपपुर अछल्दा औरैया व विनय पुत्र आज्ञा राम निवासी पुरवा महासुख अजीतमल औरैया के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की थी। बाद में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने सभी के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। सुनवाई के दौरान आशीष यादव ने अपनी पत्रावली अलग करा ली। मामले की सुनवाई गैंगेस्टर कोर्ट में हुई। जला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने आशीष यादव को दोषी पाया और उसे साढे.छह साल की सजा सुनाई।

# साहिबाबाद में सौर्य ऊर्जा मार्ग का हरित विकास शुरू

संवाददाता गाजियाबाद

**अमृत विचार**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) राज्य की औद्योगिक अधोसंरचना को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए यूपीसीडा द्वारा साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित 6 किलोमीटर लंबे 'सौर्य ऊर्जा मार्ग' के सुंदरीकरण और आधुनिकीकरण हेतु एक महत्त्वाकांक्षी योजना तैयार की गई है।

इस परियोजना के माध्यम से औद्योगिक मार्ग को हरित, सुरक्षित और स्मार्ट शहरी कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा, जो न केवल क्षेत्र की औद्योगिक छवि को निखारेगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों, उद्यमियों व श्रमिकों को एक अत्याधुनिक और बेहतर शहरी अनुभव भी प्रदान करेगा।

योजना के अंतर्गत मार्ग के दोनों ओर हरियाली, प्रतीकात्मक मूर्तियाँ, स्मार्ट सोलर लाइटिंग, फुटपाथ, खाद्य विक्रय (फूड वेंडिंग) क्षेत्र, पर्गोला संरचनाएं, कूड़ेदान तथा सूचनात्मक संकेतक (साइनेज) विकसित किए जाएंगे।

मार्ग के किनारे और सेंट्रल वर्ज पर अमलतास, गुलमोहर, फाइकस जैसे सजावटी वृक्ष लगाए जाएंगे। साथ ही, ड्यूरांटा और वेडेलिया जैसे ग्राउंड कवर पौधे धूल नियंत्रण एवं वायु शुद्धिकरण में मदद करेंगे। ऊर्जा दक्ष एलईडी लाइट्स और सोलर ट्री लगाए जाएंगे, जो कार्बन उत्सर्जन में 85% तक की कमी लाने में सहायक होंगे और रात्रिकालीन सौंदर्य बढ़ाएंगे। दिव्यांगजन-अनुकूल टैक्टाइल पाथवे, विश्राम हेतु बेंच और हर 500 मीटर पर सुंदर पर्गोला संरचनाएं बनाई जाएंगी।

क्षेत्र की औद्योगिक विरासत को दर्शाने वाली थीम आधारित मूर्तियां प्रत्येक 1 किलोमीटर पर स्थापित की जाएंगी।

# पशु बीमा में कम हुआ पशुपालकों का अंश

**लखनऊ**। प्रदेश में नवंबर 2024 से टेंडर प्रक्रिया में फंसी पशुधन बीमा योजना शुरू हो गई है।

उप्र पशुधन विकास परिषद ने योजना पर जोर देते हुए पशुओं का बीमा करना भी शुरू कर दिया है। इस वर्ष 6.76 लाख पशुओं के बीमा करने का लक्ष्य जिलों को आवंटित किया गया है।

राहत की बात यह है कि केंद्र सरकार ने योजना के नियमों में संशोधन किया है। केंद्र ने पशुपालकों का अंश घटाते हुए अपने में बढ़ोतरी की है। नई व्यवस्था के तहत पशुपालकों को प्रीमियम के तौर पर सिर्फ 15 फीसदी ही अंश देना होगा। चाहे सामान्य वर्ग हो या अन्य, सभी से एक समान अंश लिया जाएगा। शेष अंश 51 फीसदी केंद्र और 34 फीसदी राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। इससे पहले हर वर्ग को अधिक और अलग-अलग अंश देय होता था। अब उदाहरण के तौर पर 50 हजार कीमत के पशु पर करीब पांच हजार रुपये प्रीमियम आएगा। इसमें पशुपालकों को 350 रुपये से भी कम देना होगा।

# चंबल में नहा रहे किसान पर मगरमच्छ ने किया हमला, तलाश में जुटी टीम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार**। थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत उदी में एक अधेड़ किसान को चंबल नदी में मगरमच्छ ने अंदर खींच लिया। मौके पर मौजूद तीन चरवाहों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके। जानकारी होने पर प्रशासनिक अमला और रेस्क्यू टीम नदी में अधेड़ की तलाश में जुटी गई। नदी लेकिन खबर लिखे जाने तक किसान का पता नहीं चल सका है।



घटना स्थल पर मौजूद सदर विधायक व एसडीएम। — अमृत विचार

नरेश सिंह पुत्र राजाराम कुशवाहा (55) निवासी ग्राम गढ़िया मुलु सिंह अपने पशुओं को चंबल नदी पर पानी पिलाने ले गये थे। नरेश सिंह भैंसों को पानी पिलाने के बाद स्वयं नदी में नहाने लगे, तभी घात लगाए बैठे मगरमच्छ ने उन पर हमला कर दिया और पानी में खींच ले गया। घटना के समय मौजूद तीन अन्य चरवाहे भी अपने जानवरों को पानी पिला रहे थे। उन्होंने शोर मचाकर नरेश को बचाने की कोशिश की, लेकिन मगरमच्छ पलक झपकते ही किसान को पानी में समेट ले गया और गायब हो गया। चरवाहों ने तत्काल घटना की जानकारी नरेश सिंह के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस एवं वन विभाग को सूचित किया। कुछ ही देर में मौके पर थाना पुलिस, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, तहसीलदार राजकुमार सिंह और वन सेंचुरी के दारोगा ओपी बघेल मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान क्षेत्रीय विधायक सरिता भदौरिया भी मौके पर पहुंचीं और अधिकारियों को तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू करने के निर्देश दिए। जिसके बाद चकरनगर के सहसों क्षेत्र से मोटरबोट मंगाई गई और जिला मुख्यालय से गोताखोरों की टीम बुलाई गई। हालांकि खबर लिखे जाने तक कोई जानकारी हाथ नहीं लगी है। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

# गैरइरादतन हत्या की दोषी पत्नी और प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कोर्ट ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया
- जुर्माना अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास

**अमृत विचार**। विशेष न्यायाधीश आवश्यक वस्तु अधिनियम अंकुर शर्मा ने तीन साल पुराने पति की गैरइरादतन हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए पत्नी व उसके प्रेमी को दोषी पाया। दोनों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मंजू शाक्य ने बताया कि भरथना थाना क्षेत्र के गांव नगला हनुमान रौरा समथर निवासी सुखवीर ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसका भाई कुंअर चंद उर्फ टिल्लू 9 जून 2022 को कहीं दावत खाने के लिए गया था। जब रात को घर लौटकर आया तो उसने देखा कि कमरे में उसकी पत्नी रानी देवी अपने ममेरे भाई श्रीपाल निवासी वीरमपुर थाना ठठिया जिला कनौज के साथ आपत्ति जनक स्थिति में थी। जब उसने इसका विरोध किया तो उसकी पत्नी रानी देवी व श्रीपाल ने उसक साथ मारपीट की। बाद में दोनों ने उसके गले में फंदा डालकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। कुंअर पाल के शोर मचाने पर परिवार मौके पर पहुंचा तो दोनों ने उसे फंदा लगा छोड़ दिया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राइवेट डाक्टर के पास ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गैरइरादतन हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने रानी देवी व उसके प्रेमी श्रीपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छानबीन के बाद पुलिस ने रानी देवी व श्रीपाल के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिया।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश आवश्यक वस्तु अधिनियम कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मंजू शाक्य द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने रानी देवी व श्रीपाल को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर 25- 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

# तंगहाली से परेशान पिता-पुत्र ने लगाई नदी में छलांग

कटरा, गोंडा

- पिता को ग्रामीणों ने बचाया, बेटे की डूब कर मौत
- त्रिमुहानी घाट पर स्थित सरयू नदी में छलांग लगा दी

**अमृत विचार** : गरीबी और बीमारी की दोहरी मार से जूझ रहे एक पिता-पुत्र ने बुधवार को त्रिमुहानी घाट पर स्थित सरयू नदी में छलांग लगा दी। इस हृदय विदारक घटना में जहां बेटे की डूबकर मौत हो गई, वहीं ग्रामीणों की सूझबूझ से पिता की जान बचा ली गई। घटना की जानकारी मिलते ही परसपुर थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों कलवारी गांव के रहने वाले हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील करनैलगंज के थाना कटरा बाजार क्षेत्र अंतर्गत कलवारी गांव निवासी अरविंद गोस्वामी लंबे समय से बीमारी से परेशान थे और आर्थिक स्थिति भी बेहद खराब थी। इन हालातों से तंग आकर उन्होंने अपने बेटे नवनीत गोस्वामी के साथ पसका स्थित त्रिमुहानी घाट पर जाकर नदी में छलांग लगा दी। नदी में छलांग लगाते ही वहां मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए अरविंद को बाहर निकाल लिया और तत्काल परसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन जब तक नवनीत को निकाला जाता, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# देश पर गलत तरीके से आपातकाल थोपा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार**। आपातकाल की 50वीं बरसी पर बुधवार को सफेदाबाद स्थित मेयो इंस्टीट्यूट में भाजपा ने विविध कार्यक्रम आयोजित किये। आपातकाल के दौरान अत्याचार को सहने वाले लोकतंत्र सेनानियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि 50 साल पहले नेहरू-गांधी परिवार के स्वार्थ एवं अहंकार के चलते देश पर अन्यायपूर्ण तरीके से आपातकाल थोपा गया। देश के महापुरुषों एवं राष्ट्रभक्तों को सलाखों के पीछे भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वालों को देश कभी नहीं भूलेगा

उन्होंने कहा कि देशवासियों पर अत्याचार करने वाली कांग्रेस को देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। डिप्टी सीएम मेयो इंस्टीट्यूट में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह दिन उस काले अध्याय की याद दिलाता है जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रेस की आजादी और नागरिक अधिकारों को छीन लिया गया था। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल थोपा। 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि देश पर शासन करने का अधिकार केवल एक परिवार को है। कांग्रेस अब भी नरेंद्र मोदी जैसे साधारण पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अभी तक आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी है।

**पहल** — कानपुर, कन्नौज के डेयरी प्लांट का संचालन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को सौंपा गया

# एनडीडीबी संभालेगा यूपी में दूध, पशु आहार की व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : उप्र. में अब दूध और पशु आहार की व्यवस्थाएं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की देखरेख में होंगी। कानपुर, गोरखपुर, कन्नौज के डेयरी प्लांट और अंबेडकरनगर की पशु आहार निर्माणशाला का संचालन एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) को सौंपा गया है। किसानों की आय बढ़ाने और पशुपालन को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार और एनडीडीबी के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान हुआ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में बुधवार को डेयरी सेक्टर में क्रांतिकारी पहल करते हुए राज्य की 4 प्रमुख इकाइयों की कमान एनडीडीबी को सौंपी गई। इनमें राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) द्वारा संचालित तीन डेयरी प्लांट (कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज) और अंबेडकरनगर स्थित एक पशुआहार निर्माणशाला का संचालन शामिल है। एनडीडीबी को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी दक्षता, पारदर्शिता और व्यावसायिकता के नए मानक स्थापित होंगे, साथ ही दुग्ध उत्पादकों को समयबद्ध भुगतान, बेहतर मूल्य और स्थायी विपणन की सुविधा प्राप्त होगी।

### देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है उप्र. : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने इस मौके पर कहा कि एनडीडीबी जैसे दक्ष एवं अनुभवी संस्थान को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी कुशलता, व्यावसायिक पारदर्शिता और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश की पशुधन संपदा और दुग्ध उत्पादन की विशाल क्षमता को यदि नियोजित और वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जाए तो उत्तर प्रदेश न केवल देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है, बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है।

> जिन तीन डेयरी प्लांट और एक पशु आहार निर्माणशाला के संचालन की जिम्मेदारी एनडीडीबी को सौंपी गई है, वे आने वाले वर्षों में प्रदेश के सबसे लाभकारी और मॉडल इकाइयों के रूप में स्थापित होंगी।
>
> – मीनेश शाह, चेयरमैन एनडीडीबी

### डेयरी प्लांट्स के पूर्व संचालन की बड़ी बाधाएं होंगी दूर

प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास विभाग ने बताया कि कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज के प्लांटों का निर्माण पूरा होने के बावजूद वाणिज्यिक बायर्स के अभाव तथा परिचालन लागत की चुनौतियों के कारण पूर्व में संचालन में बड़ी बाधाएं उत्पन्न हुई थीं। अब इनका संचालन एनडीडीबी के माध्यम से किए जाने से यह इकाइयां पुन: पूरी क्षमता से कार्य करने लगेंगी।

# प्रदेश में मूसलाधार बारिश और वज्रपात का अनुमान

**लखनऊ**। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में मानसून ने तेजी पकड़ ली है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटों में राज्य के अधिकतर हिस्सों में मूसलाधार बारिश और वज्रपात की स्थिति बन सकती है।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अगले तीन दिनों तक प्रदेश में मानसूनी हलचल तेज रहेंगी और बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। बीते दो दिनों से जौनपुर, प्रतापगढ़, कानपुर, सुल्तानपुर, औरैया, हमीरपुर आदि जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्से में 30 जून तक लगातार भारी वर्षा की संभावना जताई है।

# आरएसी सीट पर दोनों यात्री महिला या पुरुष हों

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सूबेदारगंज स्टेशन का नाम प्रयागराज कैंट करने का सुझाव
- शताब्दी और वंदेभारत एक्स. को हाथरस में ठहराव दें

**अमृत विचार**। ट्रेनों में बर्थ नहीं मिलने की स्थित में प्रतीक्षा सूची के कुछ यात्रियों को अक्सर आधी बर्थ पुरुष और आधी सीट महिला को मिल जाती है जिससे दोनों को दिक्कत होती है। आरएसी सीट के दोनों यात्री या तो महिला हों या फिर पुरुष हों।

बुधवार को प्रयागराज में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति की महाप्रबंधक उत्तर मध्य जोन उपेंद्र चंद्र जोशी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें ये मांग की गई। सर्वप्रथम उप महा प्रबंधक/सामान्य रजत पुरवार ने सदस्यों का स्वागत किया। इस बैठक में सांसद हाथरस अनूप प्रधान, सांसद राज्य सभा सीमा द्विवेदी, सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल एवं विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह एवं विधायक राठ मनीषा अनुरागी आदि मौजूद रहे। उप मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक एस के श्रीवास्तव ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सूबेदारगंज स्टेशन का नाम बदलकर प्रयागराज कैंट स्टेशन किए जाने का सुझाव दिया एवं प्रयागराज से पुणे के लिए ट्रेन चलाने की भी मांग की गई।

# पूर्व मंत्री जंग बहादुर के केस में सुनवाई चार को

**सुलतानपुर**। पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह व अन्य के खिलाफ चल रहे 24 वर्ष पहले हत्या के केस में बुधवार को सुनवाई अभियोजन गवाह के न आने से चार जुलाई तक टल गई। जामो थाना क्षेत्र के गौरा पूरे मतऊ निवासी शिव कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था कि 17 अप्रैल 2001 को आरोपी अशोक कुमार और विजय बहादुर पाल उसके घर पहुंचे और भाई राजकुमार को साथ ले गए। रात में दिछौली के पास राजकुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस की विवेचना में पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह और रामविलास की भूमिका हत्या की साजिश रचने में पाई गई। इस दौरान विचारण आरोपी विजय बहादुर पाल की मौत हो गई है।

# युद्धविराम के बाद बाजार में आया उछाल

## पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से सेंसेक्स 700 तो निफ्टी ने 200 अंक की दर्ज की बढ़त

● एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को मिला समर्थन



मुंबई, एजेंसी

ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई और सेंसेक्स 700 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 200 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट टलने की उम्मीद में कच्चे तेल के कीमतों में नरमी देखी गई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक चढ़कर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 760.8 अंक चढ़कर 82,815.91 अंक पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 200.40 अंक चढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भारतीय शेयर बाजारों में मजबूती आई। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से पूंजी निकासी जारी रखी है लेकिन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार की गति को बनाए रखने में मदद मिल रही है। घरेलू स्तर पर मानसूनी बारिश अनुकूल रहने के पूर्वानुमान और खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से भी आशावाद को बल मिल रहा है।

### स्मालकैप-मिडकैप ने भी बढ़ोत्तरी

व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक ने 1.59 प्रतिशत की छलांग लगाई, जबकि मिडकैप में 0.63 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में प्रौद्योगिकी खंड ने 1.69 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की जबकि आईटी खंड में 1.68 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 1.42 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज ब्रोकिंग ने शेयर बाजार पर जारी एक टिप्पणी में कहा कि मानक सूचकांक ने लगातार दूसरे दिन अपनी तेजी बरकरार रखी। ईरान-इजराइल संघर्ष खत्म होने से भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदें जगी हैं और निवेशक धारणा को बल मिला है।

### सूचीबद्ध 2821 कंपनियों के शेयरों में रही तेजी

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,821 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही जबकि 1,207 शेयर गिरकर बंद हुए और 134 अन्य अपरिवर्तित रहे। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.21 प्रतिशत बढ़कर 67.95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में खासी तेजी देखी गई थी। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 5,266.01 करोड़ के शेयरों की बिकवाली की। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,209.60 करोड़ के शेयर खरीदे।

# भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न आंकड़े भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में बुधवार को यह बात कही गई।

आरबीआई के जून बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक वाले लेख में कहा गया कि व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि के दोहरे झटके के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था उथल-पुथल की स्थिति में है। इसमें कहा गया, बढ़ी हुई वैश्विक अनिश्चितता की इस स्थिति में मई, 2025 के लिए विभिन्न उच्च आवृत्ति संकेतक भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। लेख में कहा गया कि 2024-25 के दौरान कृषि में अधिकतर प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक वृद्धि देखी गई है। साथ ही, घरेलू मूल्य स्थिति भी अनुकूल बनी हुई है। मई में लगातार चौथे महीने कुल मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही।

'कुल मुद्रास्फीति' में ऊर्जा और खाद्य वस्तुओं का मूल्य प्रभाव शामिल होता है। इसमें कहा गया कि वित्तीय परिस्थितियां भी ब्याज दरों में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बुलेटिन में प्रकाशित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

**आरबीआई बुलेटिन में किया गया खुलासा**

### कॉल मनी के लिए बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि तात्कालिक वित्तीय जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाले कर्ज यानी 'कॉल मनी' का बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ाकर शाम 7 बजे तक कर दिया जाएगा। जब कोई बैंक अचानक नकदी की जरूरत आने पर किसी दूसरे बैंक से बहुत कम समय (अमूमन एक दिन) के लिए उधार लेता है तो उसे 'कॉल मनी' कहते हैं। आरबीआई ने यह फैसला राधा श्याम राठो की अध्यक्षता में गठित कार्यसमूह की सिफारिशों के आधार पर किया है। यह समूह विनियमित वित्तीय बाजारों के व्यापार एवं निपटान के समय की व्यापक समीक्षा करने के लिए बनाया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा, अब कॉल मनी का संशोधित बाजार समय सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक होगा। साथ ही मार्केट रेपो और त्रिपक्षीय रेपो (टीआरईपी) के कारोबारी घंटे भी एक अगस्त, 2025 से शाम चार बजे तक बढ़ा दिए जाएंगे। संशोधित कारोबारी घंटे सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होंगे।

# आगरा में बनेगा 111.5 करोड़ में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी



● केंद्र सरकार ने दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आगरा में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके लिए 111.5 करोड़ का वित्तीय समर्थन दिया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस निवेश का मुख्य उद्देश्य आलू तथा शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन में सुधार करके खाद्य तथा पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और रोजगार सृजन को बढ़ाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस फैसले से आलू उत्पादकों को लाभ होगा।

### गौतमबुद्ध नगर में 417 करोड़ में स्थापित होगा इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर

**लखनऊ, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में केन्द्र सरकार ने 417 करोड़ रूपये की लागत से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी 2.0) की स्थापना को स्वीकृति दे दी है। इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण और नवाचार को बढ़ावा देना है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को इस परियोजना की समीक्षा की। परियोजना के क्रियान्वयन में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वीकृत ईएमसी 2.0 परियोजना को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) द्वारा विकसित किया जाएगा। यह क्लस्टर 200 एकड़ में फैला होगा और इसमें 2,500 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है और 15,000 रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

## वित्तीय प्रौद्योगिकी में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता देशों में भारत शामिल

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डबल्यूईएफ) के अध्ययन में वित्तीय प्रौद्योगिकी के लिहाज से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों की सूची में अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भारत को भी शामिल किया गया हे। चीन के तियानजिन में आयोजित न्यू चैंपियंस की वार्षिक बैठक में जारी विश्व आर्थिक मंच के अध्ययन में कहा गया कि लाभप्रदता और समावेशन में मजबूती के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की वृद्धि स्थिर हो रही है। इनमें ब्रिटेन, भारत, अमेरिका, सिंगापुर, ब्राजील और इंडोनेशिया हैं।

# देश जल्द बनेगा 5000 अबर डॉलर की अर्थव्यवस्था

कोलकाता, एजेंसी



● केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रहा देश

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद भारत 2027 तक पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और यह सब सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व के कारण संभव हो पाया है।

'मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित ऑनलाइन सत्र में गोयल ने सरकार के दशक भर के आर्थिक सुधारों को वृद्धिशील के बजाय परिवर्तनकारी करार दिया। गोयल ने मंगलवार को कहा कि हम अगले तीन वर्ष में पांच हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह 2047 तक 'विकसित भारत' बनने के सफर में हमारी पहली उपलब्धि होगा। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर मंत्री ने कहा कि भारत को एकता और दृढ़ संकल्प के साथ अशांत माहौल में आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शांत स्थिति मे नहीं बनती। यह भारत का समय है। हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए और दुनिया के अग्रणी देशों के बीच अपना उचित स्थान पाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। गोयल ने सरकार के वृद्धि मॉडल को समावेशी, टिकाऊ और ईमानदार विकास पर केंद्रित बताया जिसमें सेवा, सुशासन और नवाचार पर जोर दिया गया है। उन्होंने नागरिक कल्याण के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। साथ ही ईरान तथा यूक्रेन जैसे वैश्विक संघर्ष क्षेत्रों में सरकार के निकासी प्रयासों का भी उल्लेख किया।

राष्ट्रीय

**एक नजर**

### बम की धमकी पर पालघर का स्कूल कराया खाली

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के निजी स्कूल को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया। मीरा-भायंदर वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस के अधिकारी ने बताया कि बम की धमकी अफवाह निकली क्योंकि नालासोपारा स्थित स्कूल के परिसर में जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### अमरनाथ यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**श्रीनगर।** कश्मीर पुलिस प्रमुख वीके बिरदी ने बुधवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा सुरक्षित और निर्बाध रूप से संपन्न हो, इसके लिए बहुस्तरीय और गहन सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) ने अनंतनाग में बताया, अगले सप्ताह से श्री अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है। जम्मू कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने यात्रा के लिए सभी सुरक्षा प्रबंध कर लिए हैं।

### 7 करोड़ की धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 7.14 करोड़ निवेश के धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी को तीन साल बाद उत्तराखंड से गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को पुलिस उपायुक्त (आर्थिक अपराध शाखा) पराग मनेरे ने बताया कि आरोपी अजय उसारे (38) ने अपने साथियों के साथ मिलकर ठाणे के वागले एस्टेट इलाके में विदेशी मुद्रा कारोबार कंपनी खोली और भोले-भाले निवेशकों को चपत लगाई। मनेरे के अनुसार, उसारे को गिरफ्तार किए जाने के साथ अब तक इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# आपातकाल की यादें जीवित रखनी होंगी : शाह

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम को केंद्रीय गृहमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि आपातकाल की यादों को जीवित रखा जाना चाहिए ताकि देश पर तानाशाही विचार न थोप सके। शाह ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए कार्यक्रम में कहा कि जब बात सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन की होती है, तो ऐसे घटनाक्रमों को याद रखा जाना चाहिए, ताकि युवा अन्याय के खिलाफ जागरूक और तैयार रह सकें।




नई दिल्ली में 'संविधान हत्या दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

शाह ने कहा कि देश 50 साल पहले आज के दिन घोषित आपातकाल के दौरान कांग्रेस द्वारा किए अन्याय और अत्याचारों को कभी नहीं भूलेगा और इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का सही निर्णय लिया है। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया था। शाह ने एक पुस्तक 'द इमरजेंसी डायरीजः इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर' का विमोचन किया, जो आपातकाल के दौरान युवा नरेन्द्र मोदी के साथ काम कर चुके सहयोगियों के व्यक्तिगत अनुभवों और अन्य संग्रहित दस्तावेजों पर आधारित है। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा,

### निरंकुश शासक ने परिवारवादी शासन को बनाए रखने के लिए आपातकाल लगाया

अमित शाह ने कहा कि 50 साल पहले एक निरंकुश शासक द्वारा लगाया गया आपातकाल जिसका उद्देश्य अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखना था, इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक था। शाह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस और केवल एक व्यक्ति की अलोकतांत्रिक मानसिकता का प्रतिबिंब था। गृह मंत्री ने एक्स पर कहा, यह दिवस बताता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था। प्रेस की स्वतंत्रता कुचली गई, न्यायपालिका के हाथ बांधे गए और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाला गया। शाह ने कहा, देशवासियों ने सिंहासन खाली करो का शंखनाद किया और तानाशाह कांग्रेस को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

# पिछले 11 साल से देश में लगा है अघोषित आपातकालः खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



● कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विफलता छिपाने को संविधान हत्या दिवस मनाने का नाटक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमले को लेकर उन पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि पिछले 11 साल से देश में अघोषित आपातकाल है तथा भाजपा मोदी सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का नाटक कर रही है।

उन्होंने महाराष्ट्र विस चुनाव का हवाला देते हुए दावा किया कि निर्वाचन आयोग मोदी सरकार की कठपुतली बन गया है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण ही आज संविधान संकट में है। खरगे ने कहा, जिनका देश की आजादी के आंदोलन और संविधान निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। जो संविधान के खिलाफ बात करते रहे, वे आज तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, जिस संविधान को बाबा साहेब आंबेडकर, जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी और संविधान सभा ने तैयार किया था, उसे भी आरएसएस ने रामलीला मैदान में जलाया था। यही नहीं, आरएसएस ने बाबा साहेब आंबेडकर, नेहरू और गांधी का पुतला भी जलाया था।

# दिल्ली के रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार की मौत, तीन घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

● रोहिणी के रिठाला इलाके की पांच मंजिला इमारत की आग बुझाने पहूंची दमकल की 16 गाड़ियां

दिल्ली में रोहिणी के रिठाला इलाके में रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। दमकल विभाग ने बुधवार को बताया कि आग मंगलवार को रोहिणी सेक्टर-5 में पांच मंजिला इमारत में लगी, जिसे बुझाने के लिए दमकल की 16 गाड़ियों को भेजा गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि घटना रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास परिसर में होने की सूचना मिली थी। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और जांच जारी है। मलबे में दबे लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। पुलिस ने अब तक आग में झुलसे चार लोगों के शव बरामद किए हैं। तीन घायल लोगों को बाबा साहब अम्बेडकर (बीएसए) अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी पहचान नितिन बंसल (31), राकेश (30) और विरेंद्र (25) के रूप में हुई है। नितिन और राकेश राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेज दिया गया।

**आपदा प्रबंधन**



एसडीआरएफ की टीम ने बहादुरी दिखाते हुए बुधवार को तवी नदी में अचानक आई बाढ़ के बीच फंसे व्यक्ति को सुरक्षित निकाला। भारी बारिश के चलते नदी का जलस्तर तेज़ी से बढ़ गया था। एजेसी

# मेघालय पुलिस ने इंदौर में नाले से देसी तमंचा किया बरामद

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

**शिलांग।** राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच कर रही मेघालय पुलिस की विशेष जांच टीम ने बुधवार को इंदौर के पलासिया इलाके में एक नाले से देसी तमंचा बरामद किया। पूर्वी खासी पर्वतीय जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक सिम ने बताया, हमने इंदौर में नदी से देशी तमंचा और दो मैगजीन बरामद की हैं। इससे पहले इंदौर में एक कार में रखे बक्से से 50,000 नकद मिले थे। इंदौर में पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हथियार को अन्य सामान के साथ इंदौर के उस फ्लैट से गायब किए जाने का संदेह है, जिसमें सोनम वारदात को अंजाम देने के बाद कई दिन तक रुकी थी। सोनम, उसके प्रेमी राज कुशवाह और उसके दोस्तों विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को व्यापारी की हत्या की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# रिहाई में देरी पर जेल अफसरों को सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी



● राज्य सरकार को निर्देश, पीड़ित को दें पांच लाख रुपये मुआवजा

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण रोधी कानून के तहत दर्ज मामले में 29 अप्रैल को जमानत पाने वाले आरोपी को रिहा करने में देरी के लिए बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेल अधिकारियों को फटकार लगाई और सरकार को उसे पांच लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन व एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि स्वतंत्रता संविधान के तहत प्रदत्त बहुत मूल्यवान अधिकार है और व्यक्ति ने अकारण 28 दिनों के लिए अपनी स्वतंत्रता खो दी। आरोपी को 29 अप्रैल को जमानत मिली थी और 27 मई को गाजियाबाद की निचली अदालत ने रिहाई दी थी। बुधवार को शीर्ष अदालत को बताया गया कि व्यक्ति को 24 जून को जिला जेल से रिहा किया गया। पीठ ने इस आधार पर रिहाई में देरी पर आपत्ति जताई कि आदेश में अधिनियम के एक प्रावधान की उपधारा का उल्लेख नहीं किया गया था।

### नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव को 3 माह का फरलो

सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव यादव को बुधवार को तीन महीने का फरलो दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन ने कहा कि यादव ने बिना किसी छूट के 20 साल जेल की सजा काटी है। शीर्ष न्यायालय ने निर्देश दिया कि यादव को सात दिन में निचली अदालत में पेश किया जाए और उसे फरलो दिए जाने से पहले निचली अदालत उस पर उचित शर्तें लगाए। फरलो का मतलब जेल से अस्थायी रिहाई है, न कि सजा का निलंबन या छूट।

### वकीलों को तलब करने की अनुमति न्याय के लिए खतरा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुवक्किलों को सलाह देने के लिए वकीलों को पुलिस या जांच एजेंसियों द्वारा तलब करने की अनुमति देना न्याय की स्वतंत्रता के लिए प्रत्यक्ष खतरा है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कानूनी पेशा न्याय प्रशासन की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। जांच एजेंसियों/पुलिस को पक्षकारों को सलाह देने वाले बचाव पक्ष के वकील या अधिवक्ताओं को तलब करने की अनुमति देना कानूनी पेशे की स्वायत्तता को गंभीर रूप से कमजोर करेगा और न्याय प्रशासन की स्वतंत्रता के लिए भी प्रत्यक्ष खतरा पैदा करेगा। पीठ ने मामले में कुछ प्रश्न भी खड़े किये।

## रथ यात्रा : पुरी की निगरानी करेंगे एआई कैमरे और एनएसजी

**पुरी।** समुद्र तटीय तीर्थ नगरी पुरी में 27 जून को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए 10 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। बुधवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, निगरानी के लिए विभिन्न स्थानों पर 250 से अधिक एआई युक्त कैमरे लगाए गए हैं और आसपास के मकानों की छत पर एनएसजी के निशानेबाजों की तैनाती भी की गई है। श्रद्धालुओं को संभालने तथा खुद को तैयार करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों ने रिहर्सल में भाग लिया।

# उपचुनावों के इंडेक्स कार्ड 72 घंटे में जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि उसने हाल में हुए विस उपचुनाव के लिए इंडेक्स कार्ड अपने नए डिजिटल मंच की मदद से 72 घंटे में जारी कर दिए। इंडेक्स कार्ड गैर-वैधानिक, चुनाव-पश्चात सांख्यिकीय रिपोर्टिंग होती है जो विभिन्न हितधारकों को मतदान संबंधी रुझान समझने में मदद करती है।

ईसी ने कहा कि उसने केरल, गुजरात, पंजाब और प. बंगाल में पांच विस क्षेत्रों के लिए 19 जून को हुए उपचुनाव के दौरान नए डिजिटल मंच ईसीआईएनईटी का संचालन शुरू किया। नतीजे 23 जून को घोषित हुए। सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली उपचुनाव के दौरान अनुमानित मतदान प्रतिशत के रुझान पर समय पर अद्यतन जानकारी देने में सक्षम थी। नयी प्रणाली के तहत, इंडेक्स कार्ड में अधिकांश डेटा ईसीआईएनईटी इनपुट का उपयोग करके स्वतः भरे जाते हैं।

### ईसी पांच और राज्यों में मतदाता सूची की करेगा समीक्षा

**नई दिल्ली।** बिहार के बाद, निर्वाचन आयोग इस वर्ष के अंत तक उन पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा करेगा जहां 2026 में चुनाव होने हैं। अंततः, निर्वाचन आयोग देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करेगा, ताकि मतदाता सूचियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन किया जा सके। गहन समीक्षा के तहत, चुनाव अधिकारी त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विस का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है और इन राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा वर्ष के अंत तक शुरू हो जाएगी। हालांकि, चूंकि बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने वहां तत्काल विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है।



# शार्दुल के स्थान पर कुलदीप को मिल सकती है जगह

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया है, लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी, लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय हैं। विशेषज्ञों ने श्रृंखला के पहले मैच में कुलदीप यादव को शामिल करने की मांग की थी और अब बर्मिंघम में स्पिनरों की मदद करने वाली पिच पर शार्दुल की जगह उन्हें शामिल किए जाने की संभावना है।

**पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर** ने 'जियोस्टार' से कहा, कुलदीप यादव को वापस आना होगा। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शार्दुल ठाकुर को बाहर जाना होगा। उन्होंने कहा यह एक बदलाव है जो भारत को करना होगा। जहां तक नीतीश कुमार रेड्डी का सवाल है तो मैंने पहले टेस्ट के लिए उनका समर्थन इस आधार पर किया था कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। मांजरेकर ने कहा लेकिन वह पर्याप्त विकल्प प्रदान नहीं करता है। वह टीम में चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका में पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाएगा इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को कड़ा फैसला लेना होगा। हमें यहां की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ आक्रमण के साथ करना होगा और इसके लिए मैं एक तेज गेंदबाज कम रखूंगा और कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करूंगा। उसे खेलना ही होगा। हेडिंग्ले में इंग्लैंड के 371 रन के रिकार्ड लक्ष्य का पीछा करने के बाद गंभीर से शार्दुल के कम उपयोग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस मामले में कप्तान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कप्तान कभी-कभी अपनी अंतरात्मा की सोच के अनुसार काम करता है और जडेजा ने पहली पारी में हमें नियंत्रण ( रन गति को कम कर) दिया था। इससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी करा सकते थे। उन्होंने कहा हम जानते हैं कि शार्दुल का कौशल क्या है और इसलिए वह भारत के लिए खेल रहे हैं। वह चौथे तेज गेंदबाज हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें स्पिनर से पहले गेंदबाजी का मौका दिया जाना चाहिए। एक कप्तान अपनी सोच के अनुसार फैसले लेता है और यह फैसला काफी हद तक पिच की स्थिति पर आधारित होता है। गेंदबाजी विभाग में किसी और बदलाव की संभावना कम है क्योंकि पहले और दूसरे टेस्ट मैच के बीच एक सप्ताह का अंतराल है और ऐसे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अंतिम एकादश में बने रहने की उम्मीद है। अर्शदीप सिंह के फिर से बाहर बैठने की संभावना है क्योंकि टीम प्रबंधन प्रसिद्ध को और मौका देना चाहेगा।

### चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं

पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने 'पीटीआई' से कहा कुलदीप को टीम में होना चाहिए। चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं है। शार्दुल या प्रसिद्ध में से कोई भी उनके लिए जगह बना सकता है। इंग्लैंड में टीमें अकसर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरते रहीं हैं लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रविंद्र जडेजा दोनों अंतिम एकादश में जगह बना सकते हैं। जडेजा की गेंदबाजी पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि वह स्पिनरों की मददगार पांचवें दिन की पिच पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके।



शार्दुल ठाकुर। ● एजेंसी



कुलदीप यादव।

# हमें कैच छोड़ना महंगा पड़ा : शुभमन गिल

**लीड्स, एजेंसी**

भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमारे पास टेस्ट जीतने का मौका था, लेकिन कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टेस्ट मैच शानदार रहा। हम इंग्लैंड की टीम को 430 रनों का लक्ष्य देने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हमने 31 रन जोड़कर अपने आखिरी पांच विकेट गवां दिये। उन्होंने कहा कि आज भी, मुझे लगा कि पहले विकेट के बाद हमारे पास मौके थे। हमने पहली पारी में खराब प्रदर्शन के बारे में बात की, हमें आगे बढ़ते हुए इसमें सुधार करना होगा। इस तरह के विकेट पर मौके आसानी से नहीं मिलते, लेकिन हमारी टीम युवा है, टीम में सीखने का जज्बा है। उम्मीद है कि इसमें सुधार होगा।



शुभमन गिल।

### गिल की मैदान पर आभा प्रभावशाली नहीं : हुसैन

**लीड्स, एजेंसी :** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में पांच विकेट से शिकस्त मिलने के बाद भारत के नये कप्तान शुभमन गिल की रणनीति की आलोचना के बीच पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि ' मैदान पर उनमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसा आभा नहीं दिखी'। रोहित शर्मा के बाद कप्तान के रूप में अपने पहले टेस्ट में गिल को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और हुसैन ने कहा कि यह युवा खिलाड़ी कप्तान के तौर पर 'सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा' था। हुसैन ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा मैंने देखा कि कोई तरीका ढूंढने की कोशिश कर रहा था। उसके (गिल) पास मैदान पर रोहित और (विराट कोहली) जैसी आभा नहीं दिखी। मुझे लगा कि वह सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा था।



यशस्वी जायसवाल से मैच के दौरान बेन डकेट का महत्वपूर्ण कैच छूट गया। इसके साथ ही मैच जीतने का सुनहरा अवसर भी छूट गया। ● एजेंसी

# हर्षित राणा को भारतीय टीम से रिलीज किया गया

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गये पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कवर के तौर पर शामिल किए गए युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम प्रबंधन ने बुधवार को रिलीज (टीम से अलग करना) कर दिया। राणा ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो टेस्ट मैच खेले थे।

वह इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा थे लेकिन कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाए। उन्होंने 27 ओवर में 99 रन देकर सिर्फ एक विकेट लिया। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर 'पीटीआई' को बताया, हर्षित राणा को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह दो जुलाई से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम के साथ बर्मिंघम नहीं आये हैं। दिल्ली के 23 साल के हर्षित को मुख्य कोच गौतम गंभीर का शिष्य माना जाता है। वह गेंद को पिच पर पूरी ताकत के साथ टप्पा खिलाने के लिए जाने जाते है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में पर्थ के मैदान पर अपनी ऑफ कटर गेंद से ट्रेविस हेड को चकमा देकर सुर्खियां बटोरी थी। समय के साथ हालांकि यह स्पष्ट हो गया है कि शीर्ष स्तर पर लाल गेंद के मैचों को खेलने के लिए उन्हें अपनी गेंदबाजी में और सुधार करना होगा। इंग्लैंड की परिस्थितियों में मुकेश कुमार और अंशुल कंबोज को हर्षित से बेहतर गेंदबाज माना जा रहा है लेकिन इन दोनों की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के इस गेंदबाज को तरजीह मिलने पर सवाल भी उठे थे। गंभीर ने मंगलवार को पहले टेस्ट मैच में भारत की हार के बाद कहा था हर्षित राणा को लेकर मैं चयन समिति के अध्यक्ष से चर्चा करूंगा। कुछ छोटी-मोटी परेशानियों के कारण उन्हें रोका गया था। अब सब कुछ ठीक है। मैं चर्चा करूंगा और फिर हम उस पर निर्णय लेंगे।

## एक नजर

### भारत के नौ वर्षीय खिलाड़ी ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली :** दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। हाल ही में अंडर–नौ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उपविजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा। आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर–10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' का खिताब जीत लिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस मोके नीमन और कार्लसन दोनों ने 9 .5 अंक हासिल किए, लेकिन नीमन ने टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया।

### भारतीय निशानेबाजी लीग के लिए 400 से अधिक पंजीकरण

**नई दिल्ली :** आगामी भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में भाग लेने के लिए अभी तक दुनिया भर के 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं। पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल होंगी।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

**बर्लिन :** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2–1 से हरा दिया। आज यहां खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के टोबी मैलन ने दूसरे हाफ में 40वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। इसके बाद भारत के रोहित ने (45वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1–1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत के अजीत यादव ने (52वें) मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले हाफ में दोनों टीमें के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ।

## पंत टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर

**दुबई :** भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए।

पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं। एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड की जीत के दौरान 62 और 149 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने बेन डकेट पांच स्थान की छलांग के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के टीम के साथियों ओली पोप (तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर) और जेमी स्मिथ (आठ स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं जबकि टीम के उनके साथी हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं। पहले टेस्ट में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में तीन स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

International Cricket Council

# कमजोर गेंदबाजी पर गंभीर ने कहा, हमें उन्हें समय देना होगा

**लीड्स, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के दौरान भारतीय आक्रमण की अनुभवहीनता खुलकर उजागर हो गई, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम के अधिकतर तेज गेंदबाज अभी अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं। उन्हें कुछ और समय देने की जरूरत है। इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली नहीं दिखा।

मेजबान टीम ने मंगलवार को मैच के पांचवें और अंतिम दिन 371 रन का लक्ष्य बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की लाइन और लेंथ में निरंतरता का अभाव दिखा। गंभीर में भारत की पांच विकेट से हार के बाद संवाददाताओं से कहा हमें उन्हें समय देना होगा। पहले हमारी टीम में चार तेज गेंदबाज होते थे, जिन्हें 40 से अधिक टेस्ट मैचों का अनुभव था। एकदिवसीय या टी20 मैचों में इसका इतना बड़ा प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन जब आप टेस्ट मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका का दौरा करते हैं तो अनुभव काफी मायने रखता है।

उन्होंने कहा उनके करियर के अभी शुरुआती दिन हैं। अगर हम प्रत्येक टेस्ट मैच के बाद अपने गेंदबाजों का मूल्यांकन करना शुरू कर देंगे, तो हम अच्छा गेंदबाजी आक्रमण कैसे तैयार कर पाएंगे। बुमराह और सिराज के अलावा हमारे पास तेज गेंदबाजी में उतना अनुभव नहीं है, लेकिन उनमें (अन्य में) गुणवत्ता है और यही वजह है कि वे इस भारतीय टीम में हैं। गंभीर ने कहा लेकिन हमें उनका समर्थन करते रहना होगा, क्योंकि यह एक दौरे की बात नहीं है। यह एक मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण तैयार करने से जुड़ा है, जो टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय तक भारत की सेवा कर सके। भारतीय टीम में शामिल अन्य तेज गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह ने अभी तक कोई टेस्ट नहीं खेला है जबकि हर्षित राणा ने केवल दो मैच खेले हैं। प्रसिद्ध ने मैच में पांच विकेट लिए लेकिन उन्होंने काफी रन भी लुटाए।

गंभीर को हालांकि लगता है कि प्रसिद्ध में एक बहुत अच्छा टेस्ट गेंदबाज बनने के सभी गुण मौजूद हैं। उन्होंने शार्दुल ठाकुर का भी बचाव किया, जिन्होंने पहली पारी में केवल छह और पूरे मैच में 16 ओवर ही फेंके। गंभीर ने कहा कप्तान परिस्थितियों के अनुसार फैसला करता है। रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में हमें संतुलन प्रदान किया जिससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों में अदला बदली कर सकते थे।



● **मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय कमजोर आक्रमण पर गेंदबाजों का लिया पक्ष**

### बल्लेबाज के तौर पर खेल को नया रूप दे रहे हैं पंत : ग्रेग चैपल

**मुंबई :** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज और भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चैपल ने ऋषभ पंत के लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक के बाद कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज 'बल्लेबाज के तौर पर खेल को नया रूप दे रहा है'। पंत ने पहले टेस्ट में 134 (178 गेंद, 12 चौके, छह छक्के) और 118 रन (140 गेंद, 15 चौके, तीन छक्के) की पारियां खेली और इस दौरान कुछ रिकॉर्ड भी बनाए। चैपल ने कहा कि भारत के टेस्ट उप कप्तान पंत ऐसे शॉट खेल रहे हैं जो 'एमसीसी प्लेइंग मैनुअल' में भी नहीं हैं। जब मैंने पहली बार उसे देखा तो उसने मुझे एडम गिलक्रिस्ट की याद दिला दी। जब एक विकेटकीपर उस स्तर पर बल्लेबाजी कर सकता है और तेजी से रन बना सकता है तो यह टीम के लिए कितना बड़ा अंतर पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा खूबसूरती यह है कि ऋषभ बहुत तेजी से रन बनाता है जिससे आपको क्रिकेट मैच जीतने का समय मिल जाता है। उसका प्रदर्शन शानदार था। उसने जो शॉट खेले उनमें से कुछ एमसीसी की खेल नियमावली में नहीं थे। चैपल ने कहावह एक बल्लेबाज के रूप में खेल को नया रूप दे रहा है। आधुनिक तकनीक के साथ बल्ले बहुत अलग हैं और आप ऐसे शॉट खेल सकते हैं जो पुराने जमाने में संभव नहीं थे।

### पहले टेस्ट में हार के बावजूद बुमराह को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं

**लीड्स :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम प्रबंधन पहले टेस्ट में हार के बावजूद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीन से अधिक टेस्ट मैच खेलने के लिए नहीं कहेगा। बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज थे जिन्होंने हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने लगातार चुनौती पेश की। बुमराह अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे हैं और यही वजह है कि उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत टीम प्रबंधन ने उन्हें पांच में से तीन टेस्ट मैचों में खिलाने का फैसला किया था। चार मैच शेष रहने के बावजूद यह योजना नहीं बदली है। गंभीर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा नहीं, हम अपनी योजना में कोई बदलाव नहीं करेंगे। हमारे लिए उनके कार्यभार का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे काफी क्रिकेट खेलना है और हम जानते हैं वह क्या कर सकते हैं। श्रृंखला शुरू होने से पहले ही तय कर दिया गया था कि वह तीन टेस्ट मैच खेलेंगे।

# वह दिन जिसने भारतीय क्रिकेट में कामयाबी की नींव रखी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो '83' वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने 'यश पाजी' को याद नहीं किया हो।

कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आये थे। उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी। टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है, मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिए तैयार हूं।

भारतीय टीम ने जब रवि शास्त्री के कोच रहते बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती या रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष बने या कीर्ति आजाद ने लोकसभा चुनाव जीता, इस ग्रुप पर चर्चा का दौर चला है। गावस्कर ने कहा हम लगभग हर रोज संपर्क में रहते हैं और आज तो बिल्कुल ही। विजय माल्या के यूबी समूह ने 2008 में विश्व कप जीत की 25वीं सालगिरह पर लार्डर्स पर टीम के सभी सदस्यों के लिये समारोह का आयोजन किया था। फिर 2023 में अडाणी समूह ने 40वीं सालगिरह पर सदस्यों को सम्मानित किया। इस बार गावस्कर और शास्त्री एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए अपनी मीडिया व्यस्तताओं के कारण बाहर हैं और दिलीप वेंगसरकर भी देश में नहीं है तो जश्न नहीं हो सका।

गावस्कर ने कहा हमने इस साल भी जश्न का सोचा था लेकिन सीरीज चालू होने के कारण स्थगित करना पड़ा। भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक सौरव गांगुली ने हाल ही में पीटीआई के एक पॉडकास्ट में कहा था 1983 बहुत बड़ी बात थी। कपिल देव, संधू, मदन लाल, रोजर बिन्नी, संदीप पाटिल को लॉर्डर्स पर देखना बहुत बड़ी बात थी।

विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य अलग अलग शहरों में रहते हैं। शास्त्री और गावस्कर शीर्ष कमेंटेटर हैं। नील वाल्सन उत्तर भारत के हिल स्टेशन पर रहते हैं जबकि मदन लाल की सिरी फोर्ट में अकादमी है।

### विश्व कप जीत के 42 साल



### बीबीसी कर्मचारियों के हड़ताल के कारण वीडियो उपलब्ध नहीं

कपिल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ जब 175 रन की नाबाद पारी खेली थी तब बीबीसी कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से उसकी कोई वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है। मशहूर पत्रकार गुलू इजेकील ने हालांकि अपनी किताब ' मिथ बस्टर्स' में लिखा कि 18 जून 1983 को बीबीसी ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड और पाकिस्तान तथा लॉर्डर्स पर वेस्टइंडीज और आस्ट्रेलिया के मैच का प्रसारण किया था। बीबीसी को भारत और जिम्बाब्वे का मैच उतना महत्वपूर्ण नहीं लगा। टनब्रिज वेल्स पर वह पहला और आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच था लेकिन यह मैदान भारतीय क्रिकेटप्रेमियों के लिये किसी तीर्थ से कम नहीं है। स्टेडियम के आसपास रहने वालों के पास कपिल देव की एक न एक कहानी जरूर है। एक ब्रिटिश नागरिक ने इस संवाददाता को बताया था कि उसने जिस मकान मालिक से घर खरीदा था , उसकी एक खिड़की कपिल के छक्के से टूटी थी।

### लता मंगेशकर बीसीसीआई के लिए जुटाया था धनराशि

भारत के विश्व कप जीतने के बाद आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे बीसीसीआई ने लता मंगेशकर से धनराशि जुटाने के लिए एक कन्सर्ट करने का अनुरोध किया। इससे मिली रकम से बीसीसीआई ने टीम के हर सदस्य को दो लाख रुपये दिए थे। बदले में लता जी को भारतीय टीम के मैचों के दो वीआईपी टिकट मिलते रहे।

## 'मैं अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं'

**ओस्ट्रावा :** भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। चोपड़ा ने 85.29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता। उन्होंने कहा मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था। मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा।



## अमरनाथ यात्रा



अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने वाली है, देश भर से श्रद्धालुओं और साधु-संतों ने जम्मू पहुंचना शुरू कर दिया है। यात्रा शुरू होने तक यहां साधु-संत राम मंदिर बेस कैंप में ठहरे हुए हैं। बुधवार को साधुओं के नारों की वजह से यहां अलग ही माहौल नजर आया। अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। एजेंसी

# अंतरिक्ष यात्राओं की उपलब्धियां
# जब मंगल पर रहेगा मानव



अंतरिक्ष यात्राओं का इतिहास रोमांचक और जोखिम भरा रहा है। अंतरिक्ष यात्राओं से बेहद महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियां हासिल हुई हैं तो नाकामियां भी मिली हैं। ऐतिहासिक सफलताओं ने भविष्य की अपार संभावनाओं के द्वार खोले हैं। एक तरह से कहा जाए तो अंतरिक्ष यात्राएं मानव की तकनीकी प्रगति के साथ विज्ञान और वैश्विक सहयोग का भी प्रतीक हैं।

**संभावनाओं भरा इतिहास**

इनमें जोखिम जरूर रहे हैं लेकिन इन यात्राओं से मिली सीखों ने अंतरिक्ष विज्ञान को नई ऊंचाइयों तक भी पहुंचाया है। भविष्य में चंद्रमा और मंगल ग्रह पर मानव बस्तियों की कल्पना भी धीरे-धीरे वास्तविकता की ओर बढ़ने लगी है। भारत दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल है जो अंतरिक्ष विज्ञान की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उसके कई सफल अंतरिक्ष अभियानों ने दुनिया को अचरज में भी डाला है।

### अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत और प्रगति

अंतरिक्ष यात्रा का प्रारंभिक युग सन् 1950 से 1970 तक माना जा सकता है। सन् 1957 में सोवियत संघ ने स्पुतनिक-1 लॉन्च किया था जो पहला कृत्रिम उपग्रह था। सन् 1961 में यूरी गागरिन अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले इंसान थे। इसके बाद सन् 1969 में अपोलो 11 मिशन के तहत अमेरिका के नील आर्मस्ट्रॉन्ग और बज एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरने वाले पहले इंसान बने।सन् 1970 से सोवियत संघ और अमेरिका के बीच स्पेस रेस शुरू हुई जो 1990 तक चरम पर पहुंच गई। इसी दौरान पहले मीर और उसके बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जैसे स्पेस स्टेशनों की शुरुआत हुई। सन् 1975 में भारत ने भी अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लांच किया। वर्ष 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने।

### नई तकनीक और निजीकरण

सन् 1990 से 2020 के बीच हबल टेलिस्कोप से ब्रह्मांड में झांकने की शुरुआत हुई। 1998 में आईएसएस कई देशों की साक्षा परियोजना था जो अब भी कार्यरत है। इसी बीच स्पेस एक्स और ब्लू ओरिजिन जैसी निजी कंपनियां आईं।

### प्रमुख सफलता

- नासा का चंद्रमा अभियान अपोलो शृंखला
- स्पेस एक्स का फाल्कन 9 और रियुजेबल रॉकेट्स- 1
- इसरो का मंगलयान।
- चीन का चांग मिशन, टियांगॉन्ग एसएस।

### असफलता

- नासा के 1986 में चैलेंजर और 2003 कोलंबिया स्पेस शटल हादसे में सभी अंतरिक्ष यात्री मारे गए।
- यूएस का नाडेज्दा मिशन कई बार असफल मानव रहित प्रयास रहा।
- 2019 में चंद्रयान-2 लैंडर विक्रम चांद पर लैंडिंग में विफल हुआ।

### भविष्य की योजनाएं

**नासा**

- आर्टिमिस मिशन : 2025 तक फिर चंद्रमा पर इंसान भेजने की योजना।
- मार्स मिशन : 2030 के दशक में मानव को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना।

**इसरो**

- गगनयान : 2025 तक भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन।
- चंद्रयान-3 : चांद की सफल सॉफ्ट लैंडिंग 2023 में पूरी हुई।
- शुक्रयान : भविष्य में शुक्र ग्रह के अध्ययन का मिशन।

**स्पेस एक्स और निजी क्षेत्र**

- स्टारशिप : इंटरप्लैनेटरी ट्रैवल के लिए डिज़ाइन किया गया।
- मार्स कोलोनाइजेशन : एलन मस्क की दीर्घकालिक योजना।
- अंतरिक्ष पर्यटन : अब धीरे-धीरे आम लोगों के लिए खुल रहा है।

## एक नजर

### थाईलैंड के प्रौद्योगिकी तंत्र को बेहतर बनाएगा भारत

**बैंकाक।** भारतीय प्रौद्योगिकीविद् इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री की बैंकॉक यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित एक समझौते के तहत प्रौद्योगिकी तंत्र को बेहतर बनाने में थाईलैंड की मदद करेंगे। डिजिटल अर्थव्यवस्था और सोसाइटी मंत्रालय के स्थायी सचिव प्रोफेसर विसित विसितसोरा-एटी ने कहा, हम फिलहाल दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी समझौते पर आगे बढ़ने के तरीके पर चर्चा कर रहे हैं, जिसके तहत भारत की मदद से थाईलैंड में प्रौद्योगिकी पेशेवरों को कुशल बनाया जाएगा।

### कोलंबिया में भूस्खलन में आठ लोगों की मौत

**बोगोटा।** उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में एंटिओक्विया विभाग के बेलो नगरपालिका में मंगलवार को भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। मेयर लोरेना गोंजालेज ने कहा, सुबह करीब 3 :25 बजे ग्रैनिज़ल सेक्टर में भूस्खलन हुआ। अब तक हमने आठ लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ला नेग्रा धारा के ज्यादा प्रवाह से शुरू हुए भूस्खलन ने एल पिनार पड़ोस के 10 घरों को प्रभावित किया। एंटिओक्विया के गवर्नर एंड्रेस जूलियन ने कहा कि आपातकाल का निपटने के लिए विभाग के सभी संसाधन जुटाए गए हैं। बचाव दल लापता लोगों की तलाश जारी रखे हुए हैं।

### जिनपिंग ब्रिक्स सम्मेलन में नहीं होंगे शामिल

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्राजील में छह-सात जुलाई को होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री ली कियांग कर सकते हैं। राष्ट्रपति जिनपिंग ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले 17वें शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। चीन के शीर्ष नेता एक वर्ष से भी कम समय में ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा से दो बार मिल चुके हैं।

### विस्फोटक फटने से सात इजराइली सैनिकों की मौत

**यरुशलम।** दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में मंगलवार को एक इजराइली बख्तरबंद वाहन में लगे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से इजराइल के सात सैनिकों की मौत हो गयी। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में अब तक इजराइल के 860 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। सेना ने बताया कि खान यूनिस इलाके में ही गोलीबारी में मंगलवार को एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरा तबाह नहीं

## अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की नई रिपोर्ट, पर ईरान ने कहा- हमारे ठिकानों पर भारी नुकसान

**वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी**

अमेरिका की एक नई खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह तबाह नहीं हुआ है, जैसा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है। रक्षा खुफिया एजेंसी की ओर से सोमवार को जारी यह रिपोर्ट ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों की स्थिति को लेकर ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों के विपरीत है। हालांकि खुद ईरान ने कहा है कि अमेरिकी हमले में उसके परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचा है।

शुरुआती आकलन से अवगत दो व्यक्तियों ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर बताया कि रिपोर्ट में पता चला है कि ईरान के फोर्दो, नतांज और इस्फहान परमाणु स्थलों पर शनिवार को हुए हमलों से अच्छा खासा नुकसान हुआ है, लेकिन वे पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के हमलों से पहले ही ईरान के अत्यंत संवर्धित यूरेनियम के एक हिस्से को दूसरी जगहों पर स्थानांतरित कर दिया गया था। फोर्दो में बहुत अंदर स्थित यूरेनियम संवर्धन संयंत्र का प्रवेश भाग ढह गया है और अवसंरचना को भी नुकसान हुआ है, लेकिन भूमिगत ढांचा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है।

मंगलवार को सीएनएन ने इस आकलन के बारे में सबसे पहले खबर दी लेकिन व्हाइट हाउस ने इसे गलत बताकर खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने एक बयान में कहा, इस आकलन को उजागर करना राष्ट्रपति ट्रंप को नीचा दिखाने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के लिए एक बेहतरीन मिशन को अंजाम देने वाले बहादुर लड़ाकू पायलटों को बदनाम करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि जब आप 30,000 पाउंड के 14 बम लक्ष्य पर सटीक रूप से गिराते हैं तो क्या होता है: संपूर्ण विनाश। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि हमलों के कारण ईरान में परमाणु स्थल पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं और ईरान कभी अपने परमाणु प्रतिष्ठानों का पुनर्निर्माण नहीं कर पाएगा।

उधर, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बुधवार को पुष्टि की कि अमेरिकी हमलों से देश के परमाणु प्रतिष्ठान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 'अल जजीरा' से बात करते हुए बाघेई ने यह टिप्पणी की, हालांकि उन्होंने विस्तार से बताने से इनकार कर दिया। बाघेई ने स्वीकार किया कि रविवार को अमेरिकी बी-2 बमवर्षकों द्वारा बंकर-बस्टर बम गिराए जाने से काफी नुकसान हुआ है।



तेहरान में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन।

### इजराइल के लिए जासूसी के आरोप में तीन और को फांसी

**दुबई।** ईरान ने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में बुधवार को तीन और कैदियों को फांसी दे दी। ईरान की सरकारी इरना समाचार एजेंसी ने खबर में ईरान की न्यायपालिका का हवाला देते हुए कहा कि इन व्यक्तियों पर देश में हथियार लाने का आरोप था। ईरान ने इजराइल के साथ अपने युद्ध के दौरान कई लोगों को फांसी की सजा दी है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने आशंका जताई है कि संघर्ष समाप्त होने के बाद कई और लोगों को फांसी पर लटकाया जा सकता है।

### अमेरिका-ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह वार्ता करेंगे

**द हेग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह बातचीत करेंगे, जिससे इजराइल और तेहरान के बीच हालिया संघर्ष के कारण बाधित हुई वार्ता बहाल होगी। नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान प्रेस वार्ता में ट्रंप ने कहा, मैं आपको बता दूं कि हम अगले सप्ताह ईरान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं। हम किसी समझौते पर हस्ताक्षर भी कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने में कोई खास दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है।

### ट्रंप के खिलाफ पेश महाभियोग प्रस्ताव खारिज

**वाशिंगटन।** संसदीय मंजूरी के बगैर ईरान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप पर महाभियोग चलाने के प्रयासों के खिलाफ अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। इस संबंध में पेश प्रस्ताव के विरोध में 344 और पक्ष में 79 वोट पड़े। टेक्सास से डेमोक्रेटिक सांसद एल ग्रीन ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसपर उनकी पार्टी में ही विभाजन हो गया। ग्रीन ने मतदान से पहले कहा, मैं ऐसा इसलिए कर रहा हूं क्योंकि किसी भी व्यक्ति को अमेरिकी संसद से परामर्श किए बिना 30 करोड़ लोगों को युद्ध में झोंकने का अधिकार नहीं होनी चाहिए। मैं समझता हूं कि या तो संविधान सार्थक साबित होगा या निरर्थक बन जाएगा। ट्रंप पर महाभियोग की यह पहली कोशिश नहीं है, लेकिन यह दिखाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सदस्य विशेष रूप से ईरान के परमाणु केंद्रों पर अचानक हमले के बाद से उनके प्रशासन से असहज हैं, जो पश्चिम एशिया के मामलों में एक जोखिम भरा हस्तक्षेप है।

# साइबर धोखाधड़ी: गुजरात महाराष्ट्र में ईडी के छापे

- ऋण धोखाधड़ी में एनसीआर, पंजाब में भी छापेमारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साइबर अपराध से जुड़े 100 करोड़ रुपये से अधिक के धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र में छापेमारी की। इन साइबर अपराधियों पर 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराध करने और विदेश में 100 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्थानांतरित करने का आरोप है।

एजेंसी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने पीएमएलए के तहत गुजरात के सूरत और अहमदाबाद तथा मुंबई में यह छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन का यह मामला 2024 में मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, बासम डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई, माज अब्दुल रहीम नाडा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ गुजरात पुलिस की एक प्राथमिकी से सामने आया है। उन्होंने कहा कि आरोप है कि साइबर अपराधी विभिन्न साइबर धोखाधड़ी जैसे कि नकली यूएसडीटी ट्रेडिंग (क्रिप्टो मुद्रा), डिजिटल अरेस्ट, कानून प्रवर्तन एजेंसियों आदि के नकली नोटिस भेजकर लोगों को धमकी देने जैसी साइबर धोखाधड़ी करते थे।

### कर्नाटकः इंजीनियरिंग सीट से जुड़े घोटाले में छापे

**बेंगलुरु।** ईडी ने कुछ निजी कॉलेजों में इंजीनियरिंग सीट ब्लॉकिंग घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को शहर में कई स्थानों पर छापे मारे। कुल 18 परिसरों पर छापे मारे गए, जिनमें बीएमएस कॉलेज, आकाश इंस्टीट्यूट और न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बीएमएस के ट्रस्टियों और उनके मुख्य सहयोगियों, कुछ शिक्षा सलाहकारों और एजेंटों के ठिकाने शामिल हैं।

ईडी ने इसके अलावा दिल्ली में पंजीकृत दिवालिया कंपनी के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ 989 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में बुधवार को एनसीआर और पंजाब में कई जगहों पर छापेमारी की। ऑटोमोबाइल और टेलीकॉम क्षेत्र के लिए बिजली के तार और केबल का डिजाइन एवं निर्माण करने वाली दिल्ली स्थित शिल्पी केबल्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं कंपनी के खिलाफ 2017 में दिवालिया की कार्रवाई शुरू की गई थी।

# बांग्लादेश: हसीना के बचाव को नियुक्त वकील हटाया

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के अपराध न्यायाधिकरण ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बचाव के लिए सरकार द्वारा नियुक्त उस अधिवक्ता को हटा दिया है जिन्होंने पहले उन्हें फांसी देने की मांग की थी।

बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) हसीना के खिलाफ मुकदमा चला रही है। हसीना की करीब 16 साल पुरानी सरकार पिछले साल पांच अगस्त को छात्रों के एक आंदोलन के बाद गिर गई थी। बांग्लादेश के अधिकारियों के अनुसार आईसीटी-बीडी ने हसीना के लिए बचाव पक्ष के वकील के तौर पर नियुक्त अमीनुल गनी टीटू को कार्यमुक्त कर दिया है।

एक दिन पहले ही न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री के बचाव के लिए उनकी नियुक्ति की थी। हसीना पर जुलाई से अगस्त 2024 के दौरान देश में नरसंहार का आरोप है। न्यायाधिकरण ने संबंधित घटनाक्रम में आमिर हुसैन को हसीना तथा उनकी कैबिनेट में गृह मंत्री रहे असदुज्जमां खान कमाल के लिए बचाव पक्ष का वकील नियुक्त किया। टीटू ने पिछले साल फेसबुक पर एक टिप्पणी की थी जिस पर हाल में मीडिया में विवाद उठा।



- अपराध न्यायाधिकरण चला रहा है हसीना पर मुकदमा

# भारतीय पायलट अभिनंदन को पकड़ने वाला पाकिस्तानी सैन्य अफसर मारा गया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के विशेष सेवा समूह का एक अधिकारी तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारा गया, जिसने 2019 में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भारतीय वायुसेना के पायलट अभिनंदन वर्धमान को पकड़ने का दावा किया था।

- अफगानिस्तान की सीमा के पास तालिबानी उग्रवादियों से मुठभेड़ में हुई मौत

सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के बयान के अनुसार, 37 वर्षीय मेजर सैयद मुईज अब्बास शाह मंगलवार को अफगानिस्तान की सीमा के पास दक्षिण वजीरिस्तान के सरारोगा इलाके में तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारे गए। बयान में कहा गया कि 27 वर्षीय लांस नायक जिब्रानउल्ला की भी इस हमले में मौत हो गई। इसमें कहा गया कि सेना के जवानों ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 11 आतंकवादियों को मार गिराया और सात अन्य घायल हो गए। मुईज के जनाजे की नमाज रावलपिंडी के चकलाला गैरीसन में पढ़ी गई और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी इसमें शामिल हुए।

# कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद मची तबाही

## तीन लोग लापता, कई घर, स्कूल, सड़कें और पुलों को पहुंचा भारी नुकसान

**शिमला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बुधवार को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में तीन लोग बह गए तथा कई घर, एक स्कूल भवन, संपर्क सड़कें और छोटे पुल क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कुल्लू जिले के सैंज में जीवा नाला और रेहला बिहाल तथा गड़सा क्षेत्र के शिलागढ़ में बादल फटने की तीन घटनाएं हुईं।

अधिकारियों ने बताया कि रेहला बिहाल में अपने घरों से सामान निकालने की कोशिश कर रहे तीन लोग बाढ़ में बह गए और लापता हैं। कुल्लू के अतिरिक्त जिला आयुक्त (एडीसी) अश्विनी कुमार ने बताया कि जिले के मनाली और बंजार में भी अचानक बाढ़ आ गई। टीम मौके पर मौजूद है और तलाश अभियान जारी है।

मणिकरण घाटी में ब्रह्म गंगा नाले में अचानक बाढ़ आने की भी सूचना मिली है। पानी का स्तर कई घरों तक पहुंच गया है और अगर यह जल्दी कम नहीं हुआ तो इससे नुकसान हो सकता है। कुल्लू में कई जगहों पर भारी बाढ़ के कई वीडियो में तबाही के निशान दिखे हैं। एक वीडियो में एक वाहन कीचड़ भरे पानी में बहता हुआ दिखाई दे रहा है।

बंजार के विधायक सुरिंदर शौरी ने कहा, सुबह से भारी बारिश हो रही है और मुझे कई कॉल आए हैं कि बारिश के कारण सैंज, तीर्थन और गड़सा में नुकसान हुआ है। मैंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करने को कहा है क्योंकि लोग परेशान हैं। ब्यास और सतलुज नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इसके अलावा, लाहौल और स्पीति पुलिस ने कहा कि काजा से समदोह तक सड़क भूस्खलन, मलबा गिरने और नालों के उफान पर होने के कारण कई स्थानों पर अवरूद्ध हो गई है।



कुल्लू में बादल फटने के बाद ब्रह्म गंगा नाले में बाढ़ आ गई जिसने आबादी में भारी नुकसान पहुंचाया।

# गाजा में इजराइली हमलों से 70 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा, एजेंसी**

गाजा पट्टी में मंगलवार को इजरायली गोलीबारी और हवाई हमलों में कम से कम 70 फिलिस्तीनी मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के उत्तर में शाकौश क्षेत्र में एक अमेरिकी समर्थित सहायता वितरण केंद्र के पास जुटे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के एक चिकित्सा स्रोत ने बताया कि शाकौश में हुई इस गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। सूत्र ने कहा,सुरक्षा स्थितियों और क्षेत्र की दूरस्थता के कारण घायलों को पास के फील्ड अस्पतालों में ले जाने के लिए जानवरों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। इस बीच एक अन्य घटना में इजरायली सेना ने पर वाडी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन स्ट्रीट पर खाद्यान्न लेने एकत्र हुए फिलिस्तीनियों को निशाना बनाया। मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात में अल-अवदा अस्पताल ने कहा कि उसे 19 शव और 146 घायल व्यक्ति मिले हैं।



गाजा में खाने के पैकेट ले जाते लोग।

- सहायता वितरण केंद्र से राशन और खाने के पैकेट ले जा रहे लोगों पर की गोलीबारी

# अनुदान कटौती के ट्रंप प्रशासन के फैसले के खिलाफ मुकदमा

**बोस्टन।** अमेरिका में 20 से अधिक राज्यों और वाशिंगटन डीसी के अटॉर्नी जनरलों ने ट्रंप प्रशासन की ओर से अनुदान में अरबों डॉलर की कटौती को चुनौती देते हुए संघीय अदालत में एक वाद दायर किया। मुकदमे में न्यायाधीश से ट्रंप प्रशासन को अनुदान में कटौती करने से रोकने का अनुरोध किया गया है।

मुकदमे में कहा गया है कि प्रशासन ने जनवरी से संघीय नियमन की एक अस्पष्ट धारा का उपयोग करके विभिन्न कार्यक्रमों और हजारों अनुदानों को रद्द किया है, जो पहले राज्यों व अनुदान प्राप्तकर्ताओं को प्रदान किए गए थे। वादियों ने तर्क दिया कि, बदली प्राथमिकताओं को आधार बनाकर अनुदान समाप्त करने के लिए धारा का इस्तेमाल करने का निर्णय गैरकानूनी है।

**शिखर सम्मेलन** | सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को किया रेखांकित

# ट्रंप के दबाव में नाटो सदस्य रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमत

## बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को किया गया दरकिनार

**द हेग, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के बाद नाटो नेताओं ने बुधवार को रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमति व्यक्त की तथा हमला होने पर एक-दूसरे की सहायता करने की अपनी 'दृढ़ प्रतिबद्धता' दोहराई। हालांकि रक्षा खर्च बढ़ाने पर सहमति के लिए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को दरकिनार कर दिया गया।

शिखर सम्मेलन के एक वक्तव्य में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल 32 नेताओं ने कहा, सहयोगी देश अपने व्यक्तिगत और सामूहिक दायित्वों को सुनिश्चित करने के लिए 2035 तक मुख्य रक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी व्यय पर प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेताओं ने नाटो की सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया कि एक देश पर हमला सभी पर हमला है। शिखर सम्मेलन से पहले, ट्रंप ने अमेरिका द्वारा अपने सहयोगियों की रक्षा को लेकर फिर से संदेह जताया था।

रक्षा खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि पर सहमति के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की दरकिनार दिखाई दिए। वर्ष 2022 से रूस के साथ युद्ध में उलझा यूक्रेन हमेशा नाटो शिखर सम्मेलन में चर्चा के केंद्र में रहा है, लेकिन जब गठबंधन के नेताओं की वार्षिक बैठक हेग में शुरू हुई, तो वोलोदिमीर जेलेंस्की कमरे में नहीं थे।

इसके बजाय, जेलेंस्की ने शिखर सम्मेलन स्थल पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित नेताओं के साथ आमने-सामने की बैठकों की एक शृंखला निर्धारित की। इस वर्ष के शुरू में अमेरिका में ओवल ऑफिस में ट्रंप और जेलेंस्की की झड़प हुई थी। ट्रंप ने सम्मेलन में शामिल होने से पहले संवाददाताओं से कहा, ठीक है, हम स्पष्ट बातों पर चर्चा करेंगे।




शिखर सम्मेलन में नाटो महासचिव मार्क रूट के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप।

### जापान और अमेरिका में तनाव के संकेत उभरे

**तोक्यो।** जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिया है : जापान-अमेरिका संबंध बहुत गंभीर स्थिति में हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह इस सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अचानक नाम वापस ले लिया। जापानी मीडिया के मुताबिक, इशिबा ने अपनी यात्रा इसलिए रद्द की क्योंकि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की उम्मीद नहीं थी और इंडो-पैसिफिक फोर (आईपी4) साझेदार की बैठक भी शायद नहीं होती। इशिबा के इस बैठक में शामिल नहीं होने से यह भी पता चलता है कि वाशिंगटन द्वारा जापान पर भारी शुल्क लगाने के बाद जापान ट्रंप प्रशासन के साथ अपने संबंधों को किस तरह देखता है।